मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 13

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 40.0° | अधिक. 42.0° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 30.5° |

## 262 अभ्यर्थियों को आज मुख्यमंत्री सौंपेंगे नियुक्ति पत्र


- राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर सरकार का जोर
- स्वास्थ्य मंत्री ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया

**नवीन मेल संवाददाता**

### स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की कमी दूर करने और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग में लगभग 11 हजार अतिरिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी झारखंड स्वास्थ्य विभाग में चयनित हुए 262 अभ्यर्थियों के बीच बुधवार को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर शामिल हैं। इस संबंध में प्रोजेक्ट भवन सभागार में सुबह 11 बजे नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह सशक्त और व्यवस्थित नहीं हो जाती, तब तक वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के साथ स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



## दृष्टिपात

### खेत की जुताई के दौरान जमीन से निकला पुराना बम



**चाईबासा।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को खेत की जुताई के दौरान जमीन के भीतर दबा एक संदिग्ध पुराना बम मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। बरामद वस्तु की प्रकृति और उसकी क्षमता का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों की सहायता से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, स्थानीय किसान विजय हेंब्रम के खेत में ट्रैक्टर चालक शिवचरण जुताई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर का हल जमीन के भीतर किसी कठोर वस्तु से टकरा गया। शुरुआत में इसे सामान्य पत्थर समझा गया, लेकिन नजदीक जाकर देखने पर मिट्टी में दबा बम जैसा संदिग्ध विस्फोटक दिखाई दिया। इसके बाद खेत में काम कर रहे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। संभावित खतरे को देखते हुए जुताई का कार्य तत्काल रोक दिया गया। किसान और ट्रैक्टर चालक ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मनोहरपुर थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमित खाखा के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र को घेर लिया गया और लोगों की आवाजाही पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई। पुलिस ने संदिग्ध विस्फोटक को सुरक्षित कब्जे में लेकर उसकी जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## आज कल




## 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन पद्मभूषण से सम्मानित

- रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से ग्रहण किया सम्मान
- समारोह में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी रहीं मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता और जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दों पर आजीवन सघर्ष करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को मंगलवार की शाम को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों यह सम्मान ग्रहण किया।

व्हीलचेयर पर समारोह में पहुंचीं रूपी सोरेन के सम्मान में राष्ट्रपति स्वयं मंच से उतरकर उनके पास गईं और पद्म भूषण प्रदान किया। इस भावुक क्षण ने समारोह में मौजूद लोगों को भी भावुक कर दिया। मौके पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं।

शिबू सोरेन का नाम झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक इतिहास में एक ऐसे नायक के रूप में दर्ज है, जिन्होंने आदिवासी अस्मिता, जल-जंगल-जमीन के अधिकार और पृथक झारखंड राज्य की मांग को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। इसी कारण उन्हें सम्मानपूर्वक 'दिशोम गुरु' और 'गुरुजी' के नाम से जाना जाता है।

'धानकटनी आंदोलन' के जरिए उन्होंने आदिवासी किसानों को उनकी जमीन वापस दिलाने की मुहिम चलाई। इसी दौरान टुंडी क्षेत्र में उन्होंने रात्रि पाठशालाओं का संचालन किया, जहां लोगों को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया जाता था। यहीं से लोग उन्हें 'गुरुजी' कहने लगे। वर्ष 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के गठन के साथ उन्होंने पृथक झारखंड राज्य की लड़ाई को संगठित राजनीतिक दिशा दी। अगले लगभग तीन दशकों तक वे इस आंदोलन का सबसे प्रमुख चेहरा बने रहे।   अंततः 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य बना, जिसे उनके लंबे संघर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जाता है।

शेष पेज 15 पर...



### महाजनी प्रथा के खिलाफ किया था आंदोलन

शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को तत्कालीन बिहार के रामगढ़ (अब झारखंड) जिले के नेमरा गांव में हुआ था। उनके पिता सोबरन सोरेन महाजनी शोषण के खिलाफ आवाज उठाते थे। इसी संघर्ष के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। पिता की मौत ने युवा शिबू सोरेन के मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा, और यहीं से उनके जीवन का रास्ता तय हो गया। 70 के दशक में उन्होंने संथाल परगना और उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में महाजनी प्रथा, भूमि हड़पने और आदिवासियों के शोषण के खिलाफ आंदोलन शुरू किया।

## एसआईआर में किसी पात्र नागरिक का नाम नहीं कटेगा : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, लंबित तथा गैर-भारतीय श्रेणी के मतदाताओं के नाम ही प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को संथाल परगना प्रमंडल के दो दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने देवघर जिले के मधुपुर तथा दुमका जिले के जरमुंडी प्रखंड में आयोजित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था का जायजा लेने के साथ बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनकी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। के. रवि कुमार ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व के गहन पुनरीक्षण वाली मतदाता सूची से मैप हो चुका है अथवा जिनकी मैपिंग अभी शेष है।

शेष पेज 15 पर...

## आवासीय स्कूलों के शिक्षकों व कर्मियों को 5 लाख तक का मिलेगा जीवन बीमा कवर

- कस्तूरबा गांधी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों सहित बीआरपी-सीआरपी भी होंगे बीमा से लाभान्वित
- प्रति महीने ₹5000 देने होंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत झारखंड में संचालित आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों के साथ-साथ प्रखंड साधन सेवियों (बीआरपी) और संकुल साधन सेवियों (सीआरपी) के लिए जीवन बीमा योजना लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के तहत लाभुकों को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए परिषद ने सभी जिलों से प्रस्ताव मांगे हैं तथा संबंधित शिक्षकों एवं कर्मियों से सहमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

योजना के अनुसार लाभुक शिक्षकों एवं कर्मियों के मानदेय से प्रतिमाह 500 रुपये की कटौती की जाएगी। सेवा अवधि के दौरान यदि किसी शिक्षक या कर्मी की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रितों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

शेष पेज 15 पर...

## राज्य में 8 लाख से अधिक राशन कार्ड किए जा सकते हैं रद्द

- निष्क्रिय और फर्जी कार्डों का हो रहा सत्यापन
- 6 माह से राशन नहीं लेने वाले कार्डधारियों की जांच तेज
- 4.61 लाख कार्डों का हो चुका है भौतिक सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए राज्य सरकार ने राशन कार्डों के विशेष सत्यापन अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत राज्य में 8 लाख से अधिक राशन कार्डों की जांच की जा रही है, जिनमें से कई कार्ड लंबे समय से निष्क्रिय पाए गए हैं। सत्यापन के बाद ऐसे राशन कार्डों को रद्द किया जा सकता है।खाद्य आपूर्ति विभाग के अनुसार, राज्यभर में 8,02,685 ऐसे राशन कार्डधारियों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने पिछले छह महीने, एक वर्ष या उससे अधिक समय से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन का उठाव नहीं किया है। विभाग द्वारा इन कार्डों का सत्यापन कराया जा रहा है। सरकार का मानना है कि बड़ी संख्या में ऐसे राशन कार्ड मौजूद हैं जो निष्क्रिय, डुप्लीकेट या अपात्र लोगों के नाम पर संचालित हो रहे हैं। इन्हें हटाकर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के अनुसार, अब तक 4.61 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों का भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। जांच के दौरान 21,750 डुप्लीकेट राशन कार्ड और 12,284 संदिग्ध कार्ड भी सामने आए हैं।

शेष पेज 15 पर...

## कमजोर मानसून का अंदेशा, झारखंड ने केंद्र सरकार से मांगा विशेष राहत पैकेज

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत में अलनीनो और कमजोर मानसून की आशंका के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की।इस बैठक में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान झारखंड सरकार ने अलनीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए तैयार किए गए कंटीजेंसी प्लान की जानकारी दी और प्रभावित जिलों के किसानों के लिए केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग की।


केंद्रीय कृषि मंत्री की हाईलेवल बैठक में मांग रखी

**देशभर में अब तक 40 प्रतिशत कम बारिश :** इस बैठक में भारतीय मौसम विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 17 जून तक देश में औसतन 74 मिमी वर्षा होने का अनुमान था, जबकि अब तक केवल 37 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वर्तमान में देशभर में करीब 40 प्रतिशत वर्षा की कमी है और 248 जिलों में सामान्य बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग ने आगामी दो सप्ताह तक भी सामान्य से कम वर्षा की संभावना जताई है। इस बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार ने मई माह में ही संभावित अलनीनो प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राज्यव्यापी कंटीजेंसी प्लान तैयार कर लिया था। जिला और प्रखंड स्तर पर कृषि कार्यशालाओं के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

शेष पेज 15 पर...

## उपलब्धि

### 101 करोड़ की परियोजना से यातायात व्यवस्था होगी बेहतर

## कोयल नदी पर एप्रोच पथ और फ्लाईओवर का शिलान्यास

- सांसद वीडी राम, विधायक और महापौर ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से स्वीकृत सिंगरा मोड़ स्थित चेड़ाबार और सिंगरा के बीच कोयल नदी पर बने पुल के एप्रोच पथ एवं फ्लाईओवर निर्माण कार्य का मंगलवार को भव्य शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दयाल राम उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण से शहरवासियों को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुल की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए पाइल फाउंडेशन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे यह भारी वाहनों का भार सहने में सक्षम होगा। रेलवे लाइन के ऊपर बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि रेल यातायात बाधित हुए बिना निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि पुल के दोनों ओर उच्च गुणवत्ता के क्रैश बैरियर और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जल निकासी के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम और कल्वर्ट बनाए जाएंगे, जिससे बारिश के दौरान सड़क पर जलजमाव की समस्या नहीं होगी।सांसद ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग को गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, प्रफुल्ल सिंह, उदय शुक्ला, नरेंद्र पांडेय, ईश्वरी पांडेय, अलख दुबे, तुलसी शुक्ला, योगेंद्र शुक्ला, धर्मदेव सिंह यादव, शिवकुमार मिश्रा, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं पथ निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### एनएच-75 से जुड़ेगा नया सेतु बंधन कॉरिडोर

भारत सरकार की केंद्रीय सड़क एवं आधारभूत संरचना निधि (सीआरआईएफ) की सेतु बंधन योजना के तहत स्वीकृत इस परियोजना की लागत 101 करोड़ 38 लाख 91 हजार 300 रुपये है। कुल 3,740 मीटर लंबी यह परियोजना गांधीपुर-नरसिंहपुर पथ चौक से शुरू होकर चेड़ाबार पुल, रेलवे लाइन और एनएच-75 के ऊपर से होते हुए महाराजा पैलेस के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगी। इसमें 596.64 मीटर लंबा एलिवेटेड आरओबी बनाया जाएगा, जिसमें 13 पिलर, दो एब्यूटमेंट और कुल 14 स्पेन होंगे।

## तीन अस्पतालों को मिली कॉर्निया ट्रांसप्लांट की मंजूरी

### एमजीएम में स्थापित होगा आई बैंक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की एडवाइजरी कमेटी ने तीन अस्पतालों को कॉर्निया प्रत्यारोपण (कॉर्निया ट्रांसप्लांट) से संबंधित सेवाओं के लिए मंजूरी दी है। यह निर्णय मंगलवार को नेपाल हाउस में आयोजित ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन्स (अमेंडमेंट) एक्ट, 2011 के तहत गठित सलाहकार समिति (एडवाइजरी कमेटी) की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की।

शेष पेज 15 पर...

# घरेलू विवाद में पुत्र ने गला दबाकर पिता की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दवार मंजूराह पंचायत के दुअरा गांव में घरेलू विवाद के दौरान एक युवक ने अपने पिता की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान रामविलास यादव (55 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से घायल अवस्था में रामविलास यादव को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। घटना के समय घर में अन्य सदस्य मौजूद नहीं थे। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मुकेश यादव ने पहले अपने पिता के साथ मारपीट की और बाद में गला दबाकर उनकी हत्या कर दी।

### लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी : थाना प्रभारी

इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आरोपी पुत्र मुकेश यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के बड़े पुत्र, जो बाहर रहते हैं, उन्हें घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने तथा लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

## ट्रेनें बंद होने से स्टेशन सूने, यात्रियों व कारोबारियों की बढ़ी मुश्किलें

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल अंतर्गत मंगरा-बरवाडीह रेलखंड में चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्य के कारण 27 जून तक सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद होने से रेलवे स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। इसका असर यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय बाजार और छोटे कारोबारियों पर भी पड़ने लगा है। प्रतिदिन रेल सेवा पर निर्भर रहने वाले लोगों को अब निजी वाहनों और बसों के सहारे यात्रा करनी पड़ रही है। इससे यात्रा खर्च कई गुना बढ़ गया है। विवाह के मौसम में ट्रेन सेवा बंद होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि यात्रियों की आवाजाही बंद होने से बिक्री प्रभावित हुई है।

## दृष्टिपात

### आद्रा नक्षत्र शुरू, फिर भी सूखी पड़ी उत्तर कोयल नहर, किसानों में बढ़ी चिंता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** आद्रा नक्षत्र की शुरुआत के बावजूद उत्तर कोयल परियोजना की मुख्य नहर में अब तक पानी नहीं पहुंचा है। जीर्णोद्धार कार्य में हो रही देरी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान की रोपनी का समय नजदीक होने के बावजूद सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने से किसानों में नाराजगी है। समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी ने कहा कि निर्माण एजेंसी केसीपीएल और कार्यान्वयन कंपनी वेबकॉस की धीमी कार्यशैली के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र पानी नहीं छोड़ा गया तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने अधूरे पुल निर्माण और संपर्क पथ की समस्या को भी गंभीर बताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

### 24 दिनों बाद खत्म हुआ ए.के. सिंह कॉलेज कर्मियों का आंदोलन



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला स्थित ए.के. सिंह कॉलेज में शिक्षकेतर कर्मचारियों का 24 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को समाप्त हो गया। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नफीस अहमद एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. आर.के. झा के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगों को शासी निकाय की अगली बैठक में रखने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने छात्रहित को देखते हुए आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। इस मौके पर रमेश सिंह, जयराम सिंह, अशोक कुमार सिंह, अनिकराज पाल, नरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश्वर सिंह, अमित कुमार, सुनील कुमार सिंह, प्रहलाद पाल, अखिलेश पाल, मीना गुप्ता, अर्चना कुमारी, नीतीश कुमार पटेल और कृष्णमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रों को मिला सम्मान प्रोत्साहन राशि से बढ़ाया उत्साह



**सतबरवा।** प्रखंड के प्रोजेक्ट हाई स्कूल, कसीयाडीह में सोमवार को कन्हाई साहू प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी छात्र सौरभ कुमार एवं मोनिका कुमारी को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि धीरज कुमार ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। मेधावी विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रोत्साहित करने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है तथा अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक गोविंद प्रसाद एवं राजेंद्र प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा, शिक्षक मंतोष, नीलम मैडम, विजय मेहता, अयोध्या साव, प्रमोद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। समारोह के अंत में सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा सभी विद्यार्थियों से शिक्षा को सफलता का सबसे मजबूत आधार मानते हुए निरंतर परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया गया।

### गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज की सफाईकर्मी सुनीता देवी का निधन

**छतरपुर।** पलामू जिले के सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज की सफाईकर्मी एवं सड़मा निवासी सुनीता देवी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। परिजनों के अनुसार उन्होंने सोमवार की देर रात करीब 12 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह कॉलेज की स्थापना के शुरुआती दिनों से ही संस्थान में कार्यरत थीं और अपनी कर्तव्यनिष्ठा तथा सरल स्वभाव के कारण शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय थीं। निधन की सूचना मिलते ही इंटर कॉलेज की प्राचार्या, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। मृतका के पति विजय राम ने बताया कि सुनीता देवी लंबे समय से मधुमेह एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित थीं। उनका इलाज डालटनगंज में चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने के कारण उनका निधन हो गया। विजय राम ने आरोप लगाया कि सितंबर 2025 के बाद से उन्हें कॉलेज से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया था। आर्थिक तंगी के कारण वे अपनी पत्नी का समुचित इलाज कराने में असमर्थ रहे। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन से बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की है।

## कम बारिश से जून में भी गिर रहा जलस्तर, बंद चापानलों की मरम्मत तेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार जलस्तर गिरने से खराब अथवा बंद पड़े चापानलों की मरम्मत कराकर पेयजल संकट दूर करने का काम तेज कर दिया गया है। कई वर्षों बाद ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है, जब कम बारिश के कारण जून माह में भी जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे चापानलों से पानी मिलने में परेशानी हो रही है और अतिरिक्त पाइप जोड़कर पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को कई बंद पड़े चापानलों की मरम्मत कराकर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। लटपौरी पंचायत अंतर्गत माली स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खराब पड़े चापानल की मरम्मत मुखिया उमेश राम और जलसहिया मंजू देवी की पहल पर कराई गई। वहीं मोहम्मदगंज में भी जलसहिया किरण कुमारी की पहल पर विभागीय टीम ने पहुंचकर चापानल की मरम्मत की, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली और पेयजल संकट को दूर करने का प्रयास सफल हुआ।

## संतरागाछी-खातीपुरा एक्सप्रेस के मोहम्मदगंज में ठहराव की मांग तेज

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** रेल मंत्रालय द्वारा संतरागाछी-खातीपुरा (जयपुर) के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18061/18062 के परिचालन की घोषणा के बाद क्षेत्र के रेल यात्रियों ने मोहम्मदगंज स्टेशन पर इसके ठहराव की मांग तेज कर दी है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रेल यात्रियों का कहना है कि यह ट्रेन झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। ऐसे में मोहम्मदगंज स्टेशन पर इसका ठहराव होने से रोजगार, शिक्षा, व्यवसाय और पारिवारिक कारणों से यात्रा करने वाले लोगों को सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी। लोगों का कहना है कि वर्तमान में इस ट्रेन का लाभ लेने के लिए यात्रियों को डालटनगंज अथवा अन्य बड़े स्टेशनों तक जाना पड़ेगा, जिससे अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ेगा।

## आवास योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग तेज

### ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई की उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**पांकी।** प्रखंड की नवडीहा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार बालूडीह गांव निवासी कुलदीप कुमार (लाभुक आईडी- जेएच1444395) के नाम पर वर्ष 2020-21 में कागजों पर आवास निर्माण पूर्ण दिखा दिया गया, जबकि वास्तविक लाभुक को इसकी जानकारी तक नहीं है। आरोप है कि बिना आवास निर्माण कराए ही फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में राशि स्थानांतरित कर सरकारी धन की निकासी कर ली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह मामला केवल एक लाभुक तक सीमित नहीं है, बल्कि नवडीहा पंचायत के उलगाड़ा, चोरया और बालूडीह सहित कई गांवों में आवास योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। आरोप है कि अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहले से बने मकानों के दूसरे तल्ले को भी नया निर्माण दिखाकर लाभ दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वर्ष 2020 से 2026 तक के सभी लाभुकों का निष्पक्ष भौतिक सत्यापन कराया जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हो सकती है। शिकायतकर्ता अनुज प्रसाद और नवडीहा पंचायत के ग्रामीणों ने आवेदन के साथ तस्वीरें, बैंक विवरण और अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की अविलंब उच्चस्तरीय जांच कराकर भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों और बिचौलियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आरोपों पर संबंधित विभाग या प्रखंड प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी थी। आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान अर्टिगा कार पर हमला, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**हैदरनगर।** मोहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई, जब दाता साहब मजार के समीप जपला-हैदरनगर मुख्य मार्ग पर एक अर्टिगा कार पर हमला कर उसका पिछला शीशा तोड़ दिया गया। घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अर्टिगा वाहन संख्या जेएच-01 एफपी-9692 से कुछ युवक हैदरनगर से जपला की ओर जा रहे थे। दाता साहब मजार के पास मोहर्रम जुलूस गुजर रहा था। इसी दौरान भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों ने वाहन पर हमला बोल दिया। डंडे एवं धारदार हथियार से प्रहार कर वाहन का पिछला शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वाहन में सवार भुक्तभोगी आशुतोष सिंह, राजू सोनी, उज्ज्वल पांडेय, रौनक सिंह एवं ब्रिज सोनी ने बताया कि मौके पर हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी, लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस या प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी दिखाई नहीं दे रहा था। उन्होंने संयम बरतते हुए किसी तरह वहां से निकलकर अपनी जान बचाई। उनका कहना था कि यदि उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। घटना के बाद हुसैनाबाद एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला को मोबाइल से सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मौके पर पहुंचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बड़े जुलूसों और पर्व-त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

## आर्द्रा नक्षत्र में पहली बार 8 मिमी बारिश, कीचड़ व उमस से बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** आर्द्रा नक्षत्र में पहली बार हुई बारिश में क्षेत्र में 8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। हालांकि किसानों की उम्मीद के अनुरूप झमाझम बारिश नहीं होने से इसे कृषि कार्यों के लिए विशेष लाभदायक नहीं माना जा रहा है। हल्की बारिश के बाद जहां मौसम में उमस बढ़ गई है, वहीं सड़कों पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि चढ़ते आर्द्रा नक्षत्र में अच्छी बारिश की उम्मीद थी, लेकिन हल्की वर्षा ने 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया। उनका मानना है कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों की तैयारी और धान रोपनी का कार्य प्रभावित हो सकता है।

## गोल्हना में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक और जूते का वितरण

हैदरनगर। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना में शिक्षा विभाग की योजना के तहत छात्र-छात्राओं के बीच दो-दो सेट स्कूली पोशाक एवं जूतों का वितरण किया गया। पोशाक एवं जूते पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा विद्यालय से उनका जुड़ाव और मजबूत होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की।

## मुहर्रम पर्व में सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने की। उन्होंने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अखाड़ा समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों से मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक होते हैं, इसलिए मुहर्रम को भी मिल-जुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, बिजली एवं पेयजल जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। पर्व के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में सीआई मनीष कुमार रवि, एसआई शेख अमानुल्लाह, एएसआई प्रदुम्न पासवान, नर्वदेश्वर सिंह, कयामुद्दीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, पंसस प्रतिनिधि विश्वनाथ चौधरी, मुखिया उमेश राम, 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, जावेद खान, इस्लाम अंसारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्ति का संदेश लेकर छात्रों ने निकाली जागरूकता साइकिल रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता साइकिल रैली निकाली। रैली को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय प्रसाद राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व एनसीसी पदाधिकारी डॉ. ओरेंद्र कुमार यादव ने किया। छात्र-छात्राओं ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए लोगों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान छात्रों ने नशा मुक्ति से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और समाज से नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. नागदेव यादव, डॉ. राजकुमार, गोपाल शरण राणा, अभिषेक पाठक, डॉ. कन्हैया प्रसाद सिंह, नीरज कुमार सिंह, अरमान अंसारी, अबु साद, ईश्वर चंद, राहुल कुमार समेत विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने की अपील की।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता का अमर प्रतीक : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मौर्या फार्म हाउस में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान राष्ट्रपुरुष थे। । विधायक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनके विचार वर्तमान भारत की विकास यात्रा को दिशा प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेहता, निजी सहायक सरोज चटर्जी, प्रो. बच्चन ठाकुर, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार पासवान, विधायक प्रखंड प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, पंसस कमेश यादव, अनुज चंद्रवंशी, अवधेश सिंह, दिनेश प्रसाद सहित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भक्ति व श्रद्धा के बीच निकली भव्य कलश यात्रा, देवी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

# 25 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, हवन और विशाल भंडारे का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर (पलामू)।** मंदेया नदी छठ घाट स्थित नव-निर्मित देवी मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। चिलचिलाती धूप के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में भाग लिया। माता रानी के जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला एमवीआई लालबिहारी यादव एवं छतरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता रहे। कलश यात्रा मंदेया नदी से पवित्र जल उठाकर प्रारंभ हुई, जो भारत माता चौक, महावीर चौक सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः नव-निर्मित मंदेया देवी मंदिर परिसर पहुंची। देवी मंदिर निर्माण समिति, लक्ष्मीनगर के अध्यक्ष मित्तल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष बबन कुमार यादव, सचिव सुजीत कुमार सिंह सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति के सदस्य विन्देश्वर यादव, शीतल सिंह, अजीत कुमार, अविनाश कुमार, जनकदेव यादव, अशोक प्रसाद, आकाश कुमार सिंह, उपेन्द्र यादव, पवन यादव, सोनू पटेल एवं मोनू सिंह सहित अन्य लोग लगातार सहयोग कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि नव-निर्मित देवी मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलेगी तथा सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा।

### 24 जून को नवचंडी पाठ एवं अखंड कीर्तन का आयोजन

यात्रा के दौरान श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर माता रानी के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। आयोजन समिति के अनुसार 24 जून को नवचंडी पाठ एवं अखंड कीर्तन तथा 25 जून को माता रानी की प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, हवन, कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं मुहर्रम : उपायुक्त

● जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में सुरक्षा, यातायात और सोशल मीडिया निगरानी पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को स्थानीय टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने की।

उपायुक्त ने कहा कि पलामू में त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने की समृद्ध परंपरा रही है और इसे कायम रखने में समाज के सभी वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने, बिना सत्यापन किसी भी संदेश को साझा नहीं करने तथा भड़काऊ गीतों से बचने की अपील की। उन्होंने टाउन थाना में अग्निशमन वाहन को तैयार स्थिति में रखने का निर्देश भी दिया।

पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने कहा कि मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जुलूस मार्गों की निगरानी ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

बैठक में विभिन्न मुहर्रम इंतजामिया कमेटियों और अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। बैठक में नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी तथा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पलामू में पहली बार रोबोटिक तकनीक से हुआ घुटना प्रत्यारोपण

● निर्मला अस्पताल में दो मरीजों की सफल सर्जरी, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर ने पलामू के चिकित्सा क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए पहली बार रोबोटिक तकनीक से पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण (टोटल नी रिप्लेसमेंट) सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है। सोमवार को अस्पताल में दो मरीजों के घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया, जिसमें अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। लंबे समय से जोड़ों के दर्द से पीड़ित दोनों मरीजों को नए कृत्रिम घुटने लगाए गए, जिससे उन्हें स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि दोनों मरीजों में से एक का ऑपरेशन झारखंड सरकार की राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत किया गया, जिससे मरीज को उपचार का कोई खर्च वहन नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पलामू के लिए यह गर्व की बात है कि पहली बार यहां रोबोटिक तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण किया गया है।

दूसरी मरीज एक महिला हैं, जिनकी सर्जरी भी सफल रही। डॉ. सिद्धार्थ ने दावा किया कि किसी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत लाभुक की रोबोटिक सर्जरी का यह देश में संभवतः पहला मामला है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर महंगी मानी जाने वाली इस तकनीक का लाभ अब स्थानीय मरीजों को भी मिल रहा है, जिससे उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मंगलवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर निर्मला अस्पताल पहुंचे और दोनों मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों को फल और पुष्पगुच्छ भेंट कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाओं का विस्तार पलामू में होना चाहिए, ताकि क्षेत्र के लोगों को महंगे शहरों में इलाज के लिए भटकना न पड़े।

## पोखराहा मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर।** पोखराहा मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन का पता लगाने का प्रयास जारी था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से 14.50 लाख का गांजा बरामद, आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

**हुसैनाबाद (पलामू)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) नबीनगर ने 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विशाखापत्तनम एक्सप्रेस से करीब 14.50 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है। जब्त किए गए 29.007 किलोग्राम गांजे को ओडिशा से बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है और पुलिस इसकी जांच में जुटी है। सोमवार सुबह करीब 7:57 बजे निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद और आरपीएफ जवानों की टीम ने नबीनगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर गाड़ी संख्या 18523 अप विशाखापत्तनम एक्सप्रेस के बी-1 कोच की तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कोच में पड़े दो लावारिस बैग संदिग्ध अवस्था में मिले। तलाशी के दौरान भूरे रंग के ट्रॉली बैग से छह पैकेटों में 14.403 किलोग्राम तथा नीले रंग के हैंगिंग बैग से छह पैकेटों में 14.604 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। सभी पैकेट सेलो टेप से अच्छी तरह लपेटे गए थे। बरामद गांजे का कुल वजन 29.007 किलोग्राम और अनुमानित कीमत 14,50,350 रुपये बताई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नबीनगर की अंचलाधिकारी निकहत परवीन की मौजूदगी में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्ती सूची तैयार की गई। इसके बाद आरपीएफ ने लिखित शिकायत के साथ जब्त गांजे को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना (जीआरपी) सोननगर को सौंप दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

## विधवा महिलाओं के सम्मान और पुनर्विवाह को मिला बढ़ावा

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन एवं पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव के नेतृत्व में विधवा सम्मान समारोह सह पुनर्विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विधवा महिलाओं को सम्मान प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में पुनर्विवाह के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, उप विकास आयुक्त शादात अनवर, प्रोबेशनरी आईएएस ऋत्विक मेहता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष सोनू सिद्दीकी, शर्मिला सुमी, प्रभात अग्रवाल, पंकज श्रीवास्तव, शिव शंकर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण चार विधवा जोड़ों का पुनर्विवाह रहा। इस भावुक और प्रेरणादायी क्षण का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और नागरिक टाउन हॉल पहुंचे। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि विधवा महिलाओं को समाज में समान सम्मान और अवसर मिलना चाहिए तथा पुनर्विवाह सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने समाज से ऐसी महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित महिलाओं के बीच साड़ी एवं पौधों का वितरण किया गया तथा उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। समारोह के माध्यम से महिला सम्मान, सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रवि पाल, ललन प्रजापति, शोभा प्रजापति, नेहा मानवी, विलिगना किंडो सहित पहल ट्रस्ट के अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने किया नमन

● पलामू सांसद वीडी राम बोले- राष्ट्रवाद और एकता के लिए दिया गया उनका बलिदान सदियों तक प्रेरणा देता रहेगा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मेदिनीनगर में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 73वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद और देश की एकता-अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके बलिदान और विचारों की बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी देशभर में एक विशाल वटवृक्ष के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका संकल्प "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि ऐसी महान विभूतियों की जयंती और पुण्यतिथि मनाना गर्व का विषय है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कई पीढ़ियां राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम में प्रेम सिंह, नरेंद्र पांडेय, दुर्गा जौहरी, विजयानंद पाठक, महापौर अरुणा शंकर, अजय सिंह, लवली गुप्ता, रीना किशोर, रूपा सिंह, जितेंद्र तिवारी, विजय कुशवाहा, श्वेतांक गर्ग, शुभम प्रसाद, शैलेंद्र दुबे, आशीष भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं जिले के विभिन्न मंडलों एवं स्थानों पर भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए दिए गए उनके योगदान को याद किया तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने प्रमंडलीय आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के नवपदस्थापित आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान शहरी विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। प्रमंडलीय आयुक्त ने जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में आयुक्त के सचिव रोहित सिन्हा भी मौजूद थे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात में प्रशासनिक समन्वय को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## पगार गांव में आंगनबाड़ी सेविका के पद पर कंचन बाला का चयन

**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत लोहरसी पंचायत के पगार गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविका के चयन को लेकर ग्रामसभा आयोजित की गई। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मदन कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्धारित नियमों के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। ग्रामसभा में प्रवेक्षिका सह संयोजिका गीता सिंह, पंचायत समिति सदस्य पूजा देवी, मुखिया रीना देवी तथा प्रधानाध्यापक सत्यनारायण राम सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। चयन प्रक्रिया के दौरान सभी अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं निर्धारित मानकों के आधार पर प्राप्त अंकों का मूल्यांकन किया गया। मेरिट सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली ग्राम पगार निवासी विवेकानंद सिंह की पत्नी श्रीमती कंचन बाला का आंगनबाड़ी सेविका के पद पर चयन किया गया। चयन के उपरांत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्यों ने श्रीमती कंचन बाला को चयन पत्र प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पलामू जिले के सभी प्रखंडों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। सदर प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने भाग लेकर प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो, यही निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है। उन्होंने बीएलओ को पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि 30 जून से घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण किया जाएगा। उन्होंने मतदाता सूची की मैपिंग में विशेष सावधानी बरतने तथा भ्रामक सूचनाओं से बचने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना के तहत छात्राओं ने जोड़ पंचायत का किया भ्रमण

● ग्रामीण नवाचार, परंपरागत ज्ञान और सामाजिक चुनौतियों का किया दस्तावेजीकरण



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम। के तहत मंगलवार को योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने जोड़ पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीण जीवन, परंपरागत ज्ञान और स्थानीय नवाचारों का अध्ययन किया। यह भ्रमण मेंटर डॉ. सुप्रिया सोनालिका के मार्गदर्शन में किया गया।

टीम-1 की छात्राओं ने जोड़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले जोड़ और खंडवा गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा जमीनी स्तर पर मौजूद नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया प्रभा देवी समेत अजय कुमार तिवारी, सूर्यदेव पांडे, कामाख्या पांडे, कमलेश तिवारी, विमला देवी, मनीष एवं अन्य ग्रामीणों से बातचीत कर विभिन्न जानकारियां एकत्रित की गईं।

डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य छात्रों और युवा शोधार्थियों को झारखंड में प्रचलित जमीनी स्तर के नवाचारों, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और सामाजिक चुनौतियों से अवगत कराना है, ताकि इन्हें संकलित कर सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से स्वदेशी ज्ञान, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के साथ समावेशी नवाचारों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दो माह तक छात्राएं अपने चयनित पंचायतों में जाकर वहां की सभ्यता, संस्कृति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा स्थानीय ज्ञान से संबंधित जानकारियों का संकलन करेंगी और विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेंगी।

ग्रामीणों ने बताया कि जोड़ पंचायत के अंतर्गत कुल नौ वार्ड आते हैं, जिनमें पांच जोड़ और चार खंडवा गांव में हैं। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने की समस्या भी छात्राओं के समक्ष रखी।

टीम-1 की अगुवाई कल्पना तिवारी कर रही थीं। उनके साथ काजल कुमारी, राखी और संध्या ने निर्धारित प्रारूप के अनुसार ग्रामीणों से जानकारी एकत्रित की। छात्राओं ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अंचल पदाधिकारी से भी मुलाकात की तथा आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कीं। इस दौरान प्रखंड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी छात्राओं को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया और उन्होंने छात्राओं के शोध कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित को शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

● टाइगर हिल पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत को याद कर गूंजे भारत माता की जय के नारे

**मेदिनीनगर।** कारगिल युद्ध के अमर शहीद युगम्बर दीक्षित की शहादत दिवस मंगलवार को पोल-पोल स्थित कारगिल शहीद स्मारक पार्क में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम स्थल भारत माता की जय और "कारगिल शहीद अमर रहें" के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है, जिसमें अनेक वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्हीं वीरों में पलामू के लाल युगम्बर दीक्षित का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जिन्होंने 23 जून 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल क्षेत्र में दुश्मनों से लोहा लेते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि शहीद युगम्बर दीक्षित की शहादत ने न केवल पलामू बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया। जब उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गांव पहुंचा था, तब हजारों लोगों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी थी। उनका बलिदान आज भी युवाओं को देशभक्ति, साहस और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्र की रक्षा से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं है और उनका बलिदान सदैव देशवासियों के हृदय में अमर रहेगा।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रमंडलीय महासचिव आशुतोष कुमार तिवारी, हम पार्टी के जिला अध्यक्ष, संजू शुक्ला, राकेश शर्मा, ओम श्रीवास्तव, निरंजन प्रसाद सहित सर्वेश्वरी मंगलम विद्या मंदिर के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर वीर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान वंदना कुमारी, दिव्या कुमारी, अंकित कुमार, रोहित कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रभा कुमारी, राम कुमार, श्रवण कुमार, विशाल कुमार, आकाश कुमार, पिंकी कुमारी, काजू कुमारी समेत सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतिभाओं का दिखा दमखम

● पलामू में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वूशु व मैराथन प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय पलामू एवं पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला एथलेटिक्स स्टेडियम, बारालोटा में जिला स्तरीय एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वूशु एवं मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। विशेष बात यह रही कि उपायुक्त स्वयं भी खिलाड़ियों के साथ दौड़ में शामिल हुए और जिला समाहरणालय से बारालोटा स्थित जिला एथलेटिक्स स्टेडियम तक आयोजित मैराथन को पूरा किया। इसके बाद उन्होंने मैराथन के शीर्ष दस प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने उपायुक्त एवं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी तथा पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, खेल समन्वयक निधि उपाध्याय एवं सिकंदर कुमार ने किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का संचालन मोनू कुमार, कबड्डी का उपेंद्र कुमार, वूशु का सुमित वर्मन तथा खो-खो प्रतियोगिता का संचालन प्रीति कुमारी और निरंजन कुमार ने किया।

मैराथन बालक वर्ग में बाबूलाल चौधरी प्रथम, राहुल यादव द्वितीय तथा अमरेश कुमार यादव तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में श्रुति गुप्ता ने पहला, पूजा कुमारी ने दूसरा और रिया कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कबड्डी बालक वर्ग में डे बोर्डिंग सेंटर ए टीम विजेता तथा डे बोर्डिंग सेंटर बी टीम उपविजेता रही। वहीं खो-खो बालक वर्ग में रॉयल स्पोर्ट्स अकादमी ने प्रथम तथा ब्राइटलैंड स्कूल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने ओलंपिक मूल्यों को आत्मसात करने तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## ओलंपिक दिवस : 5 किमी मैराथन में युवाओं ने दिखाया उत्साह

● खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने कराया आयोजन, उपायुक्त भी बने प्रतिभागी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

दौड़ का शुभारंभ जिला समाहरणालय परिसर से हुआ और समापन जीएलए कॉलेज मैदान में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत स्वयं प्रतिभागियों के साथ दौड़ में शामिल हुए और उनका उत्साहवर्धन किया।

मैराथन में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी-कर्मी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। इस वर्ष ओलंपिक दिवस का वैश्विक संदेश "यू कैन डू दिस, लेट्स मूव" रखा गया है।

दौड़ के समापन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम से दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। उपायुक्त ने कहा कि अनुशासन, समर्पण और जुनून सफलता की कुंजी हैं तथा युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ना चाहिए।


## संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण,आधार कार्ड,अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**

hr.rnmail@gmail.com

# दृष्टिपात

## 23 से 26 जून तक चलेगा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** अपर समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी (निषिद्ध मादक पदार्थ) विकास कुमार राय की अध्यक्षता में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 से 26 जून तक चल रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि जिले की सभी पंचायतों में जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं तथा पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में भी विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। अन्नराज डैम, श्री बंशीधर नगर मंदिर परिसर, सतबहिनी और सुखलदरी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों और सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## 3 जुलाई को लगेगा दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

**गढ़वा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के जिला नियोजन कार्यालय द्वारा "रोजगार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत 03 जुलाई को गढ़वा के टाउन हॉल में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से आयोजित होने वाले इस मेले में विभिन्न निजी कंपनियां और संस्थान भाग लेंगे। इनमें बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी, प्रेमसन्स मोटर्स, कैसपर माइक्रो फाइनेंस, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन, एसआईएस बेलचंपा सहित कई प्रतिष्ठान शामिल हैं।जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में शामिल होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

## विधायक ने किया विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास



**हुसैनाबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना, पलामू के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार स्थित उच्च विद्यालय के नए भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और नए भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक एवं सुविधायुक्त विद्यालय भवन आवश्यक है। करीब एक करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस भवन से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। विधायक ने कहा कि भवन निर्माण के बाद विद्यालय की चारदीवारी का भी निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर राजद युवा नेता रवि यादव, विनय कुमार सिंह यादव, दंगवार पंचायत के मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी डॉ. अखिलेश गुप्ता, पूर्व मुखिया राम लखन यादव, नंदा प्रसाद यादव, प्रमोद सिंह, राजेश्वर यादव, अभिषेक यादव, सुदेश्वर राम, हसन खलीफा सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने भवन निर्माण की शुरुआत को क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शादी की खुशियां मातम में बदलीं , बिना दुल्हन लौट गई बरात

**केतार।** बांसडीह गांव के बिगहा टोला में सोमवार रात एक शादी समारोह हिंसक झड़प में बदल गया। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर चढ़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि बरातियों और ग्रामीणों के बीच लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। इस घटना में दूल्हे के पिता दशरथ राम समेत कई लोग घायल हो गए, जबकि आधा दर्जन वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए। हालात बिगड़ने के बाद शादी की रस्में पूरी नहीं हो सकीं और दूल्हा बिना दुल्हन के ही वापस लौट गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उपभोक्ता समिति ने स्टेशन प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**हुसैनाबाद।** बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन रेलखंड में एनआई कार्य के कारण कई ट्रेनों के रद्द होने एवं मार्ग परिवर्तन से आम यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए रेल उपभोक्ता समिति बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन रेलखंड ने मंगलवार को स्टेशन प्रबंधक जपला के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, मुगलसराय को ज्ञापन सौंपा। समिति के संयोजक प्रेमतोष कुमार सिंह (गुड्डू) ने कहा कि 23 जून से 30 जून तक कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगने से आम जनता, छात्र, मरीज, मजदूर एवं न्यायालय जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने मांग की है कि डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह के बीच चलने वाली 53349/53350 एवं 53611/53612 पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन कम से कम डालटनगंज रेलवे स्टेशन तक तत्काल शुरू किया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है कि बस किराया, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत और सीमित परिवहन व्यवस्था के कारण आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। समिति ने कहा कि यदि सवारी गाड़ियों का परिचालन बंद रखा जाता है तो मालगाड़ियों का निर्बाध संचालन भी उचित नहीं है और रेलवे को आम जनता के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। ज्ञापन की प्रतिलिपि सांसद पलामू, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जपला एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। इस मौके पर रेल उपभोक्ता समिति जपला-हुसैनाबाद के अध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव राजेश कर्ण तथा रेल उपभोक्ता समिति हैदरनगर के अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

# लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन नहीं होने पर वेतन रोकने की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने झार जल पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर नाराजगी जताई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**खराब चापाकलों की मरम्मत और नए चापाकलों की स्थापना सुनिश्चित की जाए : उपायुक्त**

उपायुक्त ने कहा कि पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए तथा खराब चापाकलों की मरम्मत और नए चापाकलों की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि 23 जून तक पोर्टल पर कुल 1860 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 1659 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 61 मामले अभी लंबित हैं। उपायुक्त ने सभी लंबित मामलों का अगली बैठक से पहले निपटारा करने का निर्देश देते हुए कहा कि पुराने मामलों के लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के वेतन पर रोक लगाई जाएगी।

## मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल



केतार। थाना क्षेत्र में दर्ज दो अलग-अलग मारपीट मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि खैरवा गांव के सुरेश चौधरी और खोन्हर गांव के बंशीधर साह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## चंदा को लेकर विवाद, मारपीट में मां-बेटा घायल

**मेराल।** टिकुलडीहा गांव में मुहर्रम के चंदे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में जूही खान और उनके 17 वर्षीय पुत्र फैजान खान घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में चल रहा है। जूही खान ने आरोप लगाया कि कुछ लोग पांच हजार रुपये चंदा मांग रहे थे, जबकि उन्होंने एक हजार रुपये देने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट हुई। उन्होंने गले की चेन और कान का लॉकेट छीनने का भी आरोप लगाया है। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने बताया कि आवेदन मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

## विद्यार्थियों को नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा का दिया गया पाठ



नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोल में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चिनिया थाना प्रभारी विकु कुमार रजक ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, बाल विवाह, बाल श्रम और डायल-112 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सामाजिक और कानूनी जागरूकता भी जरूरी है। बच्चों से नशे और साइबर अपराधों से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में एएसआई सुखराव उरांव, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बीएलओ और बीएलए-2 को मिला प्रशिक्षण

### मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, रांची से आए अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने नगर ऊंटारी एवं डंडा प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक के बाद बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन और विभिन्न प्रपत्रों के निष्पादन की जानकारी दी गई। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मियों से जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलए-2 उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान राष्ट्र की एकता व अखंडता का प्रतीक : पूर्व मंत्री

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, जपला में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश डॉ. मुखर्जी के सपनों के अनुरूप एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह, हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, हैदरनगर मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, शिक्षक रामप्रवेश सिंह, योगेन्द्र कुमार सिंह, भोला सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, संतोष सिंह, कृष्णा सिंह, विनय पासवान, डॉ. अखिलेश मेहता, सुरेंद्र ठाकुर, सतीश मेहता, संतोष पासवान, गुड्डन सिंह, सुनील गुप्ता, रविंद्र कांस्यकार, अर्जुन पटेल, विजय गुप्ता, रमेश प्रजापति, चंद्रशेखर सिंह, रवि रंजन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, विजय राजवंशी, अजय चंद्रवंशी एवं उदय विश्वकर्मा सहित भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

# बीडी रेलखंड पर थमे सवारी ट्रेनों के पहिए, हजारों यात्री परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन (बीडी) रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण मंगलवार से अगले छह दिनों तक सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। इसके कारण पलामू जिले के उत्तरी क्षेत्र हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, ऊंटारी रोड सहित आसपास के दर्जनों गांव व्यवहारिक रूप से जिला मुख्यालय मेदिनीनगर और प्रमंडलीय मुख्यालय से कट गए हैं। इससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रेल सेवा बंद होने से शादी-विवाह, न्यायालय में पेशी, नौकरी और अन्य जरूरी कार्यों से बाहर जाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से आने वाले यात्री डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर उतरने के बाद अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए भटक रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग महंगी और सीमित सड़क परिवहन व्यवस्था पर निर्भर हैं। जपला से डालटनगंज तक बस किराया 150 रुपये तक पहुंच गया है, जो सामान्य रेल किराए की तुलना में कई गुना अधिक है। वहीं बसों की संख्या भी यात्रियों की आवश्यकता के अनुरूप नहीं है। स्थानीय लोगों का सुझाव है कि बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन के बीच चलने वाली शटल और जीडीआर ट्रेनों का अस्थायी परिचालन डालटनगंज तक किया जाए, जिससे हजारों यात्रियों को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि इस विकल्प पर न तो रेलवे प्रशासन ने गंभीरता दिखाई और न ही जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल हुई। अब क्षेत्र के लोगों की निगाहें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और रेलवे प्रशासन पर टिकी हैं। लोगों ने वैकल्पिक रेल सेवा, शटल एवं जीडीआर ट्रेनों का आंशिक परिचालन तथा विशेष लोकल ट्रेनों की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## जहरीले जीव के काटने से महिला की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया



**रमना।** भागोडीह पंचायत के छतवा टोला निवासी 28 वर्षीय रिंकू देवी की जहरीले जीव के काटने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात की है। परिजनों के अनुसार मुर्गियों की आवाज सुनकर वह देखने गई थीं, तभी किसी जहरीले जीव ने उन्हें काट लिया। उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गई हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रखंड स्तर पर विषैले जीवों के काटने का समुचित इलाज उपलब्ध होता, तो संभवतः उनकी जान बचाई जा सकती थी।

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-सम्मत तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को लेस्लीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी तारकेश्वर पासवान ने की, जबकि संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था तथा आवश्यक नागरिक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे, जिन्हें पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है। यहां सभी समुदायों के लोग एक-दूसरे के पर्व और परंपराओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते आए हैं। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उतम कुमार राय ने कहा कि मुहर्रम आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता का पर्व है। प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना है। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या असामाजिक गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन किसी भी सूचना को साझा न करें। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की आशंका दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में लेस्लीगंज थाना के एसआई विक्रम शील, हरेंद्र प्रसाद, भुनेश्वर ठाकुर, हरेंद्र पासवान, जितेंद्र कुमार, शशि रंजन पांडेय, बृजभूषण सिंह, मुखिया गुड्डू पासवान, गुड्डी देवी, पूनम देवी, लेस्लीगंज सदर हफिजूल अंसारी, अरविंद शुक्ला, बिरेंद्र कुमार, तनवीर आलम, हेमू खान, राजू सिंह, अजित सिन्हा सहित थाना पुलिस पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को हैदरनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान ने की। बैठक में एसडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जायसवाल तथा प्रखंड प्रमुख कलावती देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में विभिन्न अखाड़ों एवं मुहर्रम जुलूस समितियों के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम की जानकारी लेने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित नहीं करने की अपील की। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक अखाड़े से पांच-पांच वॉलेंटियर नामित किए जाएंगे, जिनकी जिम्मेदारी जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुहर्रम जुलूस में डीजे का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में उपप्रमुख पपु पासवान, अबु नसर सिद्दीकी, डॉ. अनीमुल हक अंसारी, सज्जू खान, शमीम हैदर रिजवी, राजू खान, मतीन खान, अशरफ हसन, शमीम राइन, पवन जायसवाल, नवाजिश खान, शंकर रजवार, दारा कुरैशी, विकास सिंह समेत विभिन्न अखाड़ों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन

# उठे बकाया भुगतान, भूमि व नियुक्ति से जुड़े मामले, त्वरित निष्पादन के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान राशन, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार, बकाया मजदूरी भुगतान और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। मेराल प्रखंड के रजबंधा निवासी किसान परमेश्वर सिंह ने तेनार पैक्स में फरवरी 2025 में बेचे गए 86.69 क्विंटल धान के एवज में आधी राशि ही मिलने और शेष भुगतान लंबित रहने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं रमना प्रखंड के परसवान निवासी ध्रुव बैठा ने भूमि का ऑनलाइन रसीद नहीं कटने का मामला उठाया। चिनियां प्रखंड के मसरा गांव के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पुनः पारदर्शी चयन प्रक्रिया की मांग की।

**समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश**

सदर प्रखंड के सिदेकला निवासी वशिष्ठ दीक्षित ने खेल मैदान में चेंजिंग रूम निर्माण के बाद भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# शांति समिति की बैठक आयोजित, मोहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को नगर ऊंटारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने की। बैठक में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोहर्रम जुलूस में डीजे के प्रयोग पर रोक लगाने की मांग उठाई। उनका कहना था कि मोहर्रम मातम और श्रद्धा का पर्व है तथा डीजे इसके मूल स्वरूप के विपरीत है। एसडीपीओ ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने, नशापान से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बीडीओ रौशन कुमार और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने भी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डीडीसी ने किया रक्तदान




- समाहरणालय परिसर में आयोजित शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रहित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को जिला समाहरणालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने फीता काटकर किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने स्वस्थ नागरिकों से समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। विभाग ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# लूटकांड का खुलासा पुलिस की सख्त चेतावनी

- पैसा, जमीन या पारिवारिक विवाद का समाधान थाने में करें, कानून हाथ में लिया तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**महुआडांड़।** ग्राम प्रधान से लूट की घटना का खुलासा करने के बाद महुआडांड़ पुलिस प्रशासन ने अपराधियों को कड़ा संदेश दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ने कहा है कि किसी भी प्रकार के विवाद का समाधान लूट, मारपीट या धमकी नहीं, बल्कि थाना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पैसों का लेन-देन, जमीन विवाद अथवा पारिवारिक मामलों में कानून हाथ में लेने के बजाय पुलिस की मदद लें। दोषियों के लिए जेल ही अंतिम ठिकाना है।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान जनता के प्रतिनिधि हैं और उन पर हमला लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जबरन वसूली, धमकी या हिंसा जैसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से निर्भय होकर थाने पर भरोसा करने की अपील की है।

गौरतलब है कि 18 जून को ग्राम प्रधान से लूट की घटना हुई थी। पुलिस ने पांच दिनों के भीतर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकदी, मोबाइल, पहचान पत्र और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। तीन आरोपितों को जेल भेजा गया है, जबकि एक नाबालिग को संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

# कामता कर्बला में अकीदत के साथ हुई चादरपोशी, मुहर्रम को लेकर तैयारियां तेज

- पुलिस ने जुलूस मार्ग और इमामबाड़ों का किया निरीक्षण, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** मुहर्रम की सप्तमी पर मंगलवार को कामता कर्बला में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ चादरपोशी की। अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़कर राज्य और देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ मांगी। इस अवसर पर कर्बला परिसर के आसपास मेले जैसा माहौल देखने को मिला। दुकानों पर महिलाओं और बच्चों की काफी भीड़ रही तथा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर मन्नतें मांगी और शिरनी का वितरण किया गया। समाजसेवी अयुब खान, असगर खान, बाबर खान और ग्यास खान ने बताया कि बुधवार को इमामबाड़ों से निशान और झंडों के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जो टोरी रेलवे क्रॉसिंग तक जाकर वापस लौटेगा। गुरुवार को छोटकी चौकी का जुलूस मुख्य बाजार होते हुए इंदिरा गांधी चौक तक जाएगा और फिर वापस होगा। वहीं शुक्रवार को पहलाम का ताजिया जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए इंदिरा गांधी चौक पहुंचेगा। इसके बाद जुलूस थाना परिसर जाएगा, जहां करतब एवं ताजिया की प्रदर्शनी के बाद जुलूस पुनः कामता स्थित मेलाटांड़ पहुंचेगा। कर्बला में रस्म अदायगी के साथ मुहर्रम का समापन होगा। इधर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने कामता कर्बला और विभिन्न इमामबाड़ों का निरीक्षण कर ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने अखाड़ा कमेटी और स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा बिजली के तारों और अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, बाबर खान, ग्यास खान, ईरशाद मुन्ना, मो. शीश आलम, मो. मुबारक, परवेज खान, इरफान खान, युसूफ खान, असरफुल खान, नसीम खान, तहदील खान, रमजान साई चिस्ती समेत कई लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

- राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को किया याद, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी की लातेहार जिला इकाई द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष बंसी यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सह जिला संगठन प्रभारी मनीर उरांव उपस्थित रहे। पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे देशभक्त और राष्ट्र की अखंडता के मजबूत प्रहरी थे। उनका उद्घोष "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव ने कहा कि उनका जीवन समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा तथा अंत्योदय का विचार आज भी भाजपा की मूल कार्यशैली का आधार है।

पूर्व विधायक हरीकृष्ण सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि लातेहार जिला भाजपा उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आम उत्सव में दिखी बागवानी की मिठास

**बरवाडीह।** वर्षा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार में आम उत्सव सह बागवानी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेखा रेशमा मिंज, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रजातियों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई। उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले एक दर्जन से अधिक किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीडीओ रेखा रेशमा मिंज ने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित बागवानी योजना किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। वहीं नसीम अंसारी ने स्थानीय स्तर पर आम की बिक्री के लिए बाजार विकसित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सरयू में मुहर्रम की सातवीं पर हुई चादरपोशी

**लातेहार।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर सरयू प्रखंड के रोल गांव में सातवीं का धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार चादरपोशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सरयू थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू स्वयं मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखा गया। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## लखनऊ हादसे में दिवंगत विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि

**चंदवा।** स्थानीय क्रिएटिव एकेडमी में मंगलवार को लखनऊ स्थित एक कोचिंग संस्थान में आग लगने से दिवंगत हुए विद्यार्थियों की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हादसे में घायल विद्यार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। एकेडमी के निदेशक डॉ. मनु कुमार गुप्ता ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि इस कठिन समय में प्रशासन को पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर खुशी कुमारी, अमृत कौर, ऋतु कुमारी, प्रीति पाठक, रवि रंजन कुमार, मुस्कान प्रवीण, सनिका वर्मा, वर्षा कुमारी, निखिल वर्मा, राखी दास, मोनी देवी, दीपक कुमार, उमेश उरांव सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रहित, एकात्मता और अखंड भारत के विचारों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। उनके बताए आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर ही सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है।

# मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित

- स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित की प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**



**हेरहंज।** मलेरिया उन्मूलन माह अभियान के तहत हेरहंज मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की 20 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें 12वीं की छात्रा सुरमा कुमारी प्रथम, 11वीं की सुषमा कुमारी द्वितीय तथा 12वीं की सुनैना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ध्रुव सत्य महतो, प्रयोगशाला पर्यवेक्षक निरंजन कुमार तथा एमपीडब्ल्यू संजय कुमार रवि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की वार्डन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं भी उपस्थित रहीं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सेबी में ऑफिसर ग्रेड-ए बने रजनीश कुमार

- झारखंड और बिहार से इकलौते चयनित अभ्यर्थी बने पलामू के लाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में ऑफिसर ग्रेड-ए (असिस्टेंट मैनेजर लीगल) पद पर पलामू जिले के बारा गांव निवासी रजनीश कुमार का चयन हुआ है। वह लातेहार व्यवहार न्यायालय में कार्यरत प्रभारी जिला लोक अभियोजक शिव शंकर राम के पुत्र हैं। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष झारखंड और बिहार से इस पद के लिए रजनीश कुमार का एकमात्र चयन हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पलामू में हुई। भूगर्भ शास्त्र से स्नातक करने के बाद उन्होंने विधि क्षेत्र में करियर बनाया। उनका चयन दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर में हुआ, जहां से उन्होंने विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वह एक सितंबर 2025 से दिल्ली हाईकोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे थे। उनके बड़े भाई मनीष कुमार भी झारखंड सहायक लोक अभियोजक की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। रजनीश कुमार की इस उपलब्धि पर अधिवक्ताओं एवं विभिन्न पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# विद्यार्थियों ने छेड़ी हरियाली की मुहिम पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

- जीटीपीएस के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को पौधारोपण अभियान चलाया और जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शैक्षणिक प्रोजेक्ट के तहत आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने चंदवा पोस्ट ऑफिस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर में पौधारोपण किया।

इस दौरान आम, अमरूद, गुलमोहर, आंवला, हर्रे, बहेरा, नीम और कटहल सहित फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ और स्वच्छता से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में बीडीओ चंदन प्रसाद, थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, सीआई गोविंदा कुमार गुप्ता, सीएचसी के डॉ. प्रकाश बड़ाइक एवं पोस्टमास्टर समेत कई अधिकारियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्रखंड परिसर में बीडीओ चंदन प्रसाद ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय पौधारोपण है और प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में उनके संरक्षण की जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। निदेशिका कादंबरी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उपप्राचार्य रंजन शर्मा, प्रशासक सुमंत कुमार सिंह, शशिकांत मिश्रा, रोशन पाठक, रघु निश्चल, हिना फरहीन, सतरूपा एवं चंदा प्रसाद सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दृष्टिपात

## दो दिन से लापता महिला रिश्तेदार के घर से सकुशल बरामद



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के पिंडारकोण गांव निवासी पूनम कुमारी (30 वर्ष), पति रंजीत कुमार राणा, जो पिछले दो दिनों से लापता थीं, उन्हें पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि महिला के पति द्वारा गुमशुदगी का आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की। जांच के दौरान इटखोरी थाना क्षेत्र के करनी गांव से महिला को सकुशल बरामद किया गया। बताया गया कि सोमवार की अहले सुबह पूनम कुमारी महुआ की डोरी चुनने के लिए घर से निकली थीं और इसी दौरान वह करनी जंगल की ओर चली गईं। बाद में वह अपने रिश्तेदार के यहां पहुंच गई थीं। पुलिस ने महिला को बरामद कर सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया।

## नीति आयोग के सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन पर जोर

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, पेयजल, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीडीसी ने कहा कि नीति आयोग के सूचकांक जिले के समग्र विकास के महत्वपूर्ण मानक हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और प्रगति की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान जहां अपेक्षित प्रगति नहीं मिली, वहां सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## क्रिस्टल जुबली समारोह के साथ सेंट जेवियर्स कॉलेज ने पूरे किए 15 वर्ष

**महुआडांड़।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ में संस्थान के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्रिस्टल जुबली समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम.के. जोश, ट्रेजरर फादर लियो, डॉ. फादर राजीप तिर्की, सिस्टर चंद्रोदय, मोहम्मद जफर इकबाल तथा सहायक प्राध्यापिका शालिनी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्थापना से लेकर 15 वर्षों की उपलब्धियों और विकास यात्रा को प्रस्तुत किया गया। क्रिस्टल जुबली का लोगो और थीम भी जारी किया गया। प्राचार्य डॉ. फादर एम.के. जोश ने गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा को समाज निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन रोजी सुष्मिता तिर्की ने किया।

## आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त को बारियातू पुलिस ने दबोचा

**बारियातू (लातेहार)।** बारियातू थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के दो मामलों में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि थाना कांड संख्या 70/24 एवं 71/24, दिनांक 17 नवंबर 2024 के तहत आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले के आरोपी परमेश्वर गंझु (पिता- ठाकुर दयाल गंझु), निवासी भगिया बरवाटोला, थाना बालूमाथ को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे लातेहार न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास और सुशासन के स्वर्णिम काल : देवेश तिवारी

**लातेहार।** ग्रामीण विकास मंत्रालय की राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड) के सदस्य देवेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष विकास, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। मंगलवार को लातेहार परिसदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, यूपीआई, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने झारखंड में एम्स देवघर, देवघर हवाई अड्डा, रेलवे एवं सड़क नेटवर्क विस्तार तथा जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने उनका स्वागत किया। मौके पर छोटू राजा, पंकज यादव, उषा देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जमीन विवाद में पूर्व मुखिया ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**मयूरहंड (चतरा)।** मंझगावां पंचायत के पूर्व मुखिया सह महेशा निवासी इश्हाक अली ने अपने और परिवार की सुरक्षा की मांग को लेकर मयूरहंड थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आवेदन में उन्होंने बताया कि खाता संख्या 57, प्लॉट संख्या 4476, रकबा 67 डिसमिल भूमि पर वह मकान निर्माण करा रहे हैं। इस जमीन को लेकर भाइयों के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। अंचल अधिकारी मयूरहंड और अनुमंडल पदाधिकारी चतरा के आदेश के बाद वह अपने हिस्से की जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई और उनके सहयोगी निर्माण कार्य रोकने का दबाव बना रहे हैं। ऐसा नहीं करने पर उन्हें और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी उनके परिवार के साथ मारपीट की घटना हो चुकी है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पूर्व मुखिया ने बताया कि 18 जून से लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी राहुल दुबे ने बताया कि मामले में सनहा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंधविश्वास ने ली 13 वर्षीय बालक की जान

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत के बेसरा गांव में अंधविश्वास के कारण 13 वर्षीय महाबली भारती की मौत हो गई। बताया गया कि सोमवार को जहरीले सांप के काटने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने में जुटे रहे। समय पर इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, मौत के बाद भी परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं थे। उन्हें आशंका थी कि पोस्टमार्टम के दौरान शव के अंग निकाल लिए जाएंगे। बाद में स्थानीय लोगों ने बताया कि गांवों में आज भी सांप काटने पर अस्पताल के बजाय ओझा-गुनी के पास ले जाने की परंपरा जानलेवा साबित हो रही है। इधर, मेदवाडीह की एक महिला ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बताया कि कुछ दिन पहले उसके पति को सांप ने काट लिया था। 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क नहीं हो सका, जिसके बाद कर्ज लेकर निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाना पड़ा और उनकी जान बचाई जा सकी। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिससे अंधविश्वास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की।

# गिरिडीह में 60 वर्षीय व्यक्ति की हत्या, सड़क किनारे मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की हत्या पीट-पीटकर कर दी गई। मृतक की पहचान वासुदेव मंडल के रूप में हुई है। उनका शव मंगलवार सुबह डुमरी थाना क्षेत्र के जन्मबेडा गांव के पास सड़क किनारे मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, वासुदेव मंडल डुमरी थाना क्षेत्र के बसगोहरा गांव के निवासी थे। परिजनों ने बताया कि वह ट्रैक्टर संचालन का काम करते थे और रोजाना तड़के घर से निकलते थे। मंगलवार सुबह भी वह अपनी बाइक से घर से निकले थे। कुछ घंटों बाद परिजनों को सूचना मिली कि उनका शव जन्मबेडा गांव के समीप पड़ा हुआ है। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शरीर पर कई चोटों के निशान मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि उनकी पिटाई की गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि हत्या के पीछे जमीन विवाद की वजह हो सकती है। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद डुमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से मृतक की बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है। डुमरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आबिद खान ने बताया कि वासुदेव मंडल की हत्या हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

## प्रत्येक मंगलवार को पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में लगेगा जनता दरबार

# अपने क्षेत्रवासियों को भटकने नहीं दूंगी : अंबा प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**भुरकुंडा।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने मंगलवार को अपने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें अंबा प्रसाद ने गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। जनता दरबार के दौरान क्षेत्रवासियों ने प्रखंड में उपलब्ध दो एंबुलेंसों की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। इस पर अंबा प्रसाद ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर एंबुलेंस की मरम्मत नहीं हुई तो वह स्वयं प्रखंड कार्यालय पहुंचकर धरना देंगी और एंबुलेंस चालू होने तक वहीं बैठी रहेंगी। जवाब में चिकित्सा पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि एंबुलेंस की मरम्मत की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसे दुरुस्त कर लिया जाएगा। अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसी उद्देश्य से वह प्रत्येक मंगलवार को अपने पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में जनता दरबार लगाती हैं, ताकि आम लोग सीधे अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकें और उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे मंगलवार को जनता दरबार में पहुंचें। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष देवानंद प्रसाद, पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, जयंत तूरी, योगेंद्र सिंह खरवार, संजय सिंह, रवि कुमार, प्रदीप साव, मेराज अंसारी, शशिकांत प्रसाद, संजू कुमार, सोनी देवी, अशोक प्रसाद, मनबोध महली, हरिदास साव, सुनील महतो, सुरेंद्र महतो, इमरान अंसारी, अजीत सिंह खरवार, राकेश प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।


# कार्यालय:—जिला परिषद, लातेहार।

पत्रांक:— दिनांक:—

**सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 560 दिनांक 06.06.2026 के द्वारा जिला परिषद लातेहार अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों में संवेदको का निबंधन हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 23.06.2026 तक तिथि निर्धारित थी जिसका PR No 381785 Rural Development (26-27) D है। जिसे संशोधित करते हुए आवेदन पत्र ब्रिकी एवं समर्पित करने की तिथि दिनांक 02/07/2026 तक की जाती है।

शेष शर्ते यथावत होगी।

उप विकास आयुक्त—सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 383076 Rural Development(26-27)D


## सक्रिय अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

# 13 चोरी की बाइक के साथ 5 गिरफ्तार

- मोटरसाइकिलें और बाइक का लॉक तोड़ने और उसे स्टार्ट करने में इस्तेमाल होने वाला पेचकसनुमा औजार बरामद किया गया

**नवीन मेल संवादाता**



**धनबाद।** पुलिस को बाइक चोरी के मामलों में बड़ी कामयाबी मिली है। निरसा अनुमंडल क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की 13 मोटरसाइकिलें और बाइक का लॉक तोड़ने में इस्तेमाल होने वाला विशेष औजार बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

### पांच संदिग्ध चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब ने प्रेस वार्ता में बताया कि 19 जून को कालूबथान ओपी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की घटना दर्ज होने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। एसडीपीओ निरसा के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 21 जून को नयाडांगा काली मंदिर मैदान के समीप छापेमारी कर पांच संदिग्धों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित कुमार चौहान, मनीष कुमार दुबे, सूरज हेम्ब्रम, चंदन कुमार और राजकुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपी निरसा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ में उन्होंने संगठित तरीके से मोटरसाइकिल चोरी करने और उन्हें ठिकाने लगाने की बात स्वीकार की।

### बाइक का नंबर प्लेट हटाकर बेच देते थे

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी चोरी की बाइक का नंबर प्लेट हटाकर, चेसिस नंबर से छेड़छाड़ कर और रंग बदलकर उसे बेच देते थे, ताकि पहचान छिपाई जा सके। आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई मोटरसाइकिलें और बाइक का लॉक तोड़ने और उसे स्टार्ट करने में इस्तेमाल होने वाला पेचकसनुमा औजार भी जब्त किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार सभी आरोपियों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ धनबाद के अलावा पश्चिम बंगाल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी बाइक चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

# गुरमा में अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर में एमजीएम थाना क्षेत्र के गुरमा गांव स्थित चांदनी चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर हुए सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 52 वर्षीय विनेश यादव के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के निवासी थे और वर्तमान में अपने परिवार के साथ घाटशिला में रह रहे थे। बताया गया कि वह ट्रक लेकर टाटा क्षेत्र में माल पहुंचाने के बाद घाटशिला लौट रहे थे। सोमवार रात वह गुरमा स्थित चांदनी चौक के पास हाईवे किनारे वाहन खड़ा कर भोजन करने के लिए सड़क पार कर एक लाइन होटल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद विनेश यादव सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े रहे।


# कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

पी0पी0पी0 मोड पर दुकान निर्माण/आवंटन संबंधी विज्ञापन निरस्त करने संबंधी सूचना।

विभागीय पत्रांक 01/स्था(जि0प0)—1/2026 1552/राँची, दिनांक 27.05.2026 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में इस कार्यालय के ज्ञापांक 894/जि0प0, दिनांक 22.05.2026 के माध्यम से प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत जपला जे0पी0 चौक पर पूर्व से स्थित यात्री शेड को तोड़कर उसके स्थान पर पी0पी0पी0 मोड पर मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण/आवंटन हेतु प्रकाशित विज्ञापन (PR No.- 380619) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

ह0/—
उप विकास आयुक्त —सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 383012 District(26-27)D


# विद्यालय परिसर में निर्मित लाइब्रेरी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को गांधी स्मारक प्लस टू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रामगढ़ परिसर में आम जनों एवं विद्यार्थियों के उपयोग हेतु नव-निर्मित लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, भवन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था तथा संचालन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लाइब्रेरी भवन का विस्तृत अवलोकन करते हुए वहां उपलब्ध अध्ययन कक्ष, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पुस्तक रखने की सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइब्रेरी में सभी आवश्यक संसाधनों एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आगामी 10 दिनों के भीतर इसका नियमित संचालन प्रारंभ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिक भी इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान एवं बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। इसके संचालन से विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा अध्ययन में रुचि रखने वाले नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे उनकी शैक्षणिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।

# शहीद दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शहीद दिवस पर मंगलवार को मुरहू प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुंजला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरहू मंडल अध्यक्ष विजय राम गंझू ने की। इस उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित के लिए उनके योगदान को याद किया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी युवाओं और समाज को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप काशीनाथ महतो, दानियाल भगत, दिलीप हीरो, सावन मुंडा, मंगराह मुंडा, बालमुकुंद सिंह, सिकंदर सिंह, विशुन तांती, जले महतो, लूरका महतो सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।


प्रपत्र VI 'क'

# समाहरणालय, गढ़वा

## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम—30/2013 की धारा—11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 454/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 20.06.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम—मझिगावां, थाना नं0—132, थाना—मझिऑव, अंचल—मझिऑव, जिला—गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना नगर पंचायत मझिऑव हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम—मझिगावां, थाना नं0—132, थाना—मझिऑव, अंचल—मझिऑव, जिला—गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश—1.67 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :—

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 95 | 1053 | रैयती | टॉड़ दो | 1.01 | रघुनाथ महरा वो विशुनदेव राम पिता—स्व0 मोती महरा, दिलीप राम, प्रदीप राम, कुलदीप राम, करमू राम पिता—स्व0 लक्ष्मण राम, धमेन्द्र राम, रविन्द्र राम, विनोद राम पिता—स्व0 रामलगन महरा व करन महरा व मनीष राम पिता—भिखारी राम | उ0—प्लॉट 1047 द0—प्लॉट 1054, 1067 पू0—प्लॉट सं0 1069, 1070, 1071 प0—नीज |
| 2 | 95 | 1048 | रैयती | धान दो | 0.63 | | उ0—प्लॉट 1047 द0—प्लॉट 1049 पू0—नीज प0—1044, 1042 |
| 3 | 95 | 1052 | रैयती | टॉड़ दो | 0.03 | | उ0—नीज द0—नीज पू0—प्लॉट 1069, 1070 प0—नीज |
| | | | | कुल :— | 1.67 | | |

यह अधिसूचना भू—अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा—11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता—सह—समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू—वेधन—छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अंचल निरीक्षक—सह—कानूनगो श्री सौरभ आनंद एवं अमीन फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू—अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू—अर्जन शाखा, गढ़वा। कानूनगो, जिला भू—अर्जन शाखा, गढ़वा। जिला भू—अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR 383042 Land Reforms (26-27)_D



# कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

विज्ञापन सं0 02/2026 — आवेदन हेतु अंतिम तिथि — 24.07.2026

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संविदा के आधार पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा द्वारा संविदा के आधार पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए निम्न संविदा रिक्त पदों हेतु अंकित मानदेय के विरूद्ध वांछित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यार्थियों से दिनांक 25.06.2026 से दिनांक 24.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक बंद लिफाफ में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र | कार्यक्रम का नाम | पद कोड | पदनाम | संविदा स्वीकृत पद | संविदा कुल रिक्ति | संविदा नियुक्ति हेतु रिक्ति विवरणी | योग्यता एवं अर्हता | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | 1 | Accountant - NTEP | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Graduate in commerce. Two years of experience in maintenance of accounts double entry system in a recognized Society or Institution. Experience in working with Accounting software for at least 2 years. **Desirable:** Familiarity with audit in a recognized society or institution. MBA/PGD in Financial management. | Rs 12,263/- |
| 2 | National Tuberculosis Elimination Programme (NTEP) | 2 | District PPM (Public Private Mix) Coordinator - NTEP | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Post Graduate. One year experience of working in field of communication/ACSM/ Public-Private partnership/ Health projects/Programms. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. **Desirable:** Preference to those who have worked in NTEP. Certificate/Diploma/Degree/Masters holders in Social Sciences / Mass Media / Communication / Rural Development Advocacy / Partnerships/ related field. Basic knowledge of computers. | Rs 17,392/- |
| 3 | | 3 | Senior Tuberculosis Laboratory Supervisor (STLS) - NTEP | 2 | 1 | 1 (ST) | **Essential Qualification :** Graduate or Diploma in Medical Laboratory technology or equivalent from a government recognized institution. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. Certificate course in computer operations (minimum two months). **Desirable:** Minimum One year of experience in NTEP. | Rs 21,420/- |
| 4 | | 4 | Senior Treatment Supervisor (STS) - NTEP | 5 | 4 | 4 (ST-2, UR-2) | **Essential Qualification :** Bachelor's degree or Recognized Sanitary inspector's course. Certificate Course in computer operation (minimum 2 months). Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. **Desirable:** Tuberculosis health visitor's recognized course. Govt. recognized degree/diploma in Social work or Medical Social work. Successful completion of basic training course (Govt. recognized) for Multi-purpose health workers. | Rs 19,999/- |
| 5 | Malnutrition Treatment Centre (MTC) | 5 | Nutrition counselor - MTC | 2 | 1 | 1 (ST) | **Essential Qualification :** Master's/ Bachelor's degree in any subject (Hons/Pass) with Diploma or Certificate Course in Nutrition. Basic Computer skills, especially those related to MS office. Good Data management skills. **Desirable:** 1 year work experience in Health Sector/ relevant field. Would be given preference to female candidates. Fluency in local languages- both written and spoken. Ability work in a team. | Rs 13,643/- |
| 6 | | 6 | Cook cum attendant - MTC | 2 | 2 | 2 (ST-1, UR -1) | **Essential Qualification :** Diploma in cooking/ Hotel Management/ Catering **OR** Matriculation with 2 years working experience in cooking in any institution. | Rs 10,500/- |
| 7 | National Mental Health Programme (NMHP) | 7 | Clinical Psychologist – NMHP | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Post Graduate Degree in Psychology or applied psychology and master of philosophy in medical and social psychology or master of philosophy in Mental Health and Social Psychology obtained after completion of a full time course of two years which includes supervised Clinical training, approved and recognized by Rehabilitation Council of India. | Rs 34,729/- |
| 8 | | 8 | Psychiatric Social Worker – NMHP | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Post Graduate degree awarded after completion of course of study of minimum two years in mental health or psychiatric social work. | Rs 29,524/- |
| 9 | National Centre for Vector Born Disease Control (NCVBDC) | 9 | Malaria Technical Supervisor (MTS) - NCVBDC | 3 | 2 | 2 (ST-1, UR-1) | **Essential Qualification :** Graduate preferably from biology stream and in case the candidate with desired qualification is not available, a graduate with science in class XII shall be considered. Experience candidates in health related programme shall be given preference. The candidates should have a valid two wheelers driving license. | Rs 24,036/- |
| 10 | | 10 | Financial Logistic Assistant (FLA) - NCVBDC | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Graduate in Commerce/Qualified SAS accountant or persons who have qualified cash & account training from institute of Secretarial Training & Management (Min. of Personnel & PG) with minimum 5 years of experience in accounting analysis, budgeting, financial software and reporting systems. | Rs 24,036/- |
| 11 | | 11 | Refrigerator Mechanic - NHM | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Matric & Certificate of ITI in refrigeration and air-conditioning with apprenticeship. Minimum 3 years working experience in repairing cold chain equipment. | Rs 14,013/- |
| 12 | National Health Mission (NHM) | 12 | Cold Chain Handler - NHM | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** 12th or inter with science and 3 years' experience of handling vaccines in Cold Chain. | Rs 14,013/- |
| 13 | | 13 | X-ray Technician - NHM | 3 | 2 | 2 (UR-1, ST-1) | **Essential Qualification :** 10 + 2 or intermediate. Diploma in X-ray Technology/ Radiology from Govt. recognized institution. Minimum Two year experience in Medical Lab. Registered under Jharkhand Paramedical Council. | Rs 16,002/- |
| 14 | National Health Mission (NHM) | 14 | Block Data Manager - NHM | 5 | 4 | 4 (UR-2, ST-2) | **Essential Qualification :** Graduation in any Discipline from any recognized University with at least 1 year Diploma in Computer Application/ Post Graduate Diploma in Computer Application/ DOEACC "O" level from Govt. Recognized Institute/ITI/IDTR or Bachelor in Computer Application/ B.Sc. (IT)/ B.Sc. (Computer Science) DOEACC 'A' level from recognized Institute/ University. Minimum 2 year of post qualification relevant experience with reputed organization. Experience in working on MS-Office Package and Internet Usage. With basic knowledge of Software and hardware and able to attend trouble shooting in computers, printings and network connectivity. Typing skills in English is mandatory with minimum speed of 40 WPM in English. Knowledge of typing in Hindi will be Desirable. Excellent Interpersonal Communication. Fluency in local language, both written and oral. | Rs 15,000/- |
| 15 | | 15 | Staff Nurse - NHM | 27 | 8 | 8 (ST- 4, EWS- 1, UR -3) | **Essential Qualification :** 10 + 2 or intermediate with 3 years of General Nursing and Midwifery Training from Govt. recognized institution. Registered under Jharkhand Nursing Council. | Rs 16,564/- |
| 16 | | 16 | ANM - NHM | 113 | 10 | 10 (ST- 5, EWS- 1, UR- 4) | **Essential Qualification :** 10+2 or equivalent examination & should have completed ANM course from institution recognized by Govt. and approved by INC. Registered under Jharkhand Nursing Council. | Rs 11,466/- |
| 17 | Special Newborn Care Unit (SNCU) | 17 | Staff Nurse - SNCU | 12 | 2 | 2 (ST- 1, UR- 1) | **Essential Qualification :** 10 + 2 or intermediate with 3 years of General Nursing and Midwifery Training from Govt. recognized institution. Registered under Jharkhand Nursing Council. | Rs 15,766/- |
| 18 | ARSH Cell | 18 | ARSH Counselor - RKSK | 5 | 4 | 4 (ST-2, UR-2) | **Essential Qualification :** Should be Post Graduate degree in Psychology/Social Work/ Sociology/ Anthropology/ Human Development or hold diploma in Nursing with Minimum 1-3 years' experience in field of Adolescent Work. Knowledge of adolescent developmental stage. Good working knowledge of MS. The position would be block level position. | Rs 15,000/- |
| 19 | Rashtriya Bal Swasthya Karyakram (RBSK) | 19 | Pharmacist -RBSK | 8 | 8 | 8 (UR-4, ST-4) | **Essential Qualification :** Diploma in Pharmacy from a recognized institute. Registered under Jharkhand State Pharmacy Council. Computer proficiency (MS Office) & Internet. | Rs 11,550/- |
| 20 | | 20 | ANM - RBSK | 5 | 1 | 1 (ST) | **Essential Qualification :** 10+2 or equivalent examination & should have completed ANM course from institution recognized by Govt. and approved by INC. Registered under Jharkhand Nursing Council. | Rs 12,039/- |
| 21 | National Urban Health Mission (NUHM) | 21 | Lab Technician – NUHM | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** 10 + 2 or Intermediate and Diploma in Lab Technician from Govt. recognized Institute with one Year of Experience. Registered under Jharkhand Paramedical Council. | Rs 10,973/- |
| 22 | | 22 | Pharmacist - NUHM | 1 | 1 | 1 | **Essential Qualification :** Diploma In Pharmacy from a recognized institute. Registered under Jharkhand State Pharmacy Council. Computer proficiency (MS Office) & Internet. | Rs 10,973/- |
| 23 | National Urban Health Mission (NUHM) | 23 | ANM - NUHM | 6 | 1 | 1 (ST) | **Essential Qualification :** 10+2 or equivalent examination & should have completed ANM course from institution recognized by Govt. and approved by INC. Registered under Jharkhand Nursing Council. | Rs 10,395/- |

उपरोक्त सारणी में Essential Qualification का तात्पर्य आवश्यक न्यूनतम योग्यता है।

उक्त संविदा नियुक्ति से संबंधित अन्य शर्तें, पदीय अर्हता, आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण http://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है एवं उपायुक्त के कार्यालय, सिविल सर्जन के कार्यालय, जिला जनसंपर्क कार्यालय तथा जिला नियोजन कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

सिविल सर्जन,
लोहरदगा

PR 383020 Lohardaga (26-27)_D


# दृष्टिपात

## +2 उच्च विद्यालय कपका का छात्र रोशन कुमार बना आईआईटीएन, विद्याल य परिवार ने किया सम्मानित



**बरकट्ठा।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कपका के छात्र रौशन कुमार मंडल पिता गुलाबचंद महतो ने आईआईटी की परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्रधानाध्यापक अनिल नाथ ने छात्र रोशन कुमार को मोमेंटो और उनके माता-पिता को शॉल भेटकर सम्मानित किया। कपका निवासी रोशन मंडल वर्ष 2026 में वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त करते हुए स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रोशन मंडल ने गांव में रहकर आईआईटी की परीक्षा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। छात्र रौशन मंडल शुरू से ही लगन सील, आज्ञाकारी और मेहनती था। इन्होंने ऑल ओवर इंडिया में 5514 रैंक और कैटेगरी में 1213 रैंक प्राप्त किया है। सम्मान समारोह में मुखिया कमलेश प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष किशोर प्रसाद, शिक्षक ईश्वरी सिंह, संतोष दास, दिनेश पासवान, जितेंद्र कुमार, सुमित कुमार दास, राकेश चौबे, रोहित प्रसाद, कुलदीप मंडल, बसंत रविदास, सुरेंद्र कुमार, महेश पासवान, ननललिता देवी, अंजू कुमारी निश्चित मिश्रा, गोपाल कुमार, विक्रम सिंह, प्रदीप कुमार, गोपाल राम, राजकुमार रविदास, मुकेश यादव, सावन दास, प्रवेश कुमार, अविनाश कुमार, चंद्रिका मंडल, निमित्त पांडेय उपस्थित थे।

## बंद पड़े खदान में डूबने से एक की मौत मृतक का शव निकाला गया




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम खैरियो टोला अम्बाकोला में बंद पड़े खदान में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ने पर गांव वालों ने मृतक का शव खदान से बाहर निकाला। मृतक की पहचान ग्राम खैरियो निवासी संजय मलहोर 50 वर्ष पिता कैलाश मलहोर के रूप में किया गया है। जानकारी हो कि चेचकप्पी पंचायत क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक अवैध पत्थर खदान इस समय बंद पड़ा है। उक्त खदानों की गहराई इतनी अधिक है जिसे देखने वाला को चक्कर आ जाये। इसके पूर्व भी खदान में डूबकर एक बच्चे की मौत होने के बाद तत्कालीन सीओ के द्वारा कहा गया था कि बंद पड़े सभी खदानों के चारों ओर कटीला तार का बैरिकेडिंग किया जाएगा जो आज तक नही हो पाया है। बताया जा रहा है कि मृतक संजय मलहोर का कोई नही है। उसकी पत्नी उसे छोड़ चुकी है और उसका कोई संतान नहीं है. घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मामले को लेकर कुछ भी कहने से परहेज़ कर रहे हैं। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष कुमार भगत ने बताया कि पुलिस अधिकारी को मामले की जांच के लिए भेजा जा रहा है।

## सेमेस्टर-5 परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू, 30 जून अंतिम तिथि



**बरही।** विनोबा भावे ने चतुर्थ वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-5 (सत्र 2023-27) के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का लिंक सक्रिय कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, एफवाईयूजीपी सेमेस्टर-5 (2023-27) के सभी नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य है। इसके अलावा एफवाईयूजीपीP सेमेस्टर-5 (2022-26) एवं यूजी सेमेस्टर-5 (2021-24) स्पेशल के वे विद्यार्थी, जो सेमेस्टर-5 में प्रोमोटेड हैं, उन्हें भी परीक्षा फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, बिना विलंब शुल्क परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद विलंब शुल्क लागू हो सकता है। विद्यार्थियों को समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय के ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल के माध्यम से भरा जा सकता है। आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को अपने पंजीकरण विवरण एवं अन्य आवश्यक जानकारी सही-सही दर्ज करने की सलाह दी गई है।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के संस्थापक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रामगढ़।** 23 जून 26 को राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ के प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह के कर कमलों द्वारा स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया गया । इस अवसर पर सभी शिक्षकवृंद एवं विद्यार्थियों ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। चेयरमैन बी एन साह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय गोविंद साह एवं स्वर्गीय राधा देवी द्वारा स्थापित आदर्श और मूल्य आज भी विद्यालय परिवार को प्रेरित कर रहे हैं । विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की पुण्यात्माओं की स्मृतियां हमें सदैव सेवा ,समर्पण एवं मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है । अंत में विद्यालय परिवार ने उनके बताये मार्ग पर चलने तथा शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया । मौके पर विद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी,प्रशासक के एन सिंह , इंटर कॉलेज की प्राचार्या सोमा पांडे ,शिक्षकवृंद, विद्यार्थीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जीवनरूपी रथ में श्रीकृष्ण की तरह सारथी रखना चाहिए : अभिषेक कुमार

- अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा : विद्यालय के पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर रामगढ़ में "मेरा विद्यालय, मेरा गौरव" के अंतर्गत एक प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम लगभग दो घंटें तक चला। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में बिहार सरकार में पदस्थापित अधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण ने अभिषेक कुमार पांडेय का आत्मीय स्वागत करते हुए उनका परिचय उपस्थित भैया - बहनों एवं शिक्षकों से सभागार में कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और उनका अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मौके पर भैया अभिषेक कुमार पांडेय ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं करियर निर्माण के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि जीवनरूपी रथ में सारथी के रूप में ऐसे मित्र, मार्गदर्शक एवं गुरु होने चाहिए, जो भगवान श्रीकृष्ण की भांति सही समय पर उचित दिशा प्रदान करें। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, निरंतर अध्ययन,सकारात्मक सोच एवं संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है उन्होंने भी भैया-बहनों को संबोधित करते हुए प्रेरक प्रसंग के माध्यम से जीवन में लक्ष्य के प्रति समर्पण, समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व तथा अपने विद्यालय से निरंतर जुड़े रहने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला एवं शुभकामनाए दी।

## निर्माण एजेंसी ने लिया संज्ञान, डस्ट डालकर चलने लायक बनाई सड़क



**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर पिछले 36 घंटे से लगे भीषण जाम से राहगीरों को आखिरकार राहत मिल गई। मामला सुर्खियों में आने के बाद निर्माण एजेंसी ने संज्ञान लेते हुए शिलाडीह और गोरहर के समीप फ्लाईओवर निर्माण स्थल पर जीएसबी डालकर सड़क को आवागमन योग्य बनाया। बताया जाता है कि शिलाडीह और गोरहर के पास फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान वाहनों के आवागमन के लिए सिंगल लेन सड़क बनाई गई थी। लगातार भारी वाहनों के आवागमन और बारिश के कारण इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिससे वाहन रेंग-रेंग कर चलने को मजबूर थे। रविवार रात से लेकर सोमवार देर रात तक सड़क पर करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इस दौरान ट्रक, बस, एंबुलेंस, स्कूल बस समेत हजारों वाहन फंसे रहे और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार में समाचार प्रकाशित होने और लोगों की शिकायतों के बाद निर्माण एजेंसी ने सड़क की मरम्मत कर जीएसबी बिछाया, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य होने लगी।

## साथ-साथ लहराते हैं भगवा व मुहर्रम के झंडे मंदिर व दरगाह देते हैं भाईचारे का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आज जब समाज में छोटी-छोटी बातों पर विभाजन की रेखाएं खींचने की कोशिशें होती हैं, तब बरही प्रखंड का कोनरा पंचायत सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी विश्वास और गंगा-जमुनी संस्कृति की जीवंत मिसाल बनकर उभरता है। यहां धर्म अलग हो सकते हैं, लेकिन दिलों में बसने वाली इंसानियत एक है। कोनरा पंचायत में मुस्लिम बहुल आबादी के बीच माता भगवती का अति प्राचीन मंदिर स्थित है, मंदिर से सटे इमामबाड़ा भी मौजूद है। वर्षों से दोनों धार्मिक स्थल न केवल अपनी-अपनी आस्था के केंद्र हैं, बल्कि आपसी सम्मान और भाईचारे के प्रतीक भी बने हुए हैं। यहां मंदिर की घंटियों और दरगाह की दुआओं के बीच कभी दीवारें नहीं खड़ी हुईं, बल्कि रिश्तों की मजबूत नींव तैयार हुई है। हाल ही में मुस्लिम बहुल क्षेत्र के मध्य स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान की सफलता में मुस्लिम भाइयों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया। कई परिवारों ने अपने घरों की छतों पर साउंड सिस्टम लगाने की अनुमति दी और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। यह केवल सहयोग नहीं था, बल्कि एक-दूसरे की आस्था के प्रति सम्मान का जीवंत उदाहरण था। इसी तरह मुहर्रम के अवसर पर हिंदू समुदाय भी पूरे सम्मान और सहयोग के साथ सहभागिता निभाता है। यही कारण है कि बरही में कई स्थानों पर भगवा ध्वज और मुहर्रम के झंडे एक साथ शान से लहराते दिखाई देते हैं। यह दृश्य केवल दो झंडों का नहीं, बल्कि दो समुदायों के बीच विश्वास, प्रेम और सद्भाव के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। बरही की यह संस्कृति बताती है कि देश की असली ताकत विविधता में नहीं, बल्कि विविधता के बीच एकता बनाए रखने में है। कोनरा पंचायत का यह संदेश पूरे समाज के लिए प्रेरणा है कि त्योहार, धर्म और परंपराएं लोगों को बांटने के लिए नहीं, बल्कि जोड़ने के लिए होती हैं।

## महिला के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट का आरोप, थाने में शिकायत

**बरही।** पूर्वी पंचायत के बाराटांड़ मुहल्ले में एक महिला के साथ कथित अभद्र व्यवहार और मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 17 जून की शाम की बताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उनकी पुत्रवधू के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इस दौरान आरोपी की पत्नी भी आ गई और दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट की घटना हुई, जिसमें महिला को चोटें आईं है । शिकायत में यह भी कहा गया है कि घटना के दौरान गाली-गलौज तथा धमकी देने की बात सामने आई है। पीड़ित पक्ष ने मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर पुलिस को आवेदन सौंप दिया गया है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय राज्य-कर संयुक्त आयुक्त, लोहरदगा अंचल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

वाणिज्य–कर विभाग के लोहरदगा अंचल, लोहरदगा के क्षेत्राधिकार के करदाताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 तथा झारखण्ड पेशा कर अधिनियम 2011 के अंतर्गत निबंधन हेतु, निबंधन कैम्प का आयोजन निम्नवत् किया जाता है :–

| क्रं0 सं0 | कैम्प आयोजन स्थल | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, लोहरदगा अंचल, लोहरदगा। | दिनांक 29.06.2026 समय अपराहन 11:30 बजे से अपराहन 3:30 बजे तक। |

सभी अहर्ताधारी करदाताओं से अनुरोध है कि निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ निबंधन हेतु आयोजित कैम्प में भाग लें, ताकि अधिकाधिक निबंधन आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जा सके :–
आवश्यक दस्तावेज :–
1. PAN Crad
2. Aadhar Crad
3. Email ID
4. Mobile No.
5. Address Proof (Lease Agreement/ Rent Agreement/ Consent Letter/ Electricity Bill ect.)
6. Photograph (Proprietor, Partners/ Directors/ Karta in case HUF)
7. Bank A/C details.

राज्य–कर संयुक्त आयुक्त,
लोहरदगा अंचल, लोहरदगा

PR 383065 Lohardaga(26-27)#D



**समाहरणालय, लोहरदगा**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.)) – 2nd Floor, Block - B**
Email id- dwo.lohardaga@gmail.com, meso.lohardaga@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा**

लोहरदगा जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, टाटी, कैरो, मेढ़ो सेन्हा, ओनेगढ़ा पेशरार एवं खरकी, किस्को में बाह्यश्रोत के माध्यम सें वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सुयोग कर्मियों यथा– रसोइया, मेस हेलपर, रात्री प्रहरी एवं सफाईकर्मी– सह– झाडूदार को दैनिक कार्य हेतु न्युनतम मजदूरी दर पर आपूर्ति हेतु सर्विस प्रोवाईडर एजेन्सी से दिनांक 08.07.2026 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक अल्पकालीन निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.) – समाहरणालय, लोहरदगा 2nd Floor, Block – B में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 09.07.2026 के अपराहन 3:00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में जिला समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि संबंधित कागजातों के साथ उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 383039 Lohardaga(26-27)#D



**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लातेहार**
(E-mail ID- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in)

**अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या :– 04/R1/2026-27/EE/NREP/LATEHAR
(DMFT)

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR /04/ 2026-27 | प्रखंड लातेहार अंतर्गत पंचायत शीशी के ग्राम शीशी में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह दक्षिण के प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, नावाडीह–02 का निर्माण | 20,89,400.00 | 42,000.00 | 03 माह | द्वितीय |

1. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.06.2026 से दिनांक–04.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.07.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– **कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – **06565796434 ई मेल–** nrep-lat@jharkhandmail.gov.in
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में BCD में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR.NO.383044 NREP(26-27):D



**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त नामांतरण अपील वाद सं0– 08/2021–2022 छोटन पाण्डेय बनाम् सुनीता देवी वगैरह में द्वितीय पक्ष के क्र0सं0– 02 सरस्वती देवी पति– जमुना प्रसाद सोनी ग्राम– रंका कला, पो0– रंका, थाना– रंका जिला– गढ़वा को रंका थाना के माध्यम से नोटिस भेजा गया, तामिला प्रतिवेदन में उल्लेखित है कि प्रत्यार्थी सं0– 02 सरस्वती देवी अपना भूमि बिक्री के बाद रामानुजगंज (अम्बिकापुर) छ:ग रहने लगे। प्रत्यार्थी के सूचनार्थ यह प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कराया जा रहा है। प्रत्यार्थी को निदेश दिया जाता है कि प्रेश विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर भूमि सुधार उप समाहर्ता, रंका के न्यायालय में आवश्यक कागजात के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। समय–सीमा समाप्ति के उपरांत वाद की एकपक्षिय कार्रवाई की जायेगी।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका।

PR 383045 (Land Reforms) 26-27 (D)



**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
*(CIN:U40108JH2013SGC001702)*
विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज
**Email:** esedaltonganj@yahoo.in

**आम सूचना**

आम जनता/ उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज अंतर्गत "जन समस्या निवारण केन्द" प्रारम्भ हो गया है। बिजली से जुड़े हुए कोई भी समस्या यथा विद्युत आपूर्ति बाधित/फयूज कॉल/ जले हुए ट्रांसफार्मर की बदली/ बिजली बिल नहीं मिलने संबंधित मामले इत्यादि जैसी अपनी सभी समस्या को मोबाईल संख्या **9241365700** पर सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल/व्हाट्सएप के द्वारा सूचित कर सकते है। प्राप्त समस्या का निराकरण यथाशीध्र की जाएगी।
इसके अतिरिक्त:–
1. डालटनगंज शहर के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **9905606162** पर सुबह 10 बजे से अपराहन 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. छतरपुर क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **8292605300** पर सुबह 10 बजे से अपराहन 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
3. लातेहार क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **8757710488** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।**

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज

PR 383061 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. SWD/MID/CHATRA/F2-04/2026-27** **Date:- 23.06.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Tender on website | 04.07.2026 at 2.00 pm |
| 2 | Last date/Time for submission of Bids | 11.07.2026 at 5.00 pm |
| 3 | Date of opening of e-Tender | 13.07.2026 at 12.00 pm |
| 4 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 5 | Contact no. of Procurement officer | 06541-223672 |
| 6 | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 7 | Helpline number of e-Procurement cell | 06541-223672 |
| 8 | Last Date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 11.07.2026 Up to 5.00 pm |

| Sl No. | Gr. No. | Name of Scheme | Estimated Cost (in Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Construction of Anganbari Kendra in Hindikala, GP-Sidki, Block-Pratappur, Dist.-Chatra. | 1200000.00 | 04 Months |
| 2 | 2 | Construction of Anganbari Kendra in Deokundi, GP-Yogiyara, Block-Pratappur, Dist.-Chatra. | 1200000.00 | 04 Months |
| 3 | 3 | Construction of Anganbari Kendra in Hesatu, GP- Sidki, Block-Pratappur, Dist.-Chatra. | 1200000.00 | 04 Months |
| 4 | 4 | Construction of Anganbari Kendra in Angada, GP-Dumarwar, Block-Pratappur, Dist.-Chatra. | 1200000.00 | 04 Months |
| 5 | 5 | Construction of Anganbari Kendra in Bhittha, GP-Yogiyara, Block-Pratappur, Dist.-Chatra. | 1200000.00 | 04 Months |
| 6 | 6 | Construction of Anganbari Kendra in Uchla, GP-Nawadih, Block-Hunterganj, Dist.-Chatra. | 1108200.00 | 04 Months |
| 7 | 7 | Construction of Anganbari Kendra in Nawadih Miya Tola, GP- Nawadih, Block-Hunterganj, Dist.-Chatra. | 1108200.00 | 04 Months |
| 8 | 8 | Construction of Anganbari Kendra in Dumri Kala, GP-Dumri Kala, Block-Hunterganj, Dist.-Chatra. | 1108200.00 | 04 Months |

**Note :-** 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in.

**Sd/-**
**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Chatra**

PR 383055 Minor Irrigation (26-27)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# अवैध कोयला खनन की मजबूरी व सुरंगों में दफन होती जिंदगी

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड भारत के कोयला मानचित्र का बड़ा नाम है। यहां की अर्थव्यवस्था से लेकर देश के औद्योगिक विकास और ऊर्जा आपूर्ति में कोयले की बड़ी भूमिका है पर झारखंड के कई कोयला बहुल इलाकों में एक समानांतर और खतरनाक अर्थव्यवस्था भी खड़ी कर दी गई है जिसका आधार अवैध खनन और छोटे वाहनों से उसकी आपूर्ति पर टिका है । हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो और उत्तरी छोटानागपुर के कई क्षेत्रों में वर्षों से चल रहा अवैध कोयला उत्खनन अब केवल राजस्व हानि का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव जीवन, पर्यावरण और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। दशकों से होता आया यह अवैध कारोबार मजबूर ग्रामीणों की मृत्यु का छोटा समाचार बनाता है ।ताजा मामला हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र का है, जहां बीते रविवार को कथित अवैध कोयला खदान में चाल धंसने और मलबा गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा राउतपारा क्षेत्र के समीप अवैध उत्खनन के दौरान हुआ। घटना के बाद शव को हटाकर मामले को दबाने की चर्चाएं भी सामने आईं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन और कोयला तस्करी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। यह कोई पहली घटना नहीं है, कुछ वर्षों में हजारीबाग और आसपास के जिलों में अवैध खनन से जुड़ी कई दुर्घटनाओं में दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। बड़कागांव की इस घटना से कुछ ही दिन पहले बगल के रामगढ़ जिले के अरगड्डा क्षेत्र में बंद खदान के समीप अवैध सुरंग में उतरे चार युवकों की ऑक्सीजन की कमी और जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। इससे पहले हजारीबाग के बरियातू-खावा क्षेत्र में अवैध खदान में नदी का पानी घुसने से तीन लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन घटनाओं की प्रकृति अलग-अलग हो सकती है, जैसे कहीं चाल धंसती है, कहीं गैस से दम घुटता है, कहीं पानी भर जाता है, लेकिन मूल कारण एक ही है- असुरक्षित और अवैध खनन। कोल क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, बिना वैज्ञानिक योजना, सुरक्षा मानकों और तकनीकी निगरानी के संचालित खदानें "टिकिंग टाइम बम" जैसी होती हैं। इनमें काम करने वाले अधिकांश मजदूर गरीब परिवारों से आते हैं और कुछ सौ रुपये की दैनिक आय के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं।हजारीबाग विशेष रूप से बड़कागांव, गोंदलपुरा, बादम, मोहनपुर, चनारो, बुच्चाडीह, चुरचू, आंगो और केरेडारी जैसे क्षेत्रों में अवैध कोयला कारोबार लगातार चर्चा में रहा है। कार्रवाई भी हुई 2021 में बड़कागांव पुलिस ने 10 अवैध खदानों पर डोजरिंग की कार्रवाई की।2022 में पुलिस ने कई जंगल क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। 2024 में वन विभाग ने राउतपारा जंगल से 34 टन अवैध कोयला जब्त किया।2025 में गोंदलपुरा क्षेत्र में 65 टन अवैध कोयला बरामद किया गया।एक वर्ष पूर्व वन विभाग ने 32 अवैध खदानों के मुहाने बंद किए थे।2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार केवल छह माह में अवैध खनन से जुड़े 50 से अधिक एफआईआर दर्ज किए गए थे। खनन विशेषज्ञों और कुछ वरिष्ठ लोगों के अनुसार इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें प्रमुख हैं झारखंड में विशाल कोयला भंडार और उसकी लगातार मांग। ईंट भट्ठों, छोटे उद्योगों और स्थानीय बाजारों में सस्ते कोयले की मांग बनी रहती है।बंद पड़ी या अभी तक औपचारिक खनन शुरू न हुई खदानों के आसपास सुरक्षा और निगरानी की कमी।ग्रामीण बेरोजगारी। कई इलाकों में सीमित आय के अवसर होने के कारण स्थानीय लोग जोखिम उठाकर अवैध खनन में शामिल हो जाते हैं।संगठित परिवहन और तस्करी नेटवर्क। स्थानीय स्तर पर कोयला निकालने से लेकर डंपिंग और अन्य राज्यों तक आपूर्ति की व्यवस्था वर्षों से विकसित हो चुकी है।कार्रवाई और पुनरावृत्ति का चक्र। खदानें सील होती हैं, लेकिन कुछ समय बाद नए स्थानों पर फिर अवैध उत्खनन शुरू हो जाता है।अवैध खनन केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि इससे राज्य सरकार को रॉयल्टी, डीएमएफटी, जीएसटी और अन्य करों के रूप में बड़ी आय होती है। अकेले गोंदलपुरा जैसी परियोजना से हर वर्ष सैकड़ों करोड़ रुपए के राजस्व हानि की संभावना बताई जाती है। इसका असर जंगलों और जल स्त्रोतों पर भी पड़ रहा है। कई मामलों में वन भूमि के भीतर सुरंगें बनाकर कोयला निकाला जाता है। इससे मिट्टी कटाव, भू-स्खलन, भूजल स्तर में बदलाव और जैव विविधता को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण और अदालतों के समक्ष झारखंड में अवैध खनन से जुड़े कई मामले लंबित हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि जहां कोल ब्लॉक आवंटित हो चुके हैं, वहां पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से वैध खनन शुरू होने से रोजगार, राजस्व और निगरानी—तीनों में सुधार हो सकता है। वैध परियोजनाओं में सुरक्षा मानक, पर्यावरणीय शर्तें, सामाजिक दायित्व और सरकारी निगरानी लागू होती है।

विचार प्रवाह

अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरु हो जाती है। **- स्वामी विवेकानंद जी**

# राष्ट्रपति-पीएम का मयूरभंज दौरा : सभ्यता की मुख्यधारा में आदिवासी योगदान की स्वीकृति

आज की बात



सत्येंद्र प्रताप सिंह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ओडिशा के मयूरभंज ज़िले में संथाली 'जहेर' और हो समुदाय के 'जहेरा' जैसे पवित्र उपवनों का दौरा करके, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शायद विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने या कोई और राजनीतिक भाषण देने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने उस ढांचे को फिर से तैयार करने में मदद की है जिसके जरिए भारतीय राज्य आदिवासी समुदायों के साथ जुड़ता है। दशकों से आदिवासी मुद्दों पर सार्वजनिक चर्चा मुख्य रूप से दो चरम स्थितियों के बीच घूमती रही है- कल्याण और संघर्ष। आदिवासियों को या तो सरकारी मदद पाने वाले लाभार्थियों के रूप में या फिर पिछड़ेपन, विस्थापन और उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के रूप में दिखाया गया है। इस चर्चा में आदिवासी समुदायों को भारत की कुछ सबसे पुरानी जीवित सभ्यतागत परंपराओं के उत्तराधिकारी और संरक्षक के रूप में गहराई से पहचानने की बात छूट गई है। मयूरभंज के पहाड़पुर में हुए कार्यक्रम उस कमी को सुधारने का मौका देते हैं। 'जहेर स्थल' (जिसे संथाल लोग 'जहेर थान' कहते हैं) और हो समुदाय का 'जहेरा' केवल पूजा-स्थल नहीं हैं। ये पवित्र उपवन हैं जहां आस्था, पर्यावरण, सामुदायिक यादें और सामूहिक पहचान एक साथ मिलती हैं। पीढ़ियों से संरक्षित और सुरक्षित रखे गए ये वन-क्षेत्र एक ऐसी जीवन-दृष्टि को दर्शाते हैं जिसमें प्रकृति दोहन का संसाधन नहीं, बल्कि सम्मान के योग्य एक जीवित सत्ता है। पर्यावरणीय स्थिरता के वैश्विक नीतिगत जरूरत बनने से बहुत पहले ही, पूरे भारत में आदिवासी समुदाय इसे जीवन-शैली के रूप में अपना चुके थे। बाहा, सोहराई और माघे परब जैसे त्योहारों से जुड़ी रस्में इन पवित्र स्थलों से अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। ये सामाजिक एकजुटता के केंद्र, मौखिक परंपराओं के भंडार और स्वदेशी ज्ञान की जीवंत पाठशालाएं हैं। इनके संरक्षण ने उन सांस्कृतिक प्रथाओं को बनाए रखा है जो आधुनिक राष्ट्र-राज्य के अस्तित्व में आने से भी पहले से चली आ रही हैं। इसलिए, भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का इन स्थलों पर संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना करना केवल



प्रतीकात्मकता से कहीं बढ़कर है। यह स्वतंत्र भारत में संथाली और हो आध्यात्मिक परंपराओं को दी गई आधिकारिक मान्यता के उच्चतम स्तरों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।

यह प्रतीकात्मकता और भी गहरी है क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद संथाल समुदाय से आती हैं। मयूरभंज से राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफ़र अपने आप में प्रतिनिधित्व और सामाजिक गतिशीलता के बारे में एक सशक्त संदेश है। इन पवित्र उपवनों में प्रधानमंत्री के साथ उनकी मौजूदगी, एक औपचारिक दौरे को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने वाले पल में बदल देती है। यह दौरा शासन-व्यवस्था की सोच में एक बड़े बदलाव का संकेत भी है। यह बदलाव भारत के कई आदिवासी-बहुल इलाकों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लंबे संघर्ष के संदर्भ में खास तौर पर अहम है। दशकों तक, बुनियादी ढांचे की कमी, सरकारी मौजूदगी का कम होना और स्थानीय समुदायों को हाशिए पर रखने जैसे हालात बने रहे, जिनका फायदा विद्रोही आंदोलनों ने उठाने की कोशिश की। फिर भी, अनुभव से पता चला है कि सिर्फ सुरक्षा उपायों से स्थायी शांति नहीं मिल सकती। इसके लिए आदिवासी पहचान को मान्यता देना, सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा करना और यह पक्का करना जरूरी है कि विकास सम्मान और भागीदारी के साथ ऐतिहासिक रूप से पिछड़े इलाकों तक पहुंचे। बेहतर कनेक्टिविटी, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, शिक्षा के बढ़ते मौके और मज़बूत स्थानीय शासन की वजह से वामपंथी उग्रवाद में लगातार कमी आई है, जो इस बदलते नज़रिए को दिखाता है। इसलिए मयूरभंज का प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज़्यादा है: यह आदिवासी इलाकों को मुख्य रूप से संघर्ष और सुरक्षा के नज़रिए से देखने के बजाय, उन्हें सांस्कृतिक निरंतरता, सभ्यतागत ज्ञान और राष्ट्रीय गौरव के केंद्रों के रूप में पहचानने की ओर बदलाव का संकेत देता है। हाल के वर्षों में, केंद्र सरकार ने सिर्फ कल्याण-केंद्रित नजरिए से आगे बढ़कर एक ऐसे मॉडल की ओर बढ़ने की कोशिश की है जिसमें विकास, प्रतिनिधित्व और सांस्कृतिक मान्यता का मेल हो। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित करना, आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित संग्रहालय बनाना, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों का विस्तार, खास तौर पर कमज़ोर जनजातीय समूहों के लिए पीएम जनमन पहल शुरू करना और भारत के पहले आदिवासी राष्ट्रपति का चुनाव- ये सभी इसी नज़रिए के उदाहरण हैं। मरणोपरांत 'डिशोम गुरु' शिबू सोरेन को पद्म भूषण से सम्मानित करना इस उभरती राष्ट्रीय सहमति को और मज़बूत करता है। राजनीतिक जुड़ाव से परे, आदिवासी अधिकारों की वकालत करने वाले नेताओं को मान्यता देना यह दिखाता है कि भारत के लोकतांत्रिक और सामाजिक विकास में आदिवासियों का योगदान अहम है। आलोचक इन घटनाओं को प्रतीकात्मक राजनीति कहकर खारिज कर सकते हैं। फिर भी, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में प्रतीकों का बहुत महत्व है। सार्वजनिक मान्यता राष्ट्रीय स्मृति को आकार देती है। यह तय करती है कि किसकी कहानियां सुनाई जाएंगी, किन नायकों का सम्मान किया जाएगा और किन परंपराओं को राष्ट्रीय विमर्श का अभिन्न अंग माना जाएगा। बहुत लंबे समय तक, आदिवासी आस्था प्रणालियां और सांस्कृतिक प्रथाएं मुख्यधारा की चर्चा में हाशिए पर रही हैं। मयूरभंज का दौरा बताता है कि वे आखिरकार केंद्र की ओर बढ़ रही हैं। भारत की सभ्यतागत पहचान कभी भी एक जैसी या एकतरफ़ा नहीं रही है। यह अनगिनत समुदायों, परंपराओं और मान्यताओं से मिलकर बनी एक जटिल और मिली-जुली संस्कृति है। आदिवासी पवित्र स्थलों को इस साझा विरासत का हिस्सा मानने से न केवल समाज के एक वर्ग का सम्मान होता है, बल्कि इससे भारत की अवधारणा भी समृद्ध होती है। मयूरभंज का असली महत्व घोषित की गई परियोजनाओं या दिए गए भाषणों में नहीं है। इसका महत्व उस संदेश में निहित है जिसे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों ने पहुंचाया कि आदिवासी विरासत भारत की कहानी का कोई गौण या बाहरी हिस्सा नहीं है, बल्कि यह उसकी नींव है। दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओडिशा के मयूरभंज का दौरा भारत की सभ्यतागत यात्रा में एक अहम पल था। बड़े विकास कार्यों की घोषणाओं के अलावा, इस दौरे का गहरा सांस्कृतिक महत्व भी था, क्योंकि उन्होंने पहाड़पुर गाँव में संथाली जाहेर और हो जाहेरा जैसे पवित्र उपवनों में एक साथ पूजा-अर्चना की।

भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के संयुक्त दौरे ने आदिवासी परंपराओं को भारत की सभ्यतागत विरासत का एक अभिन्न अंग माना। यह दौरा आदिवासी समुदायों को केवल कल्याणकारी नजरिए से देखने के बजाय, उन्हें प्राचीन ज्ञान प्रणालियों और पर्यावरणीय समझ के संरक्षक के रूप में मान्यता देने का प्रतीक था। यह प्रतीकात्मकता इसलिए भी खास थी क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद संथाल समुदाय से आती हैं। महत्वपूर्ण पहली बार इसलिये कि यह उन दुर्लभ मौकों में से एक था जब भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने किसी आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान आदिवासी पवित्र उपवनों का संयुक्त रूप से दौरा किया। किसी प्रधानमंत्री का मयूरभंज ज़िले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ससुराल वाले गांव, पहाड़पुर का पहला दौरा भी था। मोदी सरकार और आदिवासी सशक्तीकरण खास तौर पर कमज़ोर आदिवासी समूहों के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत। एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल नेटवर्क का विस्तार। 15 नवंबर को, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित करना। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भीषण अग्निकांड और उनसे न सीख पाने की त्रासदी

देश की बात



कांतिलाल मांडोत

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग एवं एनीमेशन सेंटर में 22 जून 2026 को हुई भीषण आग की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई, जिनमें अधिकांश युवा छात्र थे। किकई छात्र धुएं में फंस गए, कुछ ने खिड़कियों से छलांग लगाकर जान बचाने की कोशिश की और कई दम घुटने से काल के गाल में समा गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भवन में आपातकालीन निकास की व्यवस्था नहीं थी और अग्नि सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन किया गया था। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर बार-बार होने वाले अग्निकांडों से देश कब सबक लेगा। पिछले बारह महीनों पर नजर डालें तो देश के विभिन्न हिस्सों में कई बड़े अग्निकांड हुए हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान गई और हजारों परिवार प्रभावित हुए। इनमें अस्पताल, होटल, कोचिंग सेंटर, औद्योगिक इकाइयां, व्यापारिक प्रतिष्ठान और आवासीय भवन शामिल रहे। लगभग हर घटना के बाद जांच बैठी, मुआवजे की घोषणा हुई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की बात कही गई, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ सामान्य हो गया और सुरक्षा संबंधी कमियां जस की तस बनी रहीं। जून 2026 में दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र के एक होटल में लगी भीषण आग ने 20 से अधिक लोगों की जान ले ली। इस घटना ने राजधानी में होटल सुरक्षा मानकों की पोल खोल दी। जांच में सामने आया कि कई होटलों में अग्निशमन उपकरण या तो खराब थे या उनका रखरखाव नहीं किया गया था। होटल कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण भी पर्याप्त नहीं था। यही कारण रहा कि आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग बाहर नहीं निकल सके। इसके पहले विभिन्न राज्यों में औद्योगिक इकाइयों में भी कई बड़े अग्निकांड सामने आए। रासायनिक कारखानों, प्लास्टिक उद्योगों और गोदामों में लगी आग ने भारी जनहानि और आर्थिक नुकसान पहुंचाया। अधिकांश मामलों में पाया गया कि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच नहीं की गई थी। कई इकाइयों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण नियमों के अनुरूप नहीं था। कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया था। परिणामस्वरूप छोटी सी चूक बड़े हादसे में बदल गई। अस्पतालों में लगी आग की घटनाएं भी चिंता का विषय बनी रहीं। पिछले वर्षों में कई अस्पतालों में आग लगने से मरीजों की मौत हुई थी, लेकिन इसके बावजूद अनेक अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट समय पर नहीं हो रहे हैं। कई भवनों में निकासी मार्ग बाधित रहते हैं और बिजली व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं होती। अस्पतालों जैसे संवेदनशील संस्थानों में ऐसी लापरवाही सीधे मानव जीवन को खतरे में डालती है। शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग सेंटरों में अग्नि सुरक्षा की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। वर्ष 2023 में दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित कोचिंग सेंटर में आग लगने के बाद केंद्र सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। इनमें फायर एनओसी, पर्याप्त वेंटिलेशन, आपातकालीन निकास और नियमित सुरक्षा निरीक्षण को अनिवार्य बनाया गया था। लेकिन लखनऊ की हालिया घटना ने दिखा दिया कि इन नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं हो पाया। जिस भवन में आग लगी, वहां फायर एनओसी और सुरक्षित निकास मार्ग जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं का अभाव बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अग्निकांडों की सबसे बड़ी वजह नियमों का कमजोर पालन है। भवन निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज किया जाता है। कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान बिना आवश्यक अनुमति के संचालित होते रहते हैं। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों की नियमित निगरानी नहीं होने से ऐसे संस्थान वर्षों तक चलते रहते हैं। जब कोई बड़ा हादसा होता है, तब जाकर उनकी कमियां सामने आती हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## मेरी उम्मीद की पहली किरण-आद्याशा



महक गुलाटी

**मैं एक पिता हूं...**

समय की कठोर धूप में तपता हुआ, ज़िम्मेदारियों के अनगिनत पर्वत उठाता हुआ, पर जब भी जीवन थककर रुकना चाहता है, एक नाम मेरी रूह को फिर से चलना सिखाता है– आद्याशा। मेरी उम्मीद की पहली किरण, मेरे अस्तित्व का सबसे सुंदर विस्तार, मेरे आंगन में ईश्वर की सबसे कोमल रचना, मेरी बेटी, मेरा अभिमान। कहते हैं पिता कम बोलते हैं, पर उनके मौन में एक समंदर बसता है। हर अधूरी इच्छा, हर अनकहा सपना, हर संघर्ष का सार अपनी संतान की मुस्कान में ही तो दिखता है। मैंने जीवन से बहुत कुछ मांगा नहीं, पर जिस दिन तुम मेरी बांहों में आईं, उस दिन लगा मानो सृष्टि ने मेरी झोली में अपना सबसे अनमोल उपहार रख दिया हो। आद्याशा, तुम केवल मेरी बेटी नहीं, मेरे विश्वास का वह दीप हो जो हर अँधेरे में उजाला बनकर जला है। चाहे मेरी जेब में दौलत कम हो, पर तुम्हारे लिए मेरा प्रेम सदैव समृद्ध रहेगा। क्योंकि हर पिता, अपनी बेटी की नज़रों में किसी राजा से कम नहीं होता। तुम्हारी हर उपलब्धि पर मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है, और तुम्हारी हर चिंता मेरे दिल की धड़कनों में उतर आती है। शायद एक दिन तुम अपने सपनों के आकाश में बहुत दूर उड़ जाओगी, पर याद रखना– तुम्हारी हर उड़ान के पीछे एक पिता की अनगिनत दुआओं के पंख होंगे। तुम मेरे घर की पहली हंसी हो, मेरे कुल की पहली धड़कन, मेरे जीवन के सबसे सुंदर अध्याय की शुरुआत। और यदि मुझसे कभी पूछा जाए कि मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है, तो मैं बिना किसी संकोच के कहूंगा- "मैं आद्याशा का पिता हूं।" यही मेरा गौरव है, यही मेरी पहचान, और यही मेरे जीवन का सबसे सुंदर सम्मान। एक पिता की ओर से अपनी बेटी आद्याशा के नाम मेरी उम्मीद की पहली किरण, मेरा अनंत गर्व।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## विपत्ति के समय में शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रत्येक वस्तु जिसकी रचना ईश्वर ने की है हमारे परीक्षण के लिए की है, हमारे भीतर दबी हुई आत्मा की अमरता को प्रकट करने के लिए। यही जीवन का साहसिक कार्य है, जीवन का एक मात्र उद्देश्य। और प्रत्येक व्यक्ति का साहसिक कार्य भिन्न है, अद्वितीय है। आपको व्यावहारिक-बुद्धि की युक्तियों और ईश्वर में विश्वास के द्वारा स्वास्थ्य, मन और आत्मा की समस्त समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, इस बात का ज्ञान रखते हुए कि जीवन अथवा मृत्यु में आपकी आत्मा अजेय रहती है। जीवन के द्वारा स्वयं को कदापि परास्त न होने दें; बल्कि जीवन को पराजित कर दें! यदि आपकी इच्छाशक्ति बलशाली है तो आप समस्त कठिनाइयों पर विजय पा सकते हैं। परीक्षणों के बीच भी प्रतिज्ञापन करें: "ख़तरा और मैं साथ-साथ पैदा हुए थे, और मैं खतरे से अधिक खतरनाक हूँ!" यह सत्य है, जिसे आपको सदा स्मरण रखना चाहिए; इसे प्रयोग करें और आप देखेंगे कि यह प्रभावकारी है। दासवत् नश्वर मानव की तरह व्यवहार न करें। आप ईश्वर की सन्तान हैं! अनेक लोग जीवन की समस्याओं से डरते हैं। मैं कभी भी उनसे घबराया नहीं, क्योंकि मैंने सदा यह प्रार्थना की है: "प्रभो! आपकी शक्ति की मुझ में वृद्धि हो। मुझे सकारात्मक चेतना में रखना, ताकि मैं आपकी सहायता से अपनी कठिनाइयों पर सदा विजय प्राप्त कर सकूँ।" क्योंकि आप ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बने हैं, तो ऐसा विश्वास करना कि आपके परीक्षणों को परास्त करने के लिए आपका देवत्व जितना शक्तिशाली है, आपके परीक्षण उससे कहीं अधिक कठिन हैं, एक असत्य पर विश्वास करना। याद रखें, आपके परीक्षण चाहे कैसे भी क्यों न हों, आप इतने कमज़ोर नहीं हैं कि लड़ न सकें।

**–पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




# रांची की हरमू, पलामू की कोयल व गढ़वा की सरस्वतिया का संदेश

अलग बात



हृदयानंद मिश्र

भारतीय सभ्यता का इतिहास नदियों के तटों पर लिखा गया है। गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, दामोदर, स्वर्णरेखा और कोयल जैसी नदियों ने केवल भूगोल नहीं गढ़ा, बल्कि संस्कृति, आस्था, अर्थव्यवस्था और समाज को भी आकार दिया। हमारी परंपरा में नदियों को माँ का दर्जा दिया गया, उनकी पूजा की गई और उन्हें जीवनदायिनी माना गया। लेकिन आज विडंबना यह है कि जिन नदियों को हमने देवत्व प्रदान किया, उन्हीं को प्रदूषण, अतिक्रमण, अवैध दोहन और प्रशासनिक उपेक्षा के हवाले कर दिया। आज यदि गंगा की निर्मलता पर प्रश्न उठ रहे हैं, रांची की हरमू नदी अपनी पहचान खो रही है, पलामू की कोयल नदी संकट झेल रही है और गढ़वा की सरस्वतिया सूखने के कगार पर पहुंच रही है, तो यह केवल नदियों का संकट नहीं है, यह हमारी विकास नीति, पर्यावरणीय दृष्टिकोण और सामाजिक संवेदनशीलता की परीक्षा भी है।

गंगा भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। करोड़ों लोग इसे मां मानते हैं। इसके जल को पवित्रता और मोक्ष का प्रतीक समझा जाता है। गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाने के लिए वर्षों से अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए, अनेक परियोजनाएँ शुरू हुईं, लेकिन आज भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। चिंता का विषय यह है कि अब प्रदूषण केवल मैदानी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हिमालयी क्षेत्रों में भी इसके प्रभाव की चर्चा होने लगी है।

झारखंड की राजधानी रांची के बीचोंबीच बहने वाली हरमू नदी कभी शहर की प्राकृतिक धरोहर हुआ करती थी। इसके किनारे जीवन था, हरियाली थी और एक स्वाभाविक पर्यावरणीय संतुलन था। लेकिन अनियोजित शहरीकरण, सीवेज के सीधे प्रवाह, अतिक्रमण और प्रशासनिक उदासीनता ने इसे नदी से अधिक नाले का रूप दे दिया। समय-समय पर इसके पुनर्जीवन के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए। सौंदर्यीकरण और सफाई अभियान भी चलाए गए। लेकिन प्रश्न यह है कि यदि राजधानी के केंद्र में बहने वाली नदी को भी हम संरक्षित नहीं कर सके, तो पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े दावों की विश्वसनीयता कितनी है? हरमू आज केवल जलधारा नहीं, बल्कि विकास के नाम पर प्रकृति की उपेक्षा का प्रतीक बन चुकी है।

### नदियों की पुकार और हमारी खामोशी

"जब गंगा की निर्मलता पर प्रश्नचिह्न हो, हरमू नदी नाले में बदलती दिखे, कोयल की धारा सिमटती जाए और सरस्वतिया सूखने लगे, तब यह केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि हमारी संवेदनाओं और नीतियों की विफलता का भी दर्पण है।"

पलामू की पहचान उसकी ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक संपदा और कोयल नदी से जुड़ी रही है। कोयल नदी ने वर्षों तक इस क्षेत्र की कृषि, पशुपालन और ग्रामीण जीवन को आधार प्रदान किया। लेकिन आज बदलती जलवायु, अनियमित वर्षा, वनों की कटाई और अवैध बालू खनन ने इसके अस्तित्व को चुनौती दी है। गर्मी के मौसम में नदी का जलस्तर लगातार घटता दिखाई देता है। कई स्थानों पर इसकी धारा कमजोर पड़ती जा रही है। यदि यही स्थिति जारी रही, तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कृषि, पेयजल और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ेगा।

गढ़वा की सरस्वतिया नदी भले ही राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित न हो, लेकिन स्थानीय जनजीवन के लिए इसका महत्व अत्यंत गहरा है। कभी यह क्षेत्र की कृषि और जलापूर्ति की महत्वपूर्ण धुरी थी। आज इसके कई हिस्से सूख चुके हैं या मौसमी जलधारा बनकर रह गए हैं। भूजल के अत्यधिक दोहन, जल संरक्षण की कमी, अतिक्रमण और पर्यावरणीय असंतुलन ने इसकी स्थिति को गंभीर बना दिया है। नदी का सूखना केवल पानी का संकट नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र और ग्रामीण जीवन की चुनौतियों का संकेत है। सरस्वतिया की खामोशी दरअसल एक बड़े संकट की आहट है, जिसे अनदेखा करना आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा।

आज विकास को अक्सर कंक्रीट, पुल, सड़क और भवनों की संख्या से मापा जाता है। लेकिन कोई भी विकास तब तक टिकाऊ नहीं हो सकता, जब तक वह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ संतुलन स्थापित न करे। नदियां केवल जल स्त्रोत नहीं हैं। वे भूजल स्तर बनाए रखती हैं, जैव विविधता को संरक्षित करती हैं, कृषि को जीवन देती हैं और पर्यावरणीय संतुलन की आधारशिला होती हैं। यदि नदियां समाप्त होती हैं, तो विकास की चमक भी अधिक समय तक टिक नहीं सकती। गंगा, हरमू, कोयल और सरस्वतिया अलग-अलग नाम अवश्य हैं, लेकिन इनकी पीड़ा एक ही है। यह पीड़ा उस समाज की है जिसने नदियों को मां तो कहा, पर उनके स्वास्थ्य और अस्तित्व की चिंता नहीं की। आज आवश्यकता केवल शोक व्यक्त करने की नहीं, बल्कि संकल्प लेने की है। गंगा की व्यथा, हरमू की पीड़ा, कोयल की सिसकी और सरस्वतिया का मौन विलाप हमें पुकार रहा है। प्रश्न केवल इतना है—क्या हम सुन रहे हैं? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

पवन उखाड़े पेड़ औं', पीसे नदी पहाड़।
पावक जंगल लीलती, धरती छाती फाड़।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### मुहर्रम को शांतिपूर्ण में मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों व भड़काऊ सामग्री पर कड़ी नजर



● झंडों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं रखने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के प्रतिनिधियों ने भाग लियाबैठक में सेंट्रल मोहर्रम कमिटी ने बताया कि 26 जून को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा। 28 जून को दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक जुलूस निकाला जाएगा, जबकि 29 जून को खैरनटीली में खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा कोलेबिरा में 26 जून, बानो में 27 जून तथा जलडेगा प्रखंड के ओड़गा क्षेत्र में 29 जून को जुलूस निकाले जाएंगे।उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि सिमडेगा जिले की पहचान सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रही है। सभी समुदायों की जिम्मेदारी है कि इस परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में रामनवमी एवं मुहर्रम सहित किसी भी धार्मिक आयोजन का आयोजन राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मैदान एवं स्थल चिह्नित किए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।उन्होंने नगर परिषद को जुलूस मार्गों एवं कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही झंडों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं रखने तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप ही साउंड सिस्टम के उपयोग की बात कही। किसी भी प्रकार के भड़काऊ गीतों के प्रयोग पर रोक लगाने का निर्देश भी दिया गया।सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा न की जाए। प्रशासन द्वारा जुलूस के प्रवेश एवं निकास स्थलों, अखाड़ों तथा प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं संपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी कराने का निर्णय लिया गया।पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को जुलूस मार्गों का पूर्व सत्यापन करने तथा पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

● हेलमेट व लाइसेंस जांच अभियान होगा तेज

**सिमडेगा।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने तथा नियमों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए गए।जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में जिले में 14 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुई थीं, जबकि मई 2026 में यह संख्या घटकर 12 रह गई है। इसके बावजूद उपायुक्त ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति और अधिक गंभीरता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रखंडों में नियमित वाहन जांच अभियान चलाने तथा हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन दस्तावेज, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और ड्रंकन ड्राइविंग की सघन जांच करने का निर्देश दिया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर वाहनों को जब्त कर न्यायालयीय प्रक्रिया के तहत ही मुक्त कराया जाएगा। नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने की घटनाओं पर भी सख्त रुख अपनाते हुए उनके अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में नगर परिषद को शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सिमडेगा-कोलेबिरा मार्ग के एस मोड़ सहित दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा संकेतक और आवश्यक संरचनात्मक सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं राउरकेला मार्ग पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड, दिशा सूचक संकेतक और सुरक्षा लाइट लगाने को कहा गया।उपायुक्त ने सभी प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान करने और सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार करने के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## नवागांव में नशा मुक्ति समिति का पुनर्गठन,गांव को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के नवागांव स्थित इंद चबूतरा में मंगलवार को नशा मुक्ति समिति की ग्राम सभा बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता नशा मुक्ति समिति के अध्यक्ष बिरसा बड़ाइक एवं उपाध्यक्ष संतु बड़ाइक ने संयुक्त रूप से की।बैठक में नवागांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।ग्राम सभा के दौरान नशा मुक्ति समिति का पुनर्गठन किया गया।सर्वसम्मति से संतु बड़ाइक को अध्यक्ष, जयधर बड़ाइक, कशीला देवी एवं बसंती देवी को उपाध्यक्ष, मुनु बड़ाइक को सचिव, एरिक केरकेट्टा को सह सचिव तथा बलजीत सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।वहीं समिति के सदस्य के रूप में जसमनी कंडुलना, हेमंती कुमारी, सुशील कंडुलना, सुलेंद्र सिंह, सोमारी देवी, झूबा सिंह, राजू बड़ाइक, फ्रांसिस गुड़िया, बलराम सिंह, टुलेश्वर सिंह, पुनीराम सिंह एवं फगुआ सिंह को मनोनीत किया गया।बैठक में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों ने गांव को पूर्ण रूप से नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि नशा समाज और परिवार के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसके खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर रखने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जिलेभर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में दूसरे दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छूटे हुए बूथों के बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।जलडेगा प्रखंड में बूथ संख्या 101 से 131 तक के कर्मियों को मतदाता सूची अद्यतन, सत्यापन, अभिलेख संधारण एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य निष्पादन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पुनरीक्षण कार्य संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।वहीं बोलबा प्रखंड में अपर समाहर्ता सिमडेगा की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों के साथ विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इधर पालकोट प्रखंड में भी एसआईआर-2026 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर बीएलओ एवं अन्य संबंधित कर्मियों को मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर जिलेभर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सिमडेगा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सिमडेगा जिला सहित सभी मंडलों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## दृष्टिपात

### जेईई-मेन में झारखंड टॉपर बने डीएवी सिमडेगा के नैतिक शर्मा

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा के छात्र नैतिक शर्मा ने जेईई-मेन परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 518 प्राप्त कर झारखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नैतिक शर्मा के साथ उनके माता-पिता श्रीमती श्वेता शर्मा एवं श्री गोपाल कुमार शर्मा को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने नैतिक की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण से प्राप्त होती है।विद्यालय परिवार ने नैतिक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यालय आधारित गुरु गोष्ठी से शिक्षा में नवाचार को मिल रही नई दिशा

**जलडेगा।** प्रखंड शिक्षा विभाग की पहल पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा में मंगलवार को मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में छात्र उपस्थिति, एफएलएन, आधार सीडिंग, नई पुस्तकों के वितरण, नामांकन, मध्याह्न भोजन, विद्यालय विकास योजना तथा बच्चों के ठहराव सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों की समीक्षा की गई।बीपीओ मनमोहन कुमार गोस्वामी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। पीएमयू सिमडेगा के केशव तिवारी ने एफएलएन एवं डीईआईसी के तहत बच्चों के लिए गतिविधि आधारित और रुचिकर शिक्षण पद्धति अपनाने पर जोर दिया। लीड्स संस्था के आलोक कुमार ने स्थानीय संसाधनों के उपयोग और नवाचार को बढ़ावा देने की बात कही।पीरामल फाउंडेशन के अमित चतुर्वेदी ने प्रारंभिक कक्षाओं में स्टोरी टेलिंग को प्रभावी शिक्षण माध्यम बताया।

### आरसी प्राथमिक विद्यालय में भोजन सामग्री समेत कई सामान ले उड़े चोर

**बोलबा।** प्रखंड के मालसाडा पंचायत अंतर्गत स्थित आरसी प्राथमिक विद्यालय खंडानिशान में बीती रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह तब हुई जब शिक्षक एवं विद्यार्थी विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरे पड़े थे।जांच के दौरान पाया गया कि चोर विद्यालय से मध्यान्ह भोजन एवं अन्य उपयोगी सामग्री चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामानों में एक बोरा चावल, एक बड़ी डेग, एक कड़ाही, चार कुर्सियां, 40 थालियां, दो किलो दाल, एक लीटर सरसों तेल के अलावा नमक, मसाला, हल्दी, प्याज और आलू शामिल हैं।घटना की सूचना मिलते ही बोलबा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए थाना में लिखित आवेदन सौंप दिया है।

### विश्व हिंदू परिषद की केरसई प्रखंड बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**केरसई।** विश्व हिंदू परिषद केरसई प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद की अध्यक्षता में बाघड़ेगा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मंत्री कृष्ण शर्मा, जिला सह मंत्री सुबोध महतो, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा एवं बजरंग दल संयोजक आनंद जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में संगठन के पुनर्गठन तथा प्रखंड, पंचायत और राजस्व ग्राम स्तर तक समिति विस्तार पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और हिंदू समाज को संगठित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में ललित

### मनरेगा कर्मियों ने वापस ली हड़ताल, बीडीओ को सौंपा कार्य पर लौटने का ज्ञापन

**बानो।** मनरेगा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 12 मार्च से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले ली है। जानकारी के अनुसार 19 जून 2026 को ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के सचिव, आयुक्त महात्मा गांधी मनरेगा तथा राज्य के मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता सफल रही। वार्ता में विभिन्न मांगों पर सकारात्मक पहल और सहमति बनने के बाद झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया।हड़ताल वापस लिए जाने के बाद बानो प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को कार्य पर वापस लौटने संबंधी ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने शीघ्र ही अपने नियमित कार्यों का निर्वहन शुरू करने की बात कही।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
*(Email-id: zplohardaga@gmail.com)*

**ई–निविदा अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा संख्या – 02/2026–27(ZP) दिनांक 20.06.2026

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोहरदगा | Construction of BPHU ( Block Public Health Unit) in UPHC, Hatiya Garden, Lohardaga | 5517900.00 | 10000.00 | 110400.00 | 08(आठ) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 25.06.2026 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 06.07.2026 /04:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 07.07.2026 /04:00 बजे अपराह्न में |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं ।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, लोहरदगा

PR 383081 (Lohardaga)26-27*D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice (Short Notice)**
**Tender Ref. No.-06/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27-Date: 23.06.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Naudiha Bazar, Palamu, Jharkhand | 2,64,96,900.00 | 11 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 07-07-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 15-07-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 17-07-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 383070 (Building)26-27*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/03/2026-27(2[ND] CALL)
1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु पंचायत गोनिया ग्राम नावाडीह में पक्की सड़क से दुधिया टोला तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 98,86,600 | 1,98,000 | 10000 | 6 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2026 से दिनांक 02.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 383004 Rural Development(26-27)D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।**
विज्ञापन सं0 01/2026 आवेदन हेतु अंतिम तिथि – 24.07.2026
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संविदा आधारित पद पर बैकलॉग नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा द्वारा संविदा के आधार पर निम्न कार्यक्रम के लिए संविदा रिक्त पद (बैकलॉग) हेतु अंकित मानदेय के विरूद्ध वांछित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यार्थियों से दिनांक 25.06.2026 से दिनांक 24.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक बंद लिफाफ में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | आरक्षण कोटि | संविदा कुल पद की संख्या (बैकलॉग) | योग्यता एवं अर्हता | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | National Centre for Vector Born Disease Control (NCVBDC) | Malaria Technical Supervisor (MTS) - NCVBDC | अनुसूचित जनजाति (ST) | 1 (बैकलॉग) | **Essential Qualification :** Graduate preferably from biology stream and in case the candidate with desired qualification is not available, a graduate with science in class XII shall be considered. Experience candidates in health related programme shall be given preference. The candidates should have a valid two wheelers driving license. | Rs 24,036/- |

उपरोक्त सारणी में **Essential Qualification** का तात्पर्य आवश्यक न्यूनतम योग्यता है।

उक्त नियुक्ति से संबंधित अन्य शर्तें, पदीय अर्हता, आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण http://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है एवं उपायुक्त के कार्यालय, सिविल सर्जन के कार्यालय, जिला जनसंपर्क कार्यालय तथा जिला नियोजन कार्यालय, लोहरदगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

सिविल सर्जन,
लोहरदगा।

PR 383016 Lohardaga(26-27)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**
ई-मेल- dfogarhwa.fisheries@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड राँची के पत्रांक 601 दिनांक 19.05.2026 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत हैचरी संचालकों एवं स्थानीय मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/फार्मूलेटेड फीड/फ्राई कैचिंग नेट आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में गढ़वा जिले के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य स्पॉन, मास फीड (मत्स्य आहार) एवं फ्राई कैचिंग नेट वितरण तथा जलाशय/नदी छाड़न में कॉर्प मछलियों के मत्स्य स्पॉन संचयन किया जाना है। साथ ही स्कैम्पी सीड एवं स्कैम्पी फीड का भी क्रय किया जाना है। अतः स्थानीय मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/फार्मूलेटेड फीड/फ्राई कैचिंग नेट/स्कैम्पी सीड एवं स्कैम्पी फीड आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 06.07.2026 को अप0 1:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। तकनीकी रूप से योग्य पाए जाने वाले निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं उस पर विचार किया जाएगा अन्यथा उनकी निविदा को अयोग्य करार दिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निविदा जमा करने का स्थान– | जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा। |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय– | 06.07.2026 को अप0 1:00 बजे तक। |
| निविदा खुलने की तिथि एवं समय– | 06.07.2026 को अप0 3:00 बजे। |
| निविदा खुलने का स्थान– | उप विकास आयुक्त, गढ़वा के कार्यालय कक्ष। |

नोट :– मत्स्य स्पॉन, मास फीड एवं फ्राई कैचिंग नेट, स्कैम्पी सीड एवं स्कैम्पी फीड की निविदा से संबंधित विवरणी www.garhwa.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383013 Fish (26-27)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विषेश प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/07/2026-27(2[nd] call)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी के ग्राम कोल्हेरूआ में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोल्हेरूआ के प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, पण्डुका का निर्माण। | Gr-6 | 2089400 | 42000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत डीही के ग्राम चोपे में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक मध्य विद्यालय चोपे के प्रांगण में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, चोपे का निर्माण। | Gr-7 | 2089400 | 42000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2026 से दिनांक 02.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लातेहार

PR 383005 Rural Development (26-27)_D

# भारत को वैश्विक फार्मा और नवाचार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है : नीति आयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया में जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है और वैक्सीन व आवश्यक दवाओं का प्रमुख निर्यातक भी है। इसके बावजूद, वैश्विक फार्मास्युटिकल और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है। बढ़ती वैश्विक मांग के बीच भारत के लिए इस क्षेत्र में विस्तार की काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में वैश्विक फार्मास्युटिकल और एपीआई आयात की मांग लगभग 1.3 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसमें अकेले एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) की मांग 261.2 अरब डॉलर की है।

वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग अर्थव्यवस्था का एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है। इसकी मजबूत विनिर्माण क्षमता, जेनेरिक दवाओं में वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य आपूर्ति शृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी ने इसे मजबूती प्रदान की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह उद्योग भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1.7 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। साथ



ही विनिर्माण क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में इसकी हिस्सेदारी 7.2 प्रतिशत है। यह क्षेत्र लगभग 27 लाख लोगों को रोजगार और आजीविका प्रदान करता है तथा करीब 35.8 अरब डॉलर के फार्मास्युटिकल

**● भारत अमेरिका और यूरोप जैसे सख्त नियामकीय मानकों वाले बाजारों में भी प्रतिस्पर्धी बना हुआ है**

और एपीआई उत्पादों का निर्यात करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सबसे बड़ी ताकत फार्मूलेशन और जेनेरिक दवाओं के क्षेत्र में है। विशेष रूप से रिटेल दवाओं और जेनेरिक मेडिसिन के निर्यात में भारत की स्थिति काफी मजबूत है। भारत अमेरिका और यूरोप जैसे सख्त नियामकीय मानकों वाले बाजारों में भी प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। हालांकि, वैश्विक फार्मा उद्योग अब तेजी से उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों जैसे बायोलॉजिक्स, वैक्सीन, इम्यूनोलॉजिकल्स और एडवांस्ड थेरेप्यूटिक्स की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में भारत की निर्यात हिस्सेदारी अभी सीमित है और यही वह क्षेत्र है जहां भारत को अपनी उपस्थिति बढ़ाने की जरूरत है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि भारत का व्यापार क्षेत्र लगातार मजबूती और अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवा आपूर्तिकर्ता है और वैक्सीन तथा आवश्यक उपचार दवाओं का प्रमुख प्रदाता भी है, जिससे वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती मिलती है। हालांकि, बदलते मांग पैटर्न, कड़े नियामकीय मानक और विकसित होती वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं उद्योग के स्वरूप को बदल रही हैं।

लाहिड़ी ने कहा कि भारत ने जेनेरिक दवाओं और फार्मूलेशन में मजबूत क्षमता विकसित की है, लेकिन उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में विस्तार और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के विविधीकरण से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाकर भारत खुद को एक वैश्विक फार्मास्युटिकल और नवाचार केंद्र के रूप में और मजबूत बना सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल वस्तु और सेवा व्यापार लगभग 1.84 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक बाजारों के साथ भारत के बढ़ते एकीकरण और निर्यात क्षेत्र की बढ़ती विविधता को दर्शाता है।

अशोक कुमार लाहिड़ी ने आगे कहा कि विकसित भारत के दीर्घकालिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना, घरेलू मूल्य संवर्धन को मजबूत करना और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में गहरी भागीदारी सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण होगा। यही कदम भारत को उच्च और समावेशी आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

### शानदार परफॉर्मेंस और दमदार मजबूती के लिए तैयार गैलेक्सी एम47 5जी

# 29 जून को भारत में होगा लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सैमसंग इंडिया 29 जून को अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो में नया गैलेक्सी एम47 5जी लॉन्च करने जा रहा है। युवा उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार यह स्मार्टफोन अपनी श्रेणी में सबसे अग्रणी फीचर्स लेकर आएगा, जो इसे गेमिंग, मनोरंजन, कंटेंट देखने, मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त बनाते हैं। गैलेक्सी एम47 5जी में स्नैपड्रैगन 6 ज़ेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जिसे 4एनएम आर्किटेक्चर पर बनाया गया है। एलपीडीडीआर5एक्स रैम के साथ मिलकर यह डिवाइस तेज और सहज प्रदर्शन देती है, जिसमें रुकावट कम होती है और काम जल्दी पूरे होते हैं। यह मेमोरी खपत कम करके पावर एफिशिएंसी भी बेहतर करता है। इस स्मार्टफोन में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस)+




की सुरक्षा दी गई है, जो खरोंचों से चार गुना बेहतर बचाव और 2 मीटर तक की ऊंचाई से गिरने की क्षमता प्रदान करता है, जिससे इसकी मजबूती और बढ़ती है। गैलेक्सी एम47 5जी में 6000एमएएच की बैटरी दी गई है, जो एक बार चार्ज करने पर लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए बनाई गई है। इसमें 45डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग का भी समर्थन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को चार्जर से कम समय तक जुड़े रहना पड़ेगा। गेमिंग के शौकीनों के लिए गैलेक्सी एम47 5जी में बायपास चार्जिंग फीचर दिया गया है, जो गेम खेलते समय डिवाइस को सीधे एडॉप्टर से पावर देता है। इससे गर्मी कम पैदा होती है और परफॉर्मेंस थ्रॉटलिंग कम होती है, जिससे गेमिंग बिना रुकावट जारी रहती है। स्मार्टफोन में 6.7 इंच की एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले दी गई है, जो कंटेंट देखने का गहन और आकर्षक अनुभव देती है। 120Hz रिफ्रेश रेट और तेज टच रिस्पॉन्स के साथ यह ऐप्स, वीडियो और गेम्स में स्मूद स्क्रॉलिंग और सहज व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है। कैमरे की बात करें तो गैलेक्सी एम47 5जी में 50एमपी ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप और 12एमपीएचडीआर फ्रंट कैमरा दिया गया है। रियर कैमरे में मौजूद ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन (ओआईएस) हाथ के हिलने या अचानक झटकों से होने वाली धुंधलाहट को कम करके उच्च-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरें और स्थिर वीडियो लेने में मदद करता है।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)
## (कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा।)
### संशोधित कार्यक्रम

दिनांक 29 जून 2026 से दिनांक 06 जुलाई 2026 तक "सहकारिता सप्ताह" के अवसर पर सदस्यता वृद्धि हेतु विशेष अभियान से संबंधित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का कार्य ब्यौरा।

| क्र0 | शिविर की तिथि | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स का नाम | शिविर का स्थान | शिविर में भाग लेने वाले प्रभारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29-06-26 | गढवा | कोरवाडीह पैक्स लि०, कल्याणपुर पैक्स लि०, छतरपुर पैक्स लि०, चिरौंजिया पैक्स लि०, नवादा पैक्स लि० | छतरपुर पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 2 | | मेराल | पढुवा पैक्स लि०, लोवादाग पैक्स लि०, तेनार पैक्स लि०, संगबरीया पैक्स लि०, चेचरीया पैक्स लि० | संगबरीया पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 3 | | डंडा | डंडा पैक्स लि०, भिक्ही पैक्स लि०, छपरदागा पैक्स लि० | डंडा पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 4 | | बरडीहा | बरडीहा पैक्स लि०, सलगा पैक्स लि०, ओबरा पैक्स लि०, सुखनदी पैक्स लि०, जतरो बंजारी पैक्स लि०, आदर पैक्स लि० | बरडीहा पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 5 | | कांडी | हरिहरपुर पैक्स लि०, डुमरसोता पैक्स लि०, मझिगावां पैक्स लि०, रानाडीह पैक्स लि०, कांडी पैक्स लि०, पतरिया पैक्स लि० | कांडी पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 6 | 30-06-26 | गढ़वा | उरसुगी पैक्स लि०, संग्रहे खुर्द पैक्स लि०, प्रतापपुर पैक्स लि०, बेलचंपा पैक्स लि०, फरहटीया पैक्स लि० | बेलचंपा पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 7 | | मेराल | खोरिडीह पैक्स लि०, विकताम पैक्स लि०, ओखरगाड़ा प0 पैक्स लि०, ओखरगाड़ा पु0 पैक्स लि०, अरंगी पैक्स लि० | ओखरगाड़ा प0 पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 8 | | मझिआंव | पुरहे पैक्स लि०, मझिआंव काला पैक्स लि०, करूई पैक्स लि०, रामपुर पैक्स लि०, सोनपुरवा पैक्स लि० | मझिआंव पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 9 | | कांडी | बलीयारी पैक्स लि०, गाडाखुर्द पैक्स लि०, खरौंधा पैक्स लि०, पतिला पैक्स लि०, सरकोनी पैक्स लि० | खरौंधा पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 10 | | नगर उँटारी | कुम्बा खुर्द पैक्स लि०, बिलासपुर पैक्स लि०, हलिवंता पैक्स लि०, पिपरडीह पैक्स लि०, चितविश्राम पैक्स लि०, नरही पैक्स लि० | हलिवंता पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 11 | 01-07-26 | गढ़वा | गढ़वा पैक्स लि०, मध्या पैक्स लि०, अचला पैक्स लि०, जाटा पैक्स लि०, भदुमा (महुल्लीया) पैक्स लि० | जाटा पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 12 | | मेराल | मेराल पु0 पैक्स लि०, मेराल प0 पैक्स लि०, गोंदा पैक्स लि०, बाना पैक्स लि०, गेरूआ पैक्स लि० | गेरूआ पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 13 | | मझिआंव | बोदरा पैक्स लि०, तलसबरीया पैक्स लि०, खरसोता पैक्स लि०, मोरबे पैक्स लि०, करमडीह पैक्स लि० | करमडीह पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 14 | | कांडी | घटहुआ पैक्स लि०, चटनीया पैक्स लि०, लमारी काला पैक्स लि०, खुटहेरीया पैक्स लि०, शीवपुर पैक्स लि० | लमारी काला पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 15 | | नगर उँटारी | कुसदंड पैक्स लि०, हुलहुलखुर्द पैक्स लि०, गारबांध पैक्स लि०, अधौरा भोजपुर पैक्स लि०, अहिरपुरवा पैक्स लि० | अधौरा भोजपुर पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 16 | 02-07-26 | गढ़वा | ओबरा पैक्स लि०, बिरबंधा पैक्स लि०, करके (परिहारा) पैक्स लि०, दूबे मरहटिया पैक्स लि० | दूबे मरहटिया पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 17 | | मेराल | रेजो पैक्स लि०, करकोमा पैक्स लि०, दुलदुलवा पैक्स लि०, चामा पैक्स लि०, गेरूआसोती पैक्स लि० | दुलदुलवा पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 18 | | नगर उँटारी | चेचरीया पैक्स लि०, नगर उंटारी पैक्स लि०, पाल्हेकाला पैक्स लि०, जंगीपुर पैक्स लि०, खोलझिंकी पैक्स लि० | नगर उंटारी पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 19 | | भवनाथपुर | वनसानी पैक्स लि०, मकरी पैक्स लि०, चपरी पैक्स लि०, पंडरीया पैक्स लि०, सिन्दुरीया पैक्स लि० | सिन्दुरीया पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 20 | | रमना | बहिहार खुर्द पैक्स लि०, बहिहार काला पैक्स लि०, टंडवा पैक्स लि०, कर्णपुरा पैक्स लि०, रमना पैक्स लि० | रमना पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 21 | 03-07-26 | रंका | खरडीहा पैक्स लि०, खपरो पैक्स लि०, मानपुर पैक्स लि०, तमेगकला पैक्स लि०, बहाहरा पैक्स लि० | खरडीहा पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 22 | | भवनाथपुर | भवनाथपुर पैक्स लि०, अरसली (द०) पैक्स, अरसली (उ०) पैक्स लि०, कोनमडरा पैक्स लि० | भवनाथपुर पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 23 | | रमना | मड़वनीया पैक्स लि०, सिलीदाग पैक्स लि०, गम्बहरीया पैक्स लि०, बुल्का पैक्स लि०, हरादाग पैक्स लि०, भागोडीह पैक्स लि० | बुल्का पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 24 | | धुरकी | रक्सी पैक्स लि०, खुटिया पैक्स लि०, खाला पैक्स लि०, धुरकी पैक्स लि० | खुटिया पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 25 | | खरौंधी | सुन्डी पैक्स लि०, राजी पैक्स लि०, खरौंधी पैक्स लि०, अमरोरा पैक्स लि०, चांदनी पैक्स लि० | खरौंधी पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 26 | 04-07-26 | धुरकी | गनियारीकाला पैक्स लि०, टाटीदारी पैक्स लि०, अम्बाखोरिया पैक्स लि०, भंडार पैक्स लि० | गनियारीकाला पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 27 | | खरौंधी | कोरवाडीह पैक्स लि०, सिसरी पैक्स लि०, अरंगी पैक्स लि०, कुपा पैक्स लि० | सिसरी पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 28 | | केतार | परती पैक्स लि०, बलीगढ़ पैक्स लि०, केतार पैक्स लि०, पाचाडुमर पैक्स लि०, मूकुन्दपुर पैक्स लि०, परसोडीह पैक्स लि०, लोहरगाड़ा पैक्स लि० | केतार पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 29 | | सगमा | घघरी पैक्स लि०, बिरबल पैक्स लि०, सोनडीहा पैक्स लि०, सगमा पैक्स लि०, कटहर काला पैक्स लि० | सगमा पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 30 | | बिशुनपुरा | पतिहारी पैक्स लि०, सरांग पैक्स लि०, पीपरी काला पैक्स लि०, बिशुनपुरा पैक्स लि०, अमहरखास पैक्स लि० | बिशुनपुरा पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 31 | 05-07-26 | डंडई | सोनेहारा पैक्स लि०, करके पैक्स लि०, डंडई पैक्स लि०, लवाहीकाला पैक्स लि०, रारो पैक्स लि० | डंडई पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 32 | | रंका | सिरोईखुर्द पैक्स लि०, कटरा पैक्स लि०, दुधवल पैक्स लि०, चुतरू पैक्स लि० | सिरोईखुर्द पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 33 | | बरगड़ | मदगडी 'च' लैम्पस लि०, बरगड़ लैम्पस लि०, परसवार लैम्पस लि०, टेहरी लैम्पस लि० | बरगड़ पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 34 | | रमकंडा | विराजपुर पैक्स लि०, बलीगढ़ पैक्स लि०, रमकंडा पैक्स लि०, चेटे पैक्स लि०, उदयपुर पैक्स लि०, हरहे पैक्स लि०, रक्सी पैक्स लि० | रमकंडा पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 35 | | चिनियाँ | बेता पैक्स लि०, हेताड़कला पैक्स लि०, बरवाडीह पैक्स लि०, चिनियाँ पैक्स लि० | चिनियाँ पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 36 | 06-07-26 | गढ़वा | तिलदाग पैक्स लि०, करूआ पैक्स लि०, पिपरा पैक्स लि०, रंका बौलिया पैक्स लि० | तिलदाग पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 37 | | रंका | चुटिया पैक्स लि०, विश्रामपुर पैक्स लि०, सोनदाग पैक्स लि०, रंका कला पैक्स लि०, कंचनपुर पैक्स लि० | रंका कला पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 38 | | भंडरिया | पाट लैम्पस लि०, जनेवा लैम्पस लि०, मदगड़ी 'क' लैम्पस लि०, करचाली लैम्पस लि०, भंडरीया लैम्पस लि०, बिजका लैम्पस लि० | करचाली पंचायत भवन | श्रीमती संज्ञा आनन्द, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |
| 39 | | चिनियाँ | बिलैतीखेर पैक्स लि०, खुरी पैक्स लि०, डोल पैक्स लि० | बिलैतीखेर पंचायत भवन | श्री परमानन्द सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी |
| 40 | | डंडई | पचौर पैक्स लि०, जरही पैक्स लि०, झोतर पैक्स लि०, तसरार पैक्स लि० | पचौर पंचायत भवन | श्री काशी नाथ रवानी, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी |

सदस्यता ग्रहण करने हेतु समिति के अध्यक्ष/प्रबंधकारिणी को (प्रपत्र–V) में आवेदन करते हुए 10 रूपये सदस्यता शूल्क तथा 100 रूपये हिस्सा पूँजी मद में कुल–110 रूपये जमा करना होगा। समिति के द्वारा 15 दिनों के अन्दर नये सदस्यों को सदस्यता प्रदान कर दी जायेगी। यदि समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य बनाने में कोताही बरती जाती है तो योग्य व्यक्ति जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा/सहायक निबंधक, सहयोग समिति, गढ़वा अंचल, गढ़वा के कार्यालय में आवेदन पत्र (प्रपत्र–V) तथा अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड) छायाप्रति समर्पित करेंगे।

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 383040 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27)D


# 10 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को प्रतिस्पर्धी बनना जरूरी : सीआईआई अध्यक्ष

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर. मुकुंदन ने मंगलवार को कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनना होगा। उन्होंने कहा कि बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य के बीच भारत को व्यापार, विनिर्माण, निवेश और नवाचार के क्षेत्र में अपनी गति बढ़ानी होगी। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से एक खास बातचीत में मुकुंदन ने आर्थिक सुधारों, एफडीआई, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए), हरित विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऊर्जा सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय रखी। आईएएनएस से बात करते हुए सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बिजली, लॉजिस्टिक्स, रेलवे, पोर्ट और शिपिंग जैसे क्षेत्रों में बड़े सुधार देखने को मिले




हैं। हालांकि, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए चीन और वियतनाम जैसे देशों से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि अब केवल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नहीं, बल्कि 'स्पीड ऑफ डूइंग बिजनेस' पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मुद्दे पर मुकुंदन ने कहा कि भारतीय कंपनियां विदेशों में निवेश कर रही हैं, लेकिन भारत में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए और सुधारों की जरूरत है। उनका कहना है कि निवेश प्रक्रिया को और सरल तथा तेज बनाकर देश में अधिक पूंजी लाई जा सकती है। भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने कई एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनका उपयोग अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रहा है। उन्होंने 'फ्री ट्रेड यूटिलाइजेशन' (एफटीयू) बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके अनुसार रक्षा, एयरोस्पेस और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग के बड़े अवसर मौजूद हैं। भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य पर मुकुंदन ने कहा कि देश को शिपिंग, बंदरगाहों और रेलवे की क्षमता में बड़े पैमाने पर वृद्धि करनी होगी। साथ ही कई सरकारी और औद्योगिक प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाकर दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। उनका मानना है कि मजबूत बुनियादी ढांचा ही तेज आर्थिक विकास की नींव बनेगा। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को लेकर उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में यह योजना बेहद सफल रही है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हालांकि, फर्नीचर, खिलौना उद्योग और अन्य श्रम-प्रधान क्षेत्रों में भी पीएलआई योजनाओं का विस्तार किया जाना चाहिए, ताकि घरेलू विनिर्माण को और बढ़ावा मिल सके।

# विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा पर आरबीआई के अहम दिशा-निर्देश

## बैंकों और निवेशकों को मिलेगा लाभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में घोषित एफसीएनआर(बी) यानी फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा योजना और विशेष स्वैप सुविधा से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों पर स्पष्टीकरण जारी किया है। केंद्रीय बैंक ने साफ किया है कि भारतीय बैंक एनआरआई ग्राहकों को उनकी एफसीएनआर(बी) जमा राशि के बदले लोन दे सकेंगे। साथ ही बैंकों को ऐसे ऋणों के लिए संबंधित जमा पर लियन लगाने की अनुमति भी होगी।

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि विशेष विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा के तहत वह केवल एफसीएनआर(बी) जमा की मूल राशि पर ही हेजिंग लागत वहन करेगा। जमा पर मिलने वाले ब्याज को इस सुविधा के दायरे में शामिल नहीं किया जाएगा। इससे बैंकों को इस योजना के तहत जुटाई गई जमा राशि की सही कीमत तय करने में




मदद मिलेगी। दरअसल, 5 जून 2026 को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने और देश की बाहरी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए कई उपायों की घोषणा की थी। इसी के तहत एफसीएनआर(बी) जमा, एक्सटर्नल कमर्शियल बॉरोइंग (ईसीबी) और विदेशी मुद्रा उधारी के लिए विशेष स्वैप सुविधा शुरू की गई। इस योजना के तहत 30 सितंबर 2026 तक बैंकों द्वारा जुटाई गई तीन से पांच वर्ष की अवधि वाली नई एफसीएनआर(बी) जमा पर हेजिंग की पूरी लागत आरबीआई वहन करेगा, जिसका उद्देश्य बैंकों को अधिक विदेशी मुद्रा जमा जुटाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# भारत ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की 56 नीलामियां सफलतापूर्वक संपन्न की : सरकार





**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारत ने महत्वपूर्ण (क्रिटिकल) और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की 56 नीलामियां सफलतापूर्वक संपन्न कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो देश की घरेलू खनिज आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने और भारत के क्रिटिकल मिनरल मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खान मंत्रालय ने केंद्र सरकार द्वारा आयोजित सातवें चरण की नीलामी के तहत 10 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी की है। इसके साथ ही अब तक सफलतापूर्वक नीलाम किए गए ऐसे खनिज ब्लॉकों की कुल संख्या बढ़कर 56 हो गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा नीलामी के लिए रखे गए 88 अलग-अलग खनिज ब्लॉकों में से 56 की सफल नीलामी हुई है, जो 63 प्रतिशत से अधिक की सफलता दर को दर्शाती है। सातवें चरण की नीलामी ने भारत में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और विकास के दायरे को और बढ़ाया है। पहली बार केंद्र सरकार ने गुजरात, उत्तराखंड और तेलंगाना में क्रिटिकल मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की। इस चरण में ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई), वैनेडियम, टाइटेनियम, ग्लॉकोनाइट, रॉक फॉस्फेट और अन्य संबंधित खनिजों के ब्लॉक शामिल थे। इससे देश में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज का भौगोलिक दायरा और विस्तृत हुआ है।

# एपीआई निर्माण में आत्मनिर्भरता से फार्मा क्षेत्र को मिलेगा नया विस्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत दुनिया में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता और वैक्सीन तथा आवश्यक दवाओं का प्रमुख उत्पादक है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अब भारत को उच्च मूल्य वाली फार्मास्युटिकल दवाओं और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) के निर्माण में बड़ी छलांग लगाने की जरूरत है। इसके लिए मजबूत प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजनाओं की आवश्यकता होगी। मंगलवार को जारी नीति आयोग की फार्मास्युटिकल व्यापार रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अर्थशास्त्री वेद जैन ने आईएएनएस से कहा कि अब भारत के लिए उच्च मूल्य वाली दवाओं के निर्यात में आगे बढ़ने का सही समय है। उन्होंने कहा, "हमें मूल दवाओं और उनसे जुड़ी



सुविधाओं के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार पर निवेश करना चाहिए। मेरा मानना है कि उच्च मूल्य वाली दवाओं और एपीआई उत्पादों के लिए एक मजबूत पीएलआई योजना होनी चाहिए। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त अभी मुख्य रूप से फार्मूलेशन, रिटेल दवाओं और जेनेरिक मेडिसिन के क्षेत्र में केंद्रित है। भारत अमेरिका और यूरोप जैसे सख्त नियामकीय मानकों वाले बाजारों में भी जेनेरिक दवाओं के क्षेत्र में मजबूत प्रतिस्पर्धा बनाए हुए है। वेद जैन ने कहा कि भारत को नियामकीय बाधाओं को और कम करना होगा, उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

### –: आम सूचना :–

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–10 रा0(विभाग), दिनांक–19.06.2026 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में द्वितीय चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रखण्डः– सिमरिया | | |
| 1 | बन्हे | प्रखण्ड मुख्यालय/सिमरिया खुर्द | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 2 | बानासाड़ी | बानासाड़ी/रोल | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 3 | पुण्डरा | पुण्डरा/सिकरी | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 4 | एदला | बड़ा एदला/छोटा एदला | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 5 | डाड़ी | डाड़ी/बकचोमा | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 6 | पगार | सोहर/खपीया | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 7 | सबानो | सबानो/बारा | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– हण्टरगंज | | |
| 8 | नवाडिह पनारी | मयापुर कला /नावाडिह पनारी | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 9 | जबड़ा | जबड़ा/जिरहुलीया | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 10 | मीरपुर | सोनवरसा /शेरपुर | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 11 | नवाडिह | भोजपुर/सोहाद | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 12 | डाहा | डाहा/बेला | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 13 | गोसाईडीह | तेतरीया/पतसुगीया | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 14 | गेरूआ | गेरूआ/बडही बिघा | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– प्रतापपुर | | |
| 15 | रामपुर | रामपुर/बल्वादोहर | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 16 | प्रतापपुर | प्रतापपुर/कारूडीह | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 17 | बभने | गुरीया/बभने | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 18 | जोगीयारा | मैराग कला/जोगीयारा | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 19 | सिजुआ | हारा/मदकोमा | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 20 | जोगीडीह | जोगीडीह/धुज्जी | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 21 | चन्द्री गोविन्दपुर | दानापुर/मटअन्तपुर | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– टण्डवा | | |
| 22 | राहम | मासीलौंगा/सामीडीह उर्फ चिरूआ | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 23 | डहू | गोंदा/सिदपा | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 24 | बडगाँव | बडगॉव/कोयलरा | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 25 | कल्याणपुर | नईपारम/कल्याणपुर | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 26 | किचटो | चैंड़ा/बन्हे | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 27 | बहेरा | सिदालु/ठेठांगी | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 28 | बेंती | हेंजदा/तोरहद | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– पत्थलगडा | | |
| 29 | मेराल | चोपिया/जोकी | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, शिला। |
| 30 | बरवाडीह | दुम्मी/बेलहर | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 31 | नावाडीह | बाजोवान/चौथा | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 32 | नोनगाँव | बन्दरचुँआ/गोपीपुर | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 33 | सिंहानी | सिहानी/पत्थलगड़ा | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | |
| 34 | चिरिदिरी | चिरिदिरी/कान्हाकला | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 35 | चारू | चारू/पेलतौल कला | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 36 | राजपुर | मिसीरडीह/राजपुर | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 37 | जमरी बकसपूरा | जमरी/हउवाग | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 38 | बकचुम्बा | कोसमाडीह/बीरेखाप | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 39 | कोल्हैया | भांग–कुरकुटा/कोल्हैया | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 40 | तुलबुल | तुलबुल/करमा | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– ईटखोरी | | |
| 41 | ईटखोरी | ईटखोरी टालपार/प्रेमनगर | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 42 | टोनाटांड | नगवाँ/टोनाटांड | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 43 | हलमता | हलमता/मुरूमदांग | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 44 | धनखेरी | परोका/धनखेरी | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 45 | पितीज | पितीज/हुरनाली | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 46 | धुना | सोनीया/धुना | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 47 | कोनी | पुनौल/कोनी | 13.07.2026/14.07.2026 | |
| | | प्रखण्डः– चतरा | | |
| 48 | सिकिद | जलेद/संगरी | 01.07.2026/02.07.2026 | डॉ0 अंजू कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 49 | बरैनी | कदले/करगु | 03.07.2026/04.07.2026 | |
| 50 | सिमा | लारे/सोनपुर | 05.07.2026/06.07.2026 | |
| 51 | ब्रहमणा | गेरी/सरेद | 07.07.2026/08.07.2026 | |
| 52 | दारियातु | खरीक/कमता खुर्द | 09.07.2026/10.07.2026 | |
| 53 | लेम | लंपुगा/मरमदीरी | 11.07.2026/12.07.2026 | |
| 54 | गंधरिया | रक्सी/शेरपुर | 13.07.2026/14.07.2026 | |

❖विशेष परिस्थिति में शिविर की तिथि एवं शिविर स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है। **जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा**

PR 383028 (Animal Husbandry)26-27*D

### बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक व वोलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण, बोले उपायुक्त

# 30 जून से घर-घर जाएंगे बीएलओ, प्रत्येक परिवार से संपर्क सुनिश्चित करें

- एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण, संग्रह व डिजिटाइजेशन की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**उपायुक्त ने बताया विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य**

उपायुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं वोलेंटियर्स को पूरी सावधानी, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी गई सभी जानकारियों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य किया जाए, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

**लोहरदगा।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को नगर भवन, लोहरदगा में बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षकों एवं वोलेंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित प्रक्रियाओं, दायित्वों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। इस दौरान सभी मतदाताओं को पूर्व-भरा हुआ एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा तथा उसे संग्रहित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित करना बीएलओ की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

उपायुक्त ने बताया कि प्राप्त एन्यूमरेशन फॉर्म के आधार पर मतदाताओं का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। साथ ही मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित, डुप्लीकेट अथवा जिन मतदाताओं से संपर्क स्थापित नहीं हो पाया है, ऐसे मतदाताओं की एएसडीडी सूची तैयार की जाएगी। मतदाताओं की मैपिंग का कार्य भी समानांतर रूप से किया जाएगा ताकि मतदाता सूची अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बन सके। उन्होंने कहा कि एएसडीडी सूची का सत्यापन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप उसका प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन तथा मतदाता विवरणों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पुनरीक्षण कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

जिला प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा समय पर अपना एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराकर मतदाता सूची के शुद्धीकरण एवं अद्यतन कार्य में सहभागिता निभाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मुक्ति किड़ो, अंचल अधिकारी किस्को अजय कुमार, अंचल अधिकारी कुडू संतोष उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो छंदा भट्टाचार्जी, सभी परिवीक्ष्यमान उप समाहर्ता, बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं वोलेंटियर्स उपस्थित थे।

### कैरो में 65वीं सुब्रतो राय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

## डॉ अनुग्रह नारायण +2 विद्यालय बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को 65वीं सुब्रतो राय अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 के तहत प्रखंड स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के पांच विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि राजकीय उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय, गराडीह की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत के प्रखंड प्रतिनिधि समीद अंसारी, डॉ. अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश कुमार शास्त्री तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौके पर बीपीओ ओम प्रकाश रंजन, पॉली एक्का, पीएम श्री मध्य विद्यालय सढ़ाबे के प्रधानाध्यापक ताज मोहम्मद, राजेश कुमार साहू, पवन कुमार, महाबीर उरांव तथा रेफरी मोगीश अंसारी सहित कई शिक्षक व खेलप्रेमी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

### कड़े मुकाबले में सेंटर नदिया बना ब्लॉक स्तरीय अंडर-17 सुब्रतो कप बालक वर्ग का चैंपियन

**लोहरदगा।** सीएम एसओई नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित 65वीं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता के ब्लॉक स्तरीय अंडर-17 बालक वर्ग में सेंटर नदिया की टीम विजेता बनी। फाइनल मुकाबले में सेंटर नदिया ने नेताजी सुभाष चंद्र आवासीय विद्यालय, हिरही की टीम को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) राजीव रंजन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को जिला स्तरीय टीम में बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस दौरान बीपीओ मंजू देवी एवं शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने भी खिलाड़ियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल संचालन में संजय उरांव, रश्मि खेस, पंकज कुमार, बीरेंद्र यादव, राजेंद्र लकड़ा, आरती कुमारी, मोहित मुकेश, प्रतिभा खलखो, उर्शुला कुजूर, विक्की कुमार, सबेन टोप्पो, सुष्मिता टोप्पो तथा गंगाधर महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं शिक्षक रोशन मुंडा, उमेश साहू एवं शिखा रानी ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

### बीडीओ ने बीएलओ को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

## मतदाता सूची में त्रुटि बर्दाश्त नहीं होगी : प्रतिमा कुमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने की। इसमें विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र-69 अंतर्गत भंडरा प्रखंड के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) शामिल हुए। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रोजेक्टर/मॉनिटर के माध्यम से बीएलओ को एसआईआर के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने फॉर्म-6, 7, 8 भरने की प्रक्रिया, घर-घर सर्वेक्षण, मृत-स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपन, 18 वर्ष पूरे कर चुके नए युवाओं का नाम जोड़ने एवं डुप्लीकेट वोटरों की पहचान के बारे में बताया। बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिरहित और शुद्ध होनी चाहिए। "एक भी योग्य मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए और एक भी अयोग्य का नाम सूची में नहीं रहना चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के अंदर घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन करना है। प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करने एवं सुपरवाइजर से जांच कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बीपीआरओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सुपरवाइजर भी मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, इसके लिए डॉ मुखर्जी ने दिया सर्वोच्च बलिदान : ओमप्रकाश सिंह

- धारा 370 हटाकर पीएम मोदी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को किया साकार : अजय कुमार पंकज
- डॉ मुखर्जी महान शिक्षाविद, राष्ट्रवादी चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे : उमेश कांस्यकार

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन मोहन पाठक, ब्रजबिहारी प्रसाद, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, वरिष्ठ नेता उमेश कांस्यकार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। उस समय जम्मू-कश्मीर का अलग संविधान और अलग झंडा था। डॉ. मुखर्जी ने संसद से लेकर जनसभाओं तक धारा 370 के विरोध में जोरदार आवाज उठाई और "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उद्घोष किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित के लिए दिया गया उनका बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे सपने को साकार किया है।

यह निर्णय केवल एक संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्रवादी चिंतन आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं को देशसेवा की प्रेरणा देता है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश कांस्यकार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि महान शिक्षाविद, दूरदर्शी चिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानवता की सेवा के लिए समर्पित किया। उनका त्याग, संघर्ष और विचार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में जिला मंत्री मीना बाखला, सरिता देवी सहित बड़ी संख्या में जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, मिथुन टमेरा, जिला मंत्री मीना बाखला, भारती सिन्हा, पवन तिग्गा, यदुनंदन तिवारी, दुबराज वर्मा, सुरेश वैथा, सजल कुमार एवं नीरज कुमार गुप्ता सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर सिविल सोसाइटी ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

- रोकथाम के लिए दिए 12 सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उससे हो रही जनहानि पर चिंता व्यक्त करते हुए लोहरदगा सिविल सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त की अनुपस्थिति में एनडीसी अभिनीत कुमार सूरज को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मिशन चौक पर बॉक्साइट ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, जिसमें एक गर्भवती महिला भी शामिल थी, का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत पीड़ादायक घटना बताया। ज्ञापन में कहा गया कि अप्रैल 2026 तक जिले में ऑन रिकॉर्ड 109 सड़क दुर्घटनाओं में 99 लोगों की मौत तथा 49 लोग घायल हुए हैं, जबकि वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक है। सिविल सोसाइटी ने ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस वाहन संचालन, नाबालिग चालकों, अतिक्रमण, जर्जर सड़कों और भारी वाहनों के अनियंत्रित परिचालन को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से ब्रेथ एनालाइजर का नियमित उपयोग, स्पीड कैप्चर मशीन लगाने, राष्ट्रीय राजमार्गों पर साइनेज एवं प्रभावी रंबल स्पीड ब्रेकर बनाने, बॉक्साइट ट्रकों में रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाने, स्थायी अतिक्रमण निरोधक टास्क फोर्स के गठन, भारी वाहनों के समय निर्धारण में संशोधन, स्टंटबाजी एवं मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइकों पर कार्रवाई, गुड सेमेरिटन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि व प्रमाणपत्र देने, रात में बिना इंडिकेटर खड़े वाहनों पर कार्रवाई, सड़क किनारे पेड़ों की झुकी शाखाओं की कटाई तथा सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय कुमार बर्म्मन, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप राय, अनिल पांडेय, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, साइंस फॉर सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य देशराज गोयल शामिल थे।

# जनजातीय समुदाय का षड्यंत्र के तहत धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं : संदीप उरांव

- दिल्ली में जनजातीय समागम से राष्ट्रीय स्तर पर मिली नयी ऊर्जा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जनजातीय समाज ने बिना किसी लिखित नियम-कानून के सदियों से "अनेकता में एकता" और "एकता में अनेकता" के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात किया है। जनजातीय समाज केवल प्रकृति का रक्षक ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्राचीन एवं जीवंत स्वरूप भी है। बावजूद, वर्तमान दौर में जनजातीय समाज का विभिन्न षड्यंत्र के तहत लगातार धर्मांतरण किया जा रहा है। उपरोक्त बातें वनवासी कल्याण केंद्र में मंगलवार को जनजातीय सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि, पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित जनजातीय समागम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पिछले 75 वर्षों से लंबित जनजातीय समाज की न्यायपूर्ण मांगों की राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्पुष्टि किया है। कहा कि, जो व्यक्ति अपनी पारंपरिक जनजातीय आस्था, संस्कृति, रीति-रिवाजों और सामाजिक आचारों का परित्याग कर देता है, उसे अनुसूचित जनजाति के संवैधानिक दर्जे और उससे जुड़े लाभों पूर्णता प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए। आस्था का त्याग संस्कृति का त्याग है और संस्कृति का त्याग पहचान का त्याग है। कहा कि न्यायालयों ने भी कई मामलों में यह माना है कि धर्मांतरण के बाद यदि कोई व्यक्ति जनजातीय समुदाय की परंपराओं, सामाजिक, सांस्कृतिक से अलग हो जाता है, तो उसकी जनजातीय पहचान की जांच सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की जा सकती है। कहा, मंच ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग किया है। स्पष्ट, सरल और प्रभावी वैधानिक व्यवस्था बनाई जाए। जिससे जनजातीय पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। मंच के संयोजक संदीप उरांव कहा कि, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम समेत झारखंड के कई जिलों में बड़ी संख्या में लगातार सुनियोजित तरीके से जनजाति समुदाय के लोगों का धर्मांतरण किया जा रहा है।

**कार्यक्रम**

### अंजुमन इस्लामिया व सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की निगरानी में शुरू हुआ मेला, बोले शाहिद अहमद बेलू

# कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र व इंसाफ के लिए कुर्बानी का प्रतीक

- यह प्रोग्राम सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, हमारी तहजीब, एकता और भाईचारे का आईना

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा व सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के संयुक्त तत्वावधान एवं निगरानी में समाहरणालय के समीप स्थित कर्बला मैदान में मेला कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी जनाब शाहिद अहमद उर्फ बेलू, नायब सदर आरीफ हुसैन बबलू कर्बला कमेटी के कन्वेनर मोहम्मद इब्राहिम अशरफी उर्फ कल्लू, सेराज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने फीता काट कर की। इस अवसर पर लोहरदगा के साथ-साथ लातेहार, गुमला, रांची एवं आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में जायरीन कर्बला मैदान पहुंचे। जायरीनों ने फातिहा पढ़ी दुआएं कीं और अपनी मिन्नतें मांगी। पूरा वातावरण इबादत और अकीदत से सराबोर रहा।मेला प्रबंधन की निगरानी खुद अंजुमन इस्लामिया के अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी और मेंबर कर रहे हैं। आयोजन के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। चारों ओर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ वॉलंटियरों की टीम भी सक्रिय रही। मौके पर सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि कर्बला सिर्फ गम का नहीं, सब्र और इंसाफ के लिए कुर्बानी का प्रतीक है। हम इस पैग़ाम को आने वाली नस्लों तक पहुंचाने के लिए वचनबद्ध हैं। नायब सदर आरीफ हुसैन बबलू ने कहा कि यह मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी तहज़ीब, एकता और भाईचारे का आईना है। हर साल इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। मेला के दौरान कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, इरशाद अहमद, भंडरा, किस्को और सेन्हा के सदर तथा सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी के कन्वेनर हाजी सउद आलम, नेहाल कुरैशी, वसीफ कय्यूम, यासीन कुरैशी, रब्बील खान, एजाज कुरैशी, फारूक कुरैशी, हाजी अली रहमान कुरैशी, लुकमान अंसारी, एकरामुल अंसारी, सैयद वसीम, शकील अहमद, इरशाद अहमद समेत अंजुमन इस्लामिया व सेन्ट्रल मुहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में जायरीन, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## दृष्टिपात

### मोहर्रम जुलूस में नशेड़ियों की नो एंट्री, कुडू में 27 जून को चार जगह लगेगा पारंपरिक मेला

**कुडू।** कुडू थाना परिसर में थाना प्रभारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में मोहर्रम मेला को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों एवं विभिन्न अखाड़ों के खलीफाओं ने भाग लिया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जून को चंडू करबला मैदान, पंडरा, छातावर ओपा और विश्रामगढ़ में मोहर्रम मेला शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक तरीके से आयोजित होगा। थाना प्रभारी ने निर्धारित रूट और समय का पालन करने, अफवाहों से बचने तथा विधि - व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। मेले को सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक अखाड़े से 10-10 वॉलंटियर नामित किए जाएंगे, जिनके लिए सेंट्रल मोहर्रम कमेटी विशेष पहचान पत्र जारी करेगी। ये वॉलंटियर जुलूस में अनुशासन, भीड़ नियंत्रण और प्रशासन के सहयोग की जिम्मेदारी निभाएंगे। किसी प्रकार का नशा करने वाले नशेड़ियों को किसी भी कीमत में जुलूस में शामिल नहीं होने की इजाज़त नही होगी। बैठक में उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, सलीम अमीर, कमरुल इस्लाम, खुर्शीद खान, नावेज खान, संजू तुरी, शहजाद अंसारी, वारिस अंसारी, रजी अंसारी आदि उपस्थित थे।

### डीजे प्रतिबंध का स्वागत, अमन और भाईचारा कायम रखने के लिए ड्राई डे भी घोषित : सलीम

**कुडू।** सद्भावना मंच के सदस्य सलीम अमीर ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस में डीजे के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय धार्मिक गरिमा, सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सलीम अमीर ने कहा कि मुहर्रम का पर्व त्याग, अनुशासन और इंसानियत का संदेश देता है, लेकिन कई बार जुलूस के दौरान शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के कारण कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों की हरकतों से न केवल धार्मिक आयोजन की पवित्रता प्रभावित होती है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मुहर्रम से एक दिन पूर्व से ही पूरे क्षेत्र में शख्ती के साथ ड्राई डे घोषित किया जाए, ताकि नशापान पर प्रभावी रोक लगाई जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिस प्रकार प्रशासन ने डीजे पर प्रतिबंध लगाया है वैसे ही शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए शराब की बिक्री पर अस्थायी रोक भी लगाई जानी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन और आम जनता के सहयोग से इस वर्ष मुहर्रम पूरी शांति, गरिमा और आपसी सद्भाव के साथ संपन्न होगा।

### विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से कुर्से गांव में लगा नया ट्रांसफॉर्मर

**लोहरदगा।** लोहरदगा प्रखंड के कुर्से गांव में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की समस्या का समाधान हो गया है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को दैनिक कार्यों, बच्चों की पढ़ाई तथा कृषि संबंधी गतिविधियों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या से परेशान ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के कार्यालय पहुंचकर आवेदन के माध्यम से अपनी मांग विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के समक्ष रखी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने तत्काल संज्ञान लिया और विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद निशीथ जायसवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक पहल की। लगातार प्रयास और प्रशासनिक समन्वय के परिणामस्वरूप कुर्से गांव में नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया, जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू हो गई। बिजली बहाल होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस त्वरित पहल के लिए विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता सराहनीय है। स्थानीय लोगों ने कहा कि समयबद्ध कार्रवाई जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली की पहचान होती है और कुर्से गांव में ट्रांसफॉर्मर की स्थापना जनसेवा एवं जनसमर्पण का एक बेहतर उदाहरण है।

### 28 से 30 जून तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा : डॉ संजय

**भंडरा।** दो बूंद जिंदगी की" अभियान के तहत भंडरा प्रखंड में 28 से 30 जून तक सघन पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भंडरा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी चिकित्सक, सीएचओ, एएनएम, सहिया साथी एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया.डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। 28 जून, शुक्रवारः बूथ दिवस। इस दिन प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, पंचायत भवनों एवं सीएचसी में पोलियो बूथ लगाए जाएंगे। 29-30 जून, शनिवार-रविवार हाउस-टू-हाउस एक्टिविटी। बूथ पर छूटे हुए बच्चों के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीम घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएगी। डॉ. कुमार ने सभी एएनएम व सहिया को सख्त निर्देश देते हुए कहा, "एक भी बच्चा खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। पोलियो मुक्त भारत हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" उन्होंने टीमों को ईंट-भट्ठा, निर्माण स्थल व घुमंतू परिवारों के बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव बढ़ाने एवं ओपीडी सेवाओं को सुदृढ़ करने पर भी मंथन हुआ।

# 11वीं बार रक्तदान कर अनुज गोयल ने बचाई मासूम की जान

● मारवाड़ी युवा मंच ने फिर पेश की मानव सेवा की मिसाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रक्तदान महादान की भावना को साकार करते हुए मारवाड़ी युवा मंच, गुमला ने एक बार फिर मानवता का परिचय दिया है। संगठन के सक्रिय सदस्य अनुज गोयल ने अपना 11वां रक्तदान कर गंभीर रूप से बीमार एक बच्ची को नया जीवन देने में अहम भूमिका निभाई। सदर अस्पताल गुमला के ब्लड बैंक में भर्ती बच्ची को तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने व्यवस्था की और अनुज गोयल बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अनुज गोयल लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और उनका यह 11वां रक्तदान सेवा भावना का परिचायक है। मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाना है, ताकि रक्त के अभाव में किसी की जान न जाए। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन संगीता कुजूर, रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल सहित कई लोग उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन ने अनुज गोयल और मारवाड़ी युवा मंच के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

# जमीन विवाद में महिला पर जानलेवा हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

● निर्माण कार्य के दौरान कुदाल से वार कर घायल करने का आरोप, अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में जमीन विवाद को लेकर एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में प्रेमनगर निवासी मीरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घायल महिला ने आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर निर्माण कार्य के लिए ईंट गिरवा रही थीं, तभी कौशल्या देवी और उनके परिजनों ने ट्रैक्टर चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके सिर और चेहरे पर कुदाल से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज चल रहा है। पीड़िता का कहना है कि जमीन से संबंधित सभी वैध कागजात उनके पास मौजूद हैं। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार और एएसआई संतोष धर्मपाल लुगुन मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शादी समारोह से लौट रहे वृद्ध की हत्या, ईंट से कुचलकर उतारा मौत के घाट

● भरनो के मारासिली गांव की घटना, पुलिस हर पहलू से कर रही जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो थाना क्षेत्र के मारासिली गांव में सोमवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक वृद्ध की ईंट से हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव निवासी 62 वर्षीय फकड़े उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार फकड़े उरांव एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौट रहे थे। इसी दौरान शादी स्थल से कुछ दूरी पर अज्ञात हमलावरों ने उनके सिर पर ईंट से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। ग्रामीणों ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी हुई है।

# बीएलओ और सुपरवाइजरों को मिला विशेष प्रशिक्षण, मतदाता सत्यापन पर रहेगा जोर

● घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का होगा भौतिक सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा तथा मृत और स्थानांतरित मतदाताओं का सत्यापन भी किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बूथ संख्या 154 और 166 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी तेज, राजनीतिक दलों के साथ हुई समीक्षा बैठक



● 20 जून से 7 अक्टूबर तक चलेगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों और बूथ लेवल एजेंटों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि 20 जून से 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। 5 अगस्त को प्रारूप सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि 4 सितंबर तक दावा और आपत्तियां ली जाएंगी। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों से बीएलए-2 की नियुक्ति शीघ्र करने और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की अपील की।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क सिसई थाना में शांति समिति की बैठक

● अफवाहों से बचने और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिसई (गुमला)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सिसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीरज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में ताजिया जुलूस के रूट चार्ट, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। केंद्रीय मोहर्रम कमेटी ने बताया कि 26 जून की रात छारदा रोड में ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, जबकि 27 जून को दोपहर दो बजे विभिन्न अखाड़ों की सहभागिता के साथ बाजार टांड़ से मुख्य जुलूस निकलेगा।

अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और किसी भी भ्रामक संदेश को साझा नहीं करने की अपील की। साथ ही युवाओं से नशामुक्त होकर पर्व मनाने का आग्रह किया गया। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया कि जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और केंद्रीय मोहर्रम कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई



● आवास, भूमि विवाद और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान भूमि विवाद, आवास योजना, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर लोगों ने आवेदन सौंपे। उपायुक्त ने सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

# हर मंगलवार जनता की शिकायतें सुनेंगी एसडीपीओ श्रुति



● जनसुनवाई शिविर में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** अनुमंडल क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसडीपीओ श्रुति की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को चैनपुर थाना परिसर स्थित सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। एसडीपीओ ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैनपुर, डुमरी, जारी, कुरुमगढ़, रायडीह और सुरसंग थाना क्षेत्र के लोग हर मंगलवार को अपनी शिकायतें लेकर सीधे पहुंच सकते हैं। इस पहल से लोगों में प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा है।

# मुहर्रम को लेकर भरनो में प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक में सौहार्द बनाए रखने की अपील

● डीजे पर रहेगा प्रतिबंध, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**





**भरनो (गुमला)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को भरनो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अरुण कुमार सिंह, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव तथा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि मुहर्रम जुलूस में डीजे के उपयोग की अनुमति नहीं होगी और न्यायालय एवं सरकार के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने ताजिया कमेटियों से निर्धारित मार्ग और समय का पालन करने की अपील की। बैठक में विभिन्न ताजिया कमेटियों के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### सहायिका पद के लिए चयन पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शाहद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-419 में सहायिका पद के लिए चयन प्रक्रिया महिला पर्यवेक्षिका अपर्णा मिश्रा की उपस्थिति में पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। संबंधित पोषक क्षेत्र अनुसूचित जाति बहुल होने के कारण सहायिका पद के लिए इसी वर्ग से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जानकारी के अनुसार इस पद के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के दो अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया था।

# डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

● आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूरा करने को कहा गया। साथ ही शेष निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीपीओ ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

● संवेदनशील स्थलों का लिया जायजा, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब एवं गिद्धौर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किरकिरा, बरटा, गांगपुर एवं द्वारी गांव पहुंचकर मोहर्रम जुलूस के निर्धारित रूट, संवेदनशील स्थलों तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय लोगों एवं मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब ने कहा कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

# अधिकारियों के जिला मुख्यालय जाने से पंचायत समिति की समीक्षा बैठक स्थगित



● मुहर्रम के बाद होगी शेष विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड परिसर सभागार में मंगलवार को पंचायत क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक प्रमुख अनिता यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत विभिन्न विभागों की समीक्षा के साथ हुई और एक-दो विभागों की समीक्षा भी की गई।

इसी दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव एवं अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में भाग लेने के लिए चतरा रवाना हो गए, जिसके कारण समीक्षा बैठक को बीच में ही स्थगित करना पड़ा। प्रमुख अनिता यादव ने बताया कि आगामी मुहर्रम पर्व के बाद पंचायत क्रियान्वयन समिति की अगली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें शेष विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में उपप्रमुख प्रीतम यादव, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, किसान एवं गैस वितरक उपेंद्र दांगी, मनरेगा के सहायक अभियंता आनंद पांडेय सहित स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की तैयारी तेज, बीएलओ को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

● 30 जून से घर-घर जाकर भरवाए जाएंगे गणना प्रपत्र, दस्तावेज नहीं मांगने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय सिसई में बीएलओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बसिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सिसई ने की।

प्रशिक्षण में बताया गया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे तथा उसे भरने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देंगे। बीएलओ की सहायता के लिए राजनीतिक दलों के बीएलए-2 और स्वयंसेवकों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रपत्र भरवाने और उसे बीएलओ एप पर अपलोड करने के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज की मांग नहीं की जाएगी। इस अवसर पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सोमराई किंडो, निर्वाचन शाखा के सुमित केशरी, सौरभ गुप्ता सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

# समय पर बारिश बनी किसानों के लिए संजीवनी, पालकोट में बढ़ी खेती की रफ्तार

● झमाझम वर्षा से गर्मी से राहत, धान और अन्य खरीफ फसलों की तैयारी में जुटे किसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** सोमवार और मंगलवार को हुई लगातार बारिश ने पालकोट प्रखंड क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिला दिए हैं। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली है, वहीं खेती-किसानी से जुड़े ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश खरीफ फसलों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

टेंगरिया गांव के किसान प्रभात साहू ने बताया कि उन्होंने 50 किलो हाइब्रिड धान का बिचड़ा तैयार कर लिया है और लगभग 80 किलो और तैयार करना बाकी है। उन्होंने बताया कि 40 किलो लाल बादाम की बुआई भी हो चुकी है, जिसके लिए यह बारिश काफी लाभकारी साबित होगी। किसानों का कहना है कि खेतों में पर्याप्त नमी आने से अब रोपनी का कार्य भी गति पकड़ेगा। ग्रामीणों ने इस बारिश को अच्छी फसल का शुभ संकेत बताया है।

# विकसित भारत 2047 के लिए समर्पित हों युवा अधिकारी

## पीएम मोदी ने आईएएस प्रशिक्षुओं को राष्ट्र निर्माण का मंत्र दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### नागरिक केंद्रित शासन अपनाएं अधिकारी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रशासनिक फाइलों को केवल कागजी प्रक्रिया न समझें, बल्कि यह याद रखें कि हर फाइल के पीछे लाखों लोगों की आकांक्षाएं, समस्याएं और जीवन जुड़े होते हैं। उन्होंने "नागरिक देवो भव" का मंत्र देते हुए अधिकारियों से हर निर्णय के केंद्र में नागरिकों को रखने और शासन को संवेदनशील, जवाबदेह तथा समावेशी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बड़े विकासात्मक लक्ष्यों को विभागीय सीमाओं में रहकर हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है, जिससे स्थायी और प्रभावी परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2024 बैच के 183 अधिकारी प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए उन्हें विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्र निर्माण में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया। सेवा तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो वर्षों के फील्ड अनुभव और प्रशासनिक प्रशिक्षण के बाद युवा अधिकारी ऐसे महत्वपूर्ण चरण में पहुंचे हैं, जहां उनके फैसले न केवल उनके करियर बल्कि करोड़ों नागरिकों के भविष्य को भी प्रभावित करेंगे।उन्होंने कहा कि लोकसेवा की वास्तविक परीक्षा ईमानदारी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ वास्तविक परिस्थितियों का सामना करने में है। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से नवाचार, उद्देश्यपूर्ण कार्यशैली और नागरिक-केंद्रित शासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में प्रत्येक नीति और प्रशासनिक निर्णय देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में योगदान देने वाला होना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार एवं अवसर सृजन को वर्तमान समय की प्रमुख प्राथमिकताएं बताया।उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में शासन व्यवस्था प्रक्रिया-आधारित मॉडल से परिणाम-आधारित मॉडल की ओर बढ़ी है। डिजिटल गवर्नेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और तकनीक की मदद से सेवा वितरण अधिक पारदर्शी और सुगम हुआ है।डेटा आधारित प्रशासन पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आंकड़ों को केवल संख्या के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि उन्हें करोड़ों लोगों के जीवन, चुनौतियों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब मानना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से नियमित रूप से यह मूल्यांकन करने को कहा कि सरकारी नीतियां जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम दे रही हैं या नहीं।प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को अपने पद या अधिकार से नहीं, बल्कि अपने कार्यों के ठोस और मापनीय परिणामों से संतुष्टि प्राप्त करनी चाहिए।उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का भी उल्लेख किया और बताया कि वर्तमान बैच में 40 प्रतिशत से अधिक अधिकारी महिलाएं हैं।

# ड्रग माफिया के खिलाफ महाराष्ट्र में 'जीरो टॉलरेंस' : देवेंद्र फडणवीस

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मुंबई में ड्रग माफिया के खिलाफ "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति की घोषणा की है। उन्होंने विधानसभा को बताया कि राज्य सरकार ने ड्रग सिंडिकेट को खत्म करने के लिए "होल-ऑफ-गवर्नमेंट" (पूरे सरकारी तंत्र को शामिल करने वाला) दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा सहित 15 विभाग शामिल हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में आज विपक्ष ने मुंबई, पुणे और विदर्भ क्षेत्र जैसे बड़े शहरी इलाकों में नशीले पदार्थों के कथित प्रसार का मुद्दा जोर शोर से उठाया। इस पर 20 मिनट तक ज़ोरदार चर्चा हुई, जिसमें विपक्षी नेताओं ने अवैध पदार्थों के प्रसार को रोकने के लिए तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने सातारा जिले में हालिया कार्रवाई के बारे में एक महत्वपूर्ण जानकारी दी और पुष्टि की कि एक बड़े अंतर-राज्यीय एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग रैकेट के कथित सरगना सलीम डोला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जिहादी मानसिकता ही हिंदू राष्ट्र की मांग को बढ़ावा दे रही है : आचार्य

**एजेंसी। अयोध्या।** जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी। परमहंस आचार्य ने कहा कि बोर्ड को भारत के विभाजन के इतिहास को ध्यान में रखकर अपनी जानकारी दुरुस्त करनी चाहिए। जब भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान तथा बांग्लादेश बने, तब वहां हिंदुओं की संख्या कितनी थी और आज कितनी बची है, इसका अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में हिंदुओं की संख्या और मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या वृद्धि के आंकड़ों को भी देखा जाना चाहिए। परमहंस आचार्य ने कहा कि उनकी दृष्टि में कुछ लोगों की जिहादी मानसिकता के कारण ही देश में हिंदू राष्ट्र की मांग उठ रही है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगातार कम हुई है और वहां हिंदू समुदाय विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जबकि भारत में मुस्लिम समुदाय को विभिन्न संवैधानिक और सामाजिक लाभ प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा और उससे जुड़े लाभ मिलने के बावजूद कुछ संगठनों द्वारा यह आरोप लगाया जाता है कि उनके साथ अत्याचार हो रहा है। परमहंस आचार्य ने कहा कि इसी प्रकार की बयानबाजी और 'जहरीले बोल' हिंदू राष्ट्र की मांग को बल देते हैं।

# महाराष्ट्र में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी, सरकार ने दी मंजूरी

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के संबंध में रिपोर्ट तैयार करने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने को मंजूरी दे दी है। राज्य के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य में यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के पक्ष में है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति बनाने को मंजूरी दे दी है। समिति की रिपोर्ट मिलने के बाद यूसीसी लागू किया जाएगा। योगेश कदम विधानसभा में भाजपा विधायक देवयानी फरांदे द्वारा नासिक जिले में ट्रिपल तलाक के मामलों को लेकर उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। इससे पहले फरांदे ने दावा किया कि केंद्र सरकार द्वारा ट्रिपल तलाक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हो रही है।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद गौतमबुद्ध नगर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ओम कोचिंग सेंटर सील

**एजेंसी। नोएडा**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद अब प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच शुरू कर दी है। जांच अभियान के दौरान नोएडा के सेक्टर-104 में संचालित ओम कोचिंग सेंटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जांच में पाया गया कि ओम कोचिंग सेंटर बिना आवश्यक अनुमतियों के संचालित किया जा रहा था। संस्थान के पास न तो वैध पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) था और न ही अग्नि सुरक्षा विभाग की अनिवार्य फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) उपलब्ध थी। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए कोचिंग सेंटर को सील करने का निर्णय लिया। यह संयुक्त कार्रवाई जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस), सिटी मजिस्ट्रेट तथा अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की और सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।

## आज कल




## राम मंदिर चढ़ावा मामले में जांच ने पकड़ी रफ्तार

# एसआईटी ने गृह विभाग को सौंपी प्रारंभिक रिपोर्ट

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित हेरफेरी और चोरी के मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को सौंप दी है। यह रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव (गृह) एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को सौंपी गई है। हालांकि, जांच प्रक्रिया अभी जारी है और अंतिम रिपोर्ट बाद में प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मांग के बाद इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया था। लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गठित एसआईटी ने अयोध्या में छह दिनों तक रहकर मामले की गहन जांच की। जांच के दौरान एसआईटी ने मंदिर प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मियों, ट्रस्ट से संबद्ध लोगों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित पांच दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की। टीम ने चढ़ावे की गणना, उसके रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और कथित अनियमितताओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की।लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि यह एक गोपनीय जांच है और फिलहाल केवल प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। जांच से जुड़े तथ्यों और निष्कर्षों को रिपोर्ट में शामिल कर शासन को अवगत कराया गया है।उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच की कार्यवाही अभी जारी है और कई बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है।




## श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों को इस्तीफा देना चाहिए : आचार्य प्रमोद कृष्णम



**गाजियाबाद।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के दान मामले में एसआईटी की रिपोर्ट पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जब तक जांच चल रही है, नैतिकता दिखाते हुए ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों को इस्तीफा देना चाहिए और नए सिरे से ट्रस्ट का गठन होना चाहिए। राम मंदिर से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है और चंदा चोरी जैसे आरोपों से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों पर सवाल उठाए गए हैं और उनके खिलाफ गंभीर चिंताएं जाहिर की गई हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर हमारे लिए आस्था का केंद्र है। इस मामले ने करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। जब तक न्याय नहीं हो जाता, तब तक श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। न्याय तो जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि न्याय होता हुआ दिखे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मेरी अपील है कि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों का इस्तीफा स्वीकार किया जाए और ट्रस्ट का गठन नए सिरे से किया जाए।

## दृष्टिपात

### दुनिया का ध्यान भटकाने को पाकिस्तान दे रहा गीदड़ भभकी : रणधीर जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारत ने निलंबित सिंधु जल संधि पर पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ़ के "हम युद्ध करेंगे" वाले बयान की कड़ी आलोचना की। भारत ने कहा कि ये टिप्पणियां इस्लामाबाद की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की कोशिशें हैं। नई दिल्ली का यह बयान आसिफ़ की उस धमकी के कुछ ही दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान की जल सुरक्षा पर संकट आया तो वह भारत के खिलाफ़ युद्ध छेड़ देंगे। इससे पहले, भारत ने कहा था कि सिंधु जल संधि को रोके रखने का उसका फ़ैसला बदला नहीं जाएगा। मंगलवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफ़िंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री की टिप्पणियों के बारे में हमने इस मामले पर रिपोर्ट देखी हैं। ऐसी बातें पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें हैं। हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह और पूरी सख्ती के साथ खारिज करते हैं। जयसवाल ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर के मौजूदा हालात का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान की उस दशकों पुरानी नीति का सीधा नतीजा है।

### पार्टी-विरोधी गतिविधियों पर ममता ने फिरहाद हकीम समेत 8 नेताओं को पार्टी से निकाला



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में अंदरूनी कलह के बीच, पार्टी ने मंगलवार को फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास समेत 8 सीनियर नेताओं को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में बाहर निकाल दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह अनुशासनात्मक कार्रवाई नेतृत्व के बढ़ते संकट और गुटबाजी के कारण की गई है, क्योंकि कई नेता कथित तौर पर ऐसे काम कर रहे थे जो पार्टी के आधिकारिक रुख के खिलाफ थे। हकीम और बिस्वास, दोनों ही पश्चिम बंगाल सरकार और टीएमसी के ढांचे में अहम प्रशासनिक और संगठनात्मक भूमिकाएं निभा चुके हैं। पार्टी में चल रहे इस बड़े बदलाव के दौरान बाहर निकाले गए नेताओं में ये दोनों सबसे प्रमुख नाम हैं। यह घटनाक्रम पार्टी के भीतर हफ़्तों से चल रही राजनीतिक अस्थिरता के बाद हुआ है। इस दौरान असहमति के आरोप, नेतृत्व को लेकर विवाद और संगठनात्मक फ़ैसलों पर नियंत्रण के लिए अलग-अलग गुटों के दावों जैसी स्थितियां देखने को मिलीं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि इस फ़ैसले का मकसद पार्टी में आंतरिक अनुशासन बहाल करना और नेतृत्व की पकड़ मज़बूत करना है।

### श्री माता वैष्णो देवी यात्रा में तक 50.70 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**कटरा।** श्री माता वैष्णो देवी यात्रा ने इस साल एक अहम उपलब्धि हासिल की है। 22 जून तक पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। 22 जून तक कुल 50.70 लाख श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाई है। यह उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में और भी अधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वर्ष 2025 की इसी अवधि में लगभग 39.84 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। इस प्रकार यात्रा में 10.86 लाख श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। श्रद्धालुओं की संख्या में यह बढ़ोतरी देश और विदेश से आने वाले भक्तों की माता वैष्णो देवी के प्रति अटूट आस्था और श्रद्धा को दर्शाती है। यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या यह भी संकेत देती है कि श्रद्धालुओं का श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर भरोसा मजबूत हुआ है। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल एवं श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

### भूमि खरीद विवाद में घिरे मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा



**लखनऊ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमीन घोटाले से जुड़े गंभीर आरोप लगाए हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि यह मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ा कलंक है और मेरा मानना है कि हाल ही में हुआ स्टिंग ऑपरेशन अद्भुत और अकल्पनीय था। मंत्रियों के लेन-देन की पूरी जानकारी दी गई। मंत्रियों के कार्यालयों के लेन-देन का विवरण भी दिया गया। आज जिस तरह की रिपोर्ट सामने आई हैं, उससे मुख्यमंत्री पूरी तरह सवालों के घेरे में हैं।जीतू पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम ने धर्मनगरी उज्जैन को जमीन के गोरखधंधे का हिस्सा बना दिया है। उन्होंने कहा कि सीएम बताएं कि क्या ये सही है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद आपके परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों ने 137 प्लॉट खरीदकर 168 एकड़ जमीन अर्जित की। लगभग 111 एकड़ जमीनें ऐसी जगहों पर खरीदी गई, जो परियोजनाओं से प्रभावित क्षेत्र हैं। क्या ये महज संयोग है? क्या सरकार उन सारी परियोजनाओं के भूमि उपयोग परिवर्तन की सूची सार्वजनिक करेगी।

# योगी माडल के चक्कर में बुरे फंसे सम्राट चौधरी

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने अपराधियों पर नकेल के लिए पुलिस को एनकाउंटर जैसे विकल्प की छूट दी है. हालांकि भरत तिवारी के एनकाउंटर के बाद सम्राट बुरे फंस गए हैं. इसे लेकर इतना बवाल मचा हुआ है कि उन्हें न्यायिक जांच का आदेश देने को मजबूर होना पड़ा. आयोग अगर पुलिस की कमियां निकालता है तो इससे पुलिस का मनोबल कमजोर होगा. पहले से ही विपक्षी दल एनकाउंटर का विरोध कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने तो इस पर जाति का मुलम्मा ही चढ़ा दिया है।

**ओमप्रकाश अश्क**

बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी और बिहार के सम्राट चौधरी अपराध और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर समान रूप से चिंतित दिखते हैं. इस पर नियंत्रण के लिए दोनों एक्शन में हैं. दोनों के आदर्श उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं. पर, दोनों में एक फर्क साफ नजर आता है. शुभेंदु एनकाउंटर से परहेज कर रहे हैं, जबकि सम्राट चौधरी अपराधियों पर फूल-माला चढ़ाने (जैसे शव पर चढ़ाया जाता है) की बात करते हैं. इसके लिए उन्होंने पुलिस को खुली छूट दे रखी है. उनके सीएम बनने से अब करीब दर्जन भर एनकाउंटर हुए भी हैं. पुलिस की गोली से कुछ मारे गए और कई जख्मी हुए हैं. इसे लेकर राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जातीय रंग देने की कोशिश की. उनका आरोप है कि चुन-चुन कर खास जाति के अपराध कर्मियों का एनकाउंटर हो रहा है. हालांकि वे इस मुद्दे को जनाक्रोश में बदलने में नाकाम रहे. पर, भरत तिवारी का मामला स्वत:स्फूर्त जनाक्रोश में तब्दील हो गया है. जनता की नाराजगी को देखते हुए सम्राट चौधरी को बैकफुट पर आना पड़ा है. उन्हें इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### योगी की नकल कर फंस गए सीएम सम्राट

बिहार में भरत तिवारी के एनकाउंटर के बाद भारी जनाक्रोश पैदा हुआ है. बिहार के डीजीपी रहे और अभी आध्यात्मिक संत बन गए गुप्तेश्वर पांडेय तो भरत तिवारी एनकाउंटर का सारा दोष पुलिस पर मढ़ते हैं. वे कहते हैं कि जिसने कोई क्राइम नहीं किया, उसे गोली मारना कहीं से भी उचित नहीं है. यह पुलिस का अपराध है. गुप्तेश्वर पांडेय की तरह एनडीए के भी कई नेता इस पर नाराजगी जता रहे हैं. भरत तिवारी की अंत्येष्टि में जिस कदर लोगों का हुजूम उमड़ा, उससे भी जनाक्रोश का अंदाज लगाया जा सकता है. योगी आदित्यनाथ की नकल करना सम्राट चौधरी के लिए मुसीबत बन गया है।



### सम्राट चौधरी के साथ शुभेंदु की चर्चा क्यों?

देश के दूसरे मुख्यमंत्रियों को छोड़ सिर्फ 2 की चर्चा करना भले अटपटा लगता है, लेकिन इसकी एक वाजिब वजह है. दोनों गिनती के दिनों के अंतर से सीएम बने हैं. शुभेंदु अधिकारी 9 मई 2026 को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने, जबकि सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल 2026 को बिहार के सीएम पद की शपथ ली थी. दोनों दूसरे दलों से आकर भाजपा में सीएम बने हैं. दोनों करीब एक ही उम्र के भी हैं. शुभेंदु अधिकारी 1970 में जन्मे और चौधरी का जन्म 1968 में हुआ. दोनों की उम्र का फर्क सिर्फ 2 साल का है. यह भी कि दोनों के शासन वाले राज्य सीमावर्ती हैं।

### अपराधियों पर नकेल का नीतीश फार्मूला

बिहार में शासन की चर्चा नीतीश कुमार के बिना अधूरी होगी. उन्होंने अपराध से तबाह बिहार को मुक्ति दिलाने के वादे से ही सत्ता हासिल की थी. अपने पहले कार्यकाल (2005-2010) में नीतीश ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी की. बड़े अपराधी जेलों में गए, जबकि छोटे अपराधियों ने क्राम से तौबा कर लिया या बिहार छोड़ दूसरे राजयों में शिफ्ट हो गए. तब न एनकाउंटर पर आज की तरह जोर था और न इस तरह का कोई स्थापित माडल ही किसी राज्य में था. नीतीश के इस तरीके से अपराधों पर इस तरह अंकुश लगा कि बिहार के सुशासन की देश भर में चर्चा होने लगी. नीतीश को सुशासन कुमार या सुशासन बाबू तक लोग कहने लगे थे. यह नीतीश के शासन का ओरिजिनल फार्मूला था. सम्राट चौधर को शायद नीतीश से आगे निकलने की चिंता रही होगी. इसीलिए उन्होंने बिहार का आजमाया माडल छोड़ यूपी के योगी का माडल अपनाने का फैसला किया।

### बंगाल में क्रिमिनल्स के खिलाफ एक्शन

अपराधियों, असामाजिक तत्वों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शुभेंदु अधिकारी ने अभियान ही छेड़ दिया है. पाताल से बंगाल पुलिस अपराधियों को ढूंढ निकाल रही है. बम, बारूद और हथियारों का जखीरा तालाबों से भी खोज लेने में बंगाल की पुलिस सक्षम दिख रही है. तिरपाल, बाल्टी जैसी सरकारी मदद वाली सामग्री टीएमसी नेताओं के घर से बरामद कर पुलिस उन्हें अरेस्ट कर रही है. यह उसी बंगाल की पुलिस है, जिसे बीते 15 सालों में अपना यह हुनर दिखाने का मौका नहीं मिला. शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बंगाल पुलिस ने अपराधियों को पाताल से खोज कर लाने, हथियारों के जखीरे बरामद करने और टीएमसी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई तेज कर दी है. यह उसी पुलिस का रूपांतरण है, जिसके हौसले को पिछले 15 वर्षों (2011-2026) में तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पस्त कर दिया था. सरकार बदलते ही अगर पुलिस की ऐसी मुस्तैदी दिख रही है तो इसके श्रेय के असली हकदार सीएम शुभेंदु अधिकारी ही हैं. इसे ही इकबाल कहते हैं।

### बिहार में सख्ती, फिर भी अपराधी बेकाबू

बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार भी अपराधियों के खिलाफ सख्त है. पुलिस को मुख्यमंत्री ने खुली छूट दी है. अपराधियों को जेल भेजने के बजाय उनकी जान लेने (फूल-माला चढाने का यही आशय है) का आदेश सीएम सम्राट ने दे रखाा है. पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों के एनकाउंटर और उनके घरों पर बुलडोजर एक्शन की नई संस्कृति विकसित की. इसकी सफलता ने दूसरे राज्यों में भी ऐसे ही एक्शन के लिए प्रेरित किया है. आम अवाम भी योगी माडल की तारीफ करता है. यही वजह है कि सम्राट चौधरी ने बिहार में पुलिस को एनकाउंटर जैसे विकल्प की छूट दी है. हालांकि भरत तिवारी के एनकाउंटर के बाद सम्राट बुरे फंस गए हैं. इसे लेकर इतना बवाल मचा हुआ है कि सम्राट को न्यायिक जांच का आदेश देना पड़ा. आयोग अगर पुलिस की कमियां निकालता है तो इससे पुलिस का मनोबल कमजोर होगा. पहले से ही विपक्षी दल एनकाउंटर का विरोध कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने इस पर जाति का मुलम्मा भी चढ़ा दिया है.




# शिक्षा के 'तंग कसाईखानों' में कब तक बलि चढ़ेंगे हमारे कलेजे के टुकड़े?

**कृष्णमोहन सिंह/नवेन्दु सिंह**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** 22 जून की दोपहर लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी आग सिर्फ 14 मासूम छात्रों (एनिमेशन की पढ़ाई कर रहे) के शरीर को नहीं झुलसा गई, बल्कि उसने देश के मध्यमवर्गीय परिवारों के भरोसे को भस्म कर दिया। यह कोई दैवीय आपदा नहीं है, लोग कहने लगे हैं - यह सीधे-सीधे प्रशासनिक हत्या है। अफ़सरों की जेबें गरम करके तंग गलियों और बिना फायर एनओसी के चलाए जा रहे इन 'मौत के कुओं' में बच्चे पढ़ने नहीं, अपनी बलि देने जा रहे हैं।लेकिन इस तंत्र की क्रूरता सिर्फ आग की लपटों तक सीमित नहीं है। इससे भी भयानक और अदृश्य आग देश की परीक्षा प्रणालियों में लगी है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक होने, धांधली होने और फिर परीक्षा स्थगित होने के बाद से लेकर अब तक छात्रों की आत्महत्याएं, मां-बाप परिजनों का हृदय विदारक रुदन रूह कंपा देने वाला है।

### नीट के घाव: खुदकुशी के खौफनाक आंकड़े-

- **पेपर लीक से 21 जून तक :** मई में नीट परीक्षा में हुई ऐतिहासिक धांधली और पेपर लीक की खबरें सामने आने के बाद से लेकर जून के मध्य तक, अपनी पूरी जवानी किताबों में खपा देने वाले **22 से अधिक छात्रों ने** तनाव, बदनामी और दोबारा शून्य से शुरू करने के डर से मौत को गले लगा लिया।
- **21 जून और उसके बाद की हकीकत :** जब सरकार ने आनन-फानन में 21 जून को दोबारा परीक्षा कराने की घोषणा की, तो कई छात्रों का मानसिक संतुलन पूरी तरह ढह गया। बार-बार परीक्षा का दबाव और इस आशंका के बीच कि 'क्या इस बार भी पेपर निष्पक्ष होगा?', **21 जून के ठीक पहले, परीक्षा के दिन तक देश के अलग-अलग हिस्सों (विशेषकर कोटा, पटना और वाराणसी) से 11 और छात्रों की आत्महत्या की दर्दनाक खबरें आ चुकी हैं।** यानी केवल इस एक परीक्षा के चक्रव्यूह ने पिछले दो महीनों में 33 से ज्यादा युवाओं की जान ले ली।

### जब अयोग्य लोग तय करते हैं योग्यताओं का भविष्य

सबसे बड़ा और तीखा सवाल इस देश की कमान संभालने वालों पर उठता है। परीक्षा कराने वाली संस्था) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी हों, देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री हों या खुद को 'गैर-जैविक' और परमात्मा का दूत घोषित करने वाले साहब—इनमें से किसी ने भी अपने पूरे जीवन में आईआईटी-जेईई, नीट या यूपीएससी जैसी किसी भी वैश्विक या राष्ट्रीय स्तर की बेहद कठिन प्रतियोगिता परीक्षा को पास नहीं किया है।न ही इन लोगों ने कभी देश या दुनिया के किसी शीर्ष संस्थान (जैसे MIT, हार्वर्ड, IIT या AIIMS) में पढ़ाई के लिए पैर तक रखा है।जो लोग खुद कभी इस जानलेवा प्रतियोगिता के दबाव से नहीं गुजरे, जो केवल राजनीतिक रसूख और वाद (जैसे संघ और पार्टी के कोटे से चेयरमैन की कुर्सी पर बैठना) के दम पर नीति निर्माता बन बैठे हैं, वे भला उस गरीब बाप का दर्द क्या समझेंगे जो अपनी आखिरी उम्मीद, अपनी पत्नी का मंगलसूत्र बेचकर बच्चे की कोचिंग की फीस भरता है? उनके लिए ये मौतें महज 'इक्का-दुक्का घटनाएं' और 'आंकड़े' हैं, क्योंकि उनका अपना कोई बच्चा इन असुरक्षित डिब्बों में बैठकर अपनी जिंदगी दांव पर नहीं लगा रहा है।

### दस साल का महा-श्मशान: युवाओं की मौतों का कच्चा चिट्ठा

भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और हालिया स्वास्थ्य रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश में 'शिक्षा' अब ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि एक 'साइलेंट किलर' बन चुकी है।

- **बीते 10 साल में छात्र आत्महत्याएं :** पिछले एक दशक (2016-2026) में भारत में **1,15,000 से अधिक छात्रों ने** आत्महत्या की है। भारत में हर दिन औसतन 30 से अधिक छात्र अपनी जान दे रहे हैं।
- **कोचिंग हब और मेडिकल/इंजीनियरिंग का दलदल :** इस कुल संख्या में से केवल इंजीनियरिंग (JEE) और मेडिकल (NEET) की तैयारी करने वाले और इन संस्थानों में पढ़ रहे **18,000 से अधिक छात्रों ने** पिछले 10 सालों में दम तोड़ा है। अकेले कोटा (राजस्थान) में हर साल औसतन 25 से 30 बच्चे अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं।




### सूनी कोख, घुटती जिंदगी व मुआवजे की भीख

सोचिए उस मां के बारे में, जिसके कलेजे का टुकड़ा लखनऊ की आग में कोयला बन गया या जिसने नीट के रिजल्ट के बाद पंखे से लटककर जान दे दी। वह मां अब हर रोज घर के उस खाली कोने को देखती है, जहां कभी उसके बच्चे की किताबें रखी थीं। वह पिता, जिसने साहूकार से कर्ज लेते समय सोचा था कि बेटा डॉक्टर बनकर सारे दुख दूर कर देगा, अब उस खाली कमरे की दीवारों को देखकर रो भी नहीं पाता, क्योंकि बाहर कर्जदार खड़े हैं।ये मां-बाप मरते नहीं हैं, ये अगले कई सालों तक हर दिन, हर सेकंड घुट-घुट कर जिंदा लाश की तरह जीते हैं। कुछ तो इस सदमे से साल-दो साल में दिल का दौरा पड़ने या अवसाद से दम तोड़ देंगे, और जो बचेंगे वे उस कर्ज को चुकाने के लिए बुढ़ापे में दिहाड़ी मजदूरी करते हुए अपनी रीढ़ तुड़वाएंगे। और हमारी हुकूमत? वह इन अनमोल जिंदगियों की कीमत 2 लाख रुपये का मुआवजा फेंक कर लगाती है। क्या यह किसी लोकतांत्रिक देश की जनता की औकात है?

### देश जहां बच्चों को हर सुविधा देकर बिना आगे बढ़ाया जाता है

जहां भारत में शिक्षा का अंधा व्यापार हो रहा है, वहीं दुनिया के कई ऐसे देश हैं जहां सरकारें विज्ञापन नहीं करतीं, बल्कि छात्रों को भगवान मानकर उनके भविष्य को सुरक्षित करती हैं। नीचे दी गई तालिका गवाह है कि कैसे दुनिया के देश अपने बच्चों को पालते हैं:

| क्रम | देश | सर्वश्रेष्ठ संस्थान (Top University) | मुख्य विशेषता एवं प्रवेश प्रक्रिया (Admission & Fees) |
|---|---|---|---|
| 1 | जर्मनी | Technical University of Munich (TUM) | **सरकारी यूनिवर्सिटीज में ट्यूशन फीस 100% मुफ्त।** इंजीनियरिंग और AI का ग्लोबल पावरहाउस। 12वीं के बाद फाउंडेशन कोर्स या ग्रेजुएशन के बाद IELTS के जरिए सीधा प्रवेश। कोई राजनीतिक बकवास नहीं। |
| 2 | फिनलैंड | University of Helsinki | **दुनिया की सबसे तनाव-मुक्त शिक्षा प्रणाली।** कोई रैंकिंग या प्रतियोगी परीक्षा का जानलेवा दबाव नहीं। छात्र अपनी रुचि से पढ़ते हैं। वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में लगातार नंबर-1। |
| 3 | नॉर्वे | University of Oslo | **अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए भी उच्च शिक्षा पूरी तरह मुफ्त।** मेडिकल और साइंस रिसर्च का सर्वोच्च स्तर। बेहद शांत, धर्मनिरपेक्ष और पारदर्शी लोकतंत्र। |
| 4 | स्विट्जरलैंड | ETH Zurich | आइंस्टीन की कर्मभूमि। क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स में दुनिया का नेतृत्वकर्ता। **फीस बेहद कम**(लगभग ₹60,000 प्रति सेमेस्टर)। ग्रेजुएशन में बेहतरीन GPA और GRE/IELTS की आवश्यकता। |
| 5 | कनाडा | University of Toronto | AI (डीप लर्निंग) और मेडिसिन का वैश्विक हब। पढ़ाई के बाद 3 साल का वर्क परमिट और PR मिलना बेहद आसान। बहुसांस्कृतिक और समावेशी समाज। |
| 6 | नीदरलैंड | TU Delft | एयरोस्पेस और नैनो टेक्नोलॉजी में बेजोड़। यूरोप में सबसे ज्यादा कोर्सेज अंग्रेजी में उपलब्ध। सरकारें पूरी तरह प्रोग्रेसिव और विकास-उन्मुख होती हैं। |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | University of Melbourne | कोई मानसिक तनाव नहीं, बेहतरीन कैंपस लाइफ। छात्र पार्ट-टाइम जॉब के जरिए अपनी पढ़ाई और रहने का पूरा खर्च खुद निकाल सकते हैं। कड़े छात्र सुरक्षा कानून। |
| 8 | सिंगापुर | National University of Singapore (NUS) | तकनीक और बिजनेस में एशिया का सर्वोच्च संस्थान। सख्त कानून व्यवस्था और अत्यधिक सुरक्षित माहौल। सरकार पूरी तरह से केवल मेरिट (योग्यता) पर ध्यान देती है। |
| 9 | स्वीडन | Karolinska Institutet | चिकित्सा का नोबेल प्राइज तय करने वाला दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित संस्थान। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और रिसर्च इंटीग्रिटी पर विशेष ध्यान। |
| 10 | डेनमार्क | University of Copenhagen | रट्टा मार प्रणाली के बिल्कुल खिलाफ। यहाँ क्रिटिकल थिंकिंग और प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग सिखाई जाती है। पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन। |
| 11 | आयरलैंड | Trinity College Dublin | गूगल, एप्पल और फेसबुक जैसी बड़ी कंपनियों का यूरोपीय मुख्यालय। आईटी और फार्मास्यूटिकल्स के छात्रों को ग्रेजुएशन के बाद तुरंत बेहतरीन जॉब मार्केट मिलता है। |
| 12 | न्यूजीलैंड | University of Auckland | पर्यावरण विज्ञान, एनीमेशन और डेटा साइंस के लिए दुनिया का सबसे सुरक्षित और शांत वातावरण। राजनीति पूरी तरह वेलफेयर स्टेट की नीतियों पर टिकी है। |
| 13 | जापान | University of Tokyo | रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर का वैश्विक केंद्र। भारत सरकार और जापान सरकार मिलकर **MEXT Scholarship** देती हैं, जिसमें रहना-खाना-पढ़ना सब मुफ्त होता है। |
| 14 | फ्रांस | Sorbonne University | गणित, थ्योरिटिकल फिजिक्स और स्पेस साइंस के लिए विख्यात। सरकारी कॉलेजों में फीस बहुत कम है। लोकतंत्र और विचारों की आजादी को सर्वोच्च प्राथमिकता। |
| 15 | अमेरिका | MIT / Stanford / Harvard | एडवांस रिसर्च के लिए बजट का कोई मुकाबला नहीं। दुनिया के 42% वैज्ञानिक आविष्कार अकेले यहीं होते हैं। मनचाहे फील्ड में सर्वोच्च स्तर पर जाने के असीमित अवसर। |
| 16 | यूनाइटेड किंगडम | University of Cambridge / Oxford | ऐतिहासिक साख और वर्ल्ड-क्लास गाइडेंस। वैक्सीन निर्माण और जेनेटिक्स में अग्रणी। मजबूत संस्थागत ढांचा और कड़े नियम। |
| 17 | ऑस्ट्रिया | University of Vienna | चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन और विश्व-स्तरीय विश्वविद्यालय। सरकारें केवल बुनियादी ढांचे और नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा पर काम करती हैं। |
| 18 | दक्षिण कोरिया | KAIST | सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस AI का बड़ा केंद्र। यद्यपि प्रतियोगिता यहाँ भी है, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा पूरी तरह विश्व स्तरीय हैं। |
| 19 | इजराइल | Technion - Israel Institute of Tech | साइबर सिक्योरिटी, इनोवेशन और बायो-इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी। भू-राजनीतिक संघर्षों के बावजूद तकनीक और शिक्षा में यह देश अत्यधिक एडवांस है। |
| 20 | ताइवान | National Taiwan University (NTU) | माइक्रोचिप, हार्डवेयर इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी का वैश्विक हब। सरकार का पूरा ध्यान देश को तकनीकी रूप से अजेय बनाने पर केंद्रित रहता है। |

इन हालात में अगर अब भी देश की जनता धर्म, जाति और अंधविश्वास के नाम पर बहरी और अंधी बनी रही, तो याद रखिए, आज किसी और का बच्चा मरा है, कल नंबर आपके कलेजे के टुकड़े का भी हो सकता है।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए से किसानों मछुआरों और एमएसएमई को होगा बड़ा फायदा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) वास्तव में लोगों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया समझौता है, जिससे भारतीय किसानों, कारोबारियों, कारीगरों और देश भर के आम लोगों को लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "ब्रिटेन के प्रीमियम बाजार तक पहुंच मिलने से महिला उद्यमियों, युवाओं, स्टार्टअप्स और एमएसएमई के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। साथ ही यह समझौता भारत के मूल हितों से समझौता किए बिना वंचित वर्गों को भी सशक्त बनाएगा। पीयूष गोयल ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और छोटे कारोबारियों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने में मदद करेगा।

## माता खीर भवानी की यात्रा में शामिल हुए निर्वासित कश्मीरी पंडित, राजनीति

**नई दिल्ली ।** महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि कश्मीरी पंडितों को एक साझा भविष्य के निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए और अतीत को भुला देना चाहिए।



वहीं भाजपा ने कहा है कि कश्मीरी पंडित समुदाय ने जो पीड़ा और कष्ट झेले हैं, उन्हें लोगों से अतीत को भूल जाने के लिए कहकर यूं ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा कि वास्तविक मेल-मिलाप चुनिंदा बातों को याद रखने या भूल जाने से नहीं होता, बल्कि ईमानदार आत्ममंथन, वास्तविकताओं को स्वीकार करने और जहां गलतियां हुई हैं उन्हें स्वीकार करने के साहस से हासिल होता है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिला स्थित प्रसिद्ध माता खीर भवानी मंदिर की यात्रा की और वार्षिक मेले के अवसर पर वहां आए कश्मीरी पंडितों से बातचीत की।

## ट्रंप की धमकी से ईरान नाराज, अमेरिका से बातचीत रोकी : कहा- दबाव में नहीं करेंगे बात

**तेल अवीव/तेहरान ।** स्विट्जरलैंड में 21 जून को ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत ट्रंप की धमकी की वजह से खत्म हो गई। ईरानी वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा, "करीब 80 मिनट की बातचीत के बाद मुझे पता चला कि ट्रम्प ने हमारे राष्ट्रपति, हमारी वार्ता टीम और हमारे इलाके को लेकर धमकी भरे बयान दिए हैं।" गालिबाफ ने कहा कि इसके बाद ईरानी डेलिगेशन ने बैठक खत्म कर दी और वहां से चला गया। उन्होंने बताया कि बाद में अमेरिकी पक्ष ने मध्यस्थों के जरिए एक और बैठक करने की इच्छा जताई, लेकिन ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया। ईरानी टीम ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ हाथ मिलाने और संयुक्त फोटो सत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया। दरअसल, जब अमेरिका-ईरान के प्रतिनिधि बातचीत कर रहे थे, तभी ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि ईरान तुरंत लेबनान में हिजबुल्ला को परेशानी पैदा करने से रोके।




**पाकिस्तान का प्रोपेगैंडा फेल**

## भारत के सभी 36 राफेल लड़ाकू विमान कार्यरत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान के बार-बार किए जा रहे इन दावों को कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने कई राफेल फाइटर जेट खो दिए थे, भारतीय वायु सेना के एक आधिकारिक दस्तावेज़ ने एक बार फिर गलत साबित कर दिया है। इस दस्तावेज़ में अभी सर्विस में मौजूद सभी 36 राफेल जेट के पूरे बेड़े के लिए 'ब्रिज सपोर्ट' की मांग की गई है। जून में जारी और 'इंडिया टुडे' द्वारा हासिल किए गए एयर हेडक्वार्टर के 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोज़ल' (RFP) में सभी 36 राफेल फाइटर जेट के लिए पांच महीने के 'ब्रिज सपोर्ट पैकेज' के लिए बोलियां मंगाई गई हैं। यह वही संख्या है जो भारत ने 2016 में सरकार-से-सरकार के बीच हुए समझौते के तहत फ्रांस से खरीदी थी। इस दस्तावेज़ में सितंबर 2026 के बाद भी फ्लीट को चालू रखने के लिए मेंटेनेंस, लॉजिस्टिक्स और टेक्निकल सपोर्ट की मांग की गई है। पांच महीने की सपोर्ट अवधि के दौरान लगभग 2,250 फ्लाइंग आवर्स की योजना बनाई गई है। इस 'ब्रिज सपोर्ट' व्यवस्था का मकसद यह पक्का करना है कि जब तक लंबे समय के लिए सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट फाइनल नहीं हो जाता, तब तक कामकाज बिना किसी रुकावट के चलता रहे।



**ब्रिज सपोर्ट का उद्देश्य**

- लंबे समय के मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट से पहले अस्थायी व्यवस्था
- सुनिश्चित करना कि फ्लीट की ऑपरेशनल क्षमता बनी रहे

आरएफपी सीधे तौर पर पाकिस्तान के उस दावे को गलत साबित करता है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत के कई राफेल जेट नष्ट हो गए थे। अगर कोई विमान नष्ट हुआ होता, तो मेंटेनेंस प्रपोज़ल में दिखाए गए बेड़े की संख्या कम होती। पाकिस्तान ने आधिकारिक बयानों और सुनियोजित सोशल मीडिया कैंपेन के ज़रिए बार-बार दावा किया था कि उसके सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत के कई राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। भारत ने इन दावों को लगातार गलत जानकारी और दुष्प्रचार करार दिया और पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह आईएएफ के ऑपरेशन की सफलता को कमतर दिखाने के लिए प्रोपेगैंडा कैंपेन चला रहा है।

## ट्रेजरी घोटाले को दबाने का हो रहा प्रयास : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य में हुए हजारों करोड़ के ट्रेजरी घोटाले को सुनियोजित तरीके से दफन करने का प्रयास जारी है। जांच शुरू हुए दो महीनों से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक केवल छोटी मछलियों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है। प्रतुल ने कहा कि अकाउंटेंट जनरल को राज्य सरकार ने स्पेशल ऑडिट की अनुशंसा की। परंतु 2 महीने के बाद भी अकाउंटेंट जनरल के कार्यालय द्वारा मांगे गए कागजात को जमा नहीं किया गया है। यह साफ घोटाले को दफन करने की साजिश का हिस्सा है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि स्वयं राज्य के वित्त मंत्री ने स्वीकार किया था कि लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के खजाने का हिसाब नहीं मिल रहा है। ट्रेजरी घोटाले जैसे बड़े वित्तीय अनियमितता के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने वाले किसी भी ट्रेजरी पदाधिकारी को अब तक न तो हटाया गया है और न ही उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई की गई है। इससे साफ प्रतीत होता है कि सरकार बड़े दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन खातों को फ्रीज किया गया है, वे भी अत्यंत छोटे पदों पर कार्यरत लोगों से जुड़े हैं, जबकि पूरे मामले के असली बड़े रसूखदारों तक जांच की आंच पहुंचती दिखाई नहीं दे रही है। अभी तक जांच रिपोर्ट आने के भी कोई संकेत नहीं हैं। सरकार जानबूझकर मामले को लंबा खींच रही है ताकि समय के साथ यह घोटाला दब जाए और जनता का ध्यान इससे हट जाए।

### मरम्मत कार्य होने से आज कई इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

रांची। रांची शहर सहित आसपास के बड़े इलाके में बुधवार को मरम्मत कार्य को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची पूर्वी अंतर्गत 33 केवी व 11 केवी लाइन के रखरखाव व पेड़ों की डाल छटाई का कार्य सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसके कारण विजयगिरी, डोमनडीह, बंता, गोंदलीपोखर, पलांडू, थाना फीडर, जरगापइका, उलातू, चंदवे और संडी फीडर से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे विजयगिरी, रांगामाटी, रड़गांव, डोमनडीह, महेशपुर, दुलमी, डोकाद, टुटकी, लावादाग, बंता, पतराहातू, बंसिया, अनगड़ा, गेतलसूद, महेशपुर, बानादाग, सीलदाग, बेड़वारी, सीमलिया, सिरका, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, पलांडू, सरवल, जामचुवां, राजा उलातू, रामपुर, गड़के, सिदरौल, टंगरा टोली, सिंदवार टोली, प्रेस कॉलोनी, चटकपुर, टाटा रोड पेट्रोल पंप, बोंगाईबेड़ा, जरगा, घोड़लता, गंगाघाट, बूढ़ीबेड़ा, बानपुर, तापे, बड़ा उलातू, छोटा उलातू, नकवा टोली, उकरीद, गोकुल धाम, चंदवे, पंचायत भवन, बर टोला, संडी, भुसूर, खुदिया और दतमा का क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

## शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण सम्मान

# गुरुजी का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रेरणा : विस अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलन के महानायक और झारखंड की अस्मिता के प्रखर स्वर दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को लोकसेवा के क्षेत्र में मरणोपरांत 'पद्म भूषण' सम्मान से सम्मानित किए जाने पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने इसे राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया है।

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि यह सम्मान गुरुजी के त्याग, संघर्ष और समर्पण की ऐतिहासिक स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का पूरा जीवन सादगी, संघर्ष और जनसेवा की प्रेरक मिसाल रहा है।

उन्होंने कहा कि एक आंदोलनकारी से मुख्यमंत्री तक का उनका सफर जनविश्वास और जनसंघर्ष की जीवंत गाथा है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और जनता के प्रति समर्पण ने यह साबित किया कि निरंतर संघर्ष और संकल्प के बल पर ऐतिहासिक बदलाव संभव है।

रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि झारखंड के लंबे संघर्ष और आंदोलन की भावना का सम्मान है। अलग झारखंड राज्य के निर्माण और झारखंडवासियों के हक-अधिकार की लड़ाई में गुरुजी का योगदान सदैव इतिहास में अमिट रहेगा।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का संघर्ष, नेतृत्व और जनसेवा का मार्ग आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उनका जीवन झारखंड की पहचान, अधिकार और आत्मसम्मान के लिए समर्पण का प्रतीक है।

### झारखंड के लिए गौरव की बात : संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के युगपुरुष एवं दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक महान जननायक का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का सम्मान है।

### शिबू सोरेन का सम्मान झारखंडवासियों के लिए गर्व : आदित्य



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झारखंड के दिवंगत नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने इसके लिए नरेंद्र मोदी सरकार का आभार भी व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान उनके आजीवन संघर्ष, जनसेवा, आदिवासी अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उन महान विभूतियों के योगदान को उचित सम्मान दे रहा है, जिन्होंने समाज और राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाई है। यह उसी कड़ी का हिस्सा है। श्री साहू ने कहा कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी समाज की आवाज़, जननायक एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सम्मानित किया जाना समस्त झारखंडवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह सम्मान केवल स्वर्गीय शिबू सोरेन जी को ही नहीं, बल्कि झारखंड की जनजातीय अस्मिता, संघर्षशील परंपरा और गौरवशाली विरासत को भी समर्पित है। शिबू सोरेन केवल एक परिवार, एक समुदाय के नेता नहीं बल्कि पूरे झारखंड के नेता थे।

### झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे), रांची के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा मंगलवार को "उच्च शिक्षा में नैक मूल्यांकन एवं गुणवत्ता मानक : संशोधित प्रत्यायन रूपरेखा (आरएफ) से नई बाइनरी प्रत्यायन प्रणाली की ओर संक्रमण" विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा विभागाध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि एवं कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थानों को गुणवत्ता, नवाचार, शोध, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के उच्च मानकों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन केवल ग्रेड प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं है।

#### सेल के एमटीआई का 64वां स्थापना दिवस

### क्षमता निर्माण और डिजिटल लर्निंग पर हुआ मंथन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई) के 64वें स्थापना दिवस के अवसर पर 23 से 25 जून 2026 तक तीन दिवसीय 'लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) कॉन्क्लेव – ज्ञान उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में बीसीजी, एसएचआरएम और कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) सहित विभिन्न संस्थानों के करीब 150 वक्ता, प्रतिनिधि और अतिथि भाग ले रहे हैं। रांची स्थित एमटीआई परिसर में आयोजित इस ज्ञान उत्सव में सेल की विभिन्न इकाइयों के कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, प्रशिक्षण प्रमुख, एचआर एवं एल एंड डी अधिकारी भी शामिल हुए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन में सीखने की संस्कृति को मजबूत करना तथा क्षमता निर्माण की दिशा में नए आयाम स्थापित करना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एमटीआई के कार्यपालक निदेशक (एचआर-एल एंड डी) संजय धर ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्घाटन संबोधन सेल के निदेशक (कार्मिक) के.के. सिंह ने दिया। उन्होंने विश्वस्तरीय कंपनी बनने के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की सदस्य (प्रशासन) डॉ. अलका मित्तल ने 'विकसित भारत के लिए स्किलिंग' विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कौशल विकास पहलों और उन्हें सफल बनाने में सार्वजनिक उपक्रमों एवं कॉर्पोरेट संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

#### रक्षा सूचना प्रौद्योगिकी परामर्श समिति की 15वीं बैठक संपन्न

### सूचना प्रौद्योगिकी के अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर दिया जोर

**नवनी मेल संवाददाता**




**रांची/नई दिल्ली।** रक्षा सूचना प्रौद्योगिकी परामर्श समिति (डीआईटीसीसी) की 15वीं बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बदलते वैश्विक और सामरिक परिदृश्य के अनुरूप रक्षा सेवाओं में अत्याधुनिक एवं विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित सहित सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ, शिक्षाविदों तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, स्वदेशी चिप निर्माण, संप्रभु ऑपरेटिंग सिस्टम, स्वदेशी डेटाबेस तथा रक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप रणनीतिक डेटा सेंटर विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने भविष्य की युद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए उन्नत तकनीकी समाधानों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि आधुनिक युद्ध के स्वरूप में तेजी से बदलाव आ रहा है और ऐसे समय में रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में रक्षा बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाने और देश के तकनीकी विकास को नई दिशा देने वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं से रक्षा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी।

## दृष्टिपात

### रांची सिटीजन फोरम ने 13 पार्षदों को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** रांची सिटीजन फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने अपने "वार्ड पार्षद मुलाकात कार्यक्रम" के तहत अगले चरण में 13 वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें निर्वाचन पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा उनके वार्डों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड 12 के कुलभूषण डुंगडुंग, वार्ड 13 के पवन तिर्की, वार्ड 14 की अंजू देवी, वार्ड 24 के विजय कच्छप, वार्ड 26 के प्रदीप कुमार, वार्ड 30 की सोनी देवी, वार्ड 32 के संजय कुमार एवं पप्पू सिंह, वार्ड 34 के अजीत कच्छप, वार्ड 35 की रजनी लिंडा, वार्ड 44 के परमजीत सिंह, वार्ड 46 की आरती कुमारी, वार्ड 47 की कविता सांगा तथा वार्ड 48 के अमित मिंज से मुलाकात की। इसके साथ ही अब तक कुल 38 वार्ड पार्षदों से मुलाकात की जा चुकी है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को नई वैचारिक दिशा दी : आदित्य साहू



**रांची।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय एवं मुखर्जी पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इसके अलावा राज्य भर के मंडलों में भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पार्टी के वरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में उनके बहुमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए देश को एक नई वैचारिक दिशा प्रदान करने का काम किया। एक देश में 'दो विधान, दो प्रधान और दो निशान' नहीं चलेंगे के संकल्प के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनका संघर्ष और राष्ट्रहित में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। राष्ट्र की अखंडता, एकता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए उनका संघर्ष एवं समर्पण सदैव प्रेरणादायक रहेगा।

### चेन छीन भागे रहे स्नैचर की बाइक टकराई, एक पकड़ाया, दूसरा फरार

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल कॉलोनी (आईएएस क्लब) के समीप मुंडा होटल के सामने मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने एक महिला से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता से एक आरोपी पकड़ा गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अब्दुल समद नामक व्यक्ति की पत्नी दीनदयाल कॉलोनी से गुजर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे। उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया। चेन छीनने के प्रयास के बाद दोनों अपराधी तेज रफ्तार में बाइक से भाग रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों आरोपी सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना का फायदा उठाकर एक आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा स्थानीय लोगों के हत्थे चढ़ गया। आक्रोशित लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के हवाले उसे सौंप दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर हाल के दिनों में राजधानी में हुई अन्य छिनतई की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी हासिल की जा रही है।

### रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने वाला दलाल गिरफ्तार

**रांची।** अभियान उपलब्ध के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध रूप से तत्काल रेलवे टिकटों की खरीद-फरोख्त करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से तत्काल टिकट और मोबाइल बरामद किया है। 21 जून को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर आरपीएफ उपनिरीक्षक रंजीत कुमार व कर्मियों के द्वारा पीआरएस बुकिंग काउंटर रांची में विशेष जांच की गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने खुद को सुरक्षाकर्मी बताया, लेकिन कोई वैध पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। बाद में उसने अपना नाम 26 वर्षीय कृष्ण कुमार बताया। वह सुखदेव नगर रांची का रहनेवाला है। उसने स्वीकारा की अतिरिक्त राशि की लालच में वह तत्काल टिकट खरीददता था और ऊंचे दामों में जरूरतमंद यात्रियों को बेच देता था। जांच के दौरान एक व्यक्ति शंकर साहू ने बयान दर्ज कराया कि आरोपी अतिरिक्त राशि लेकर उसे तत्काल टिकट उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव दिया था। उसके बयान पर टिकट दलाल होने की पुष्टि हुई और रेलवे अधिनियम 143 के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियान में निरीक्षक शिशुपाल कुमार, उपनिरीक्षक सुनिता तिर्की, आरक्षक एमजे अंसारी, संजय महतो, अफरोज आलम मौजूद थे।

### हटिया स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार

**रांची।** हटिया स्टेशन से आरपीएफ ने मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कांटा टोली निवासी 21 वर्षीय फैयूम अंसारी के रूप में हुई। उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। पूछताछ के बाद वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। हटिया-पुणे एक्सप्रेस के यात्री शंकरी कुमारी ने ट्रेन से मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अभियान चलाकर आरोपी को पकड़ा गया और उसने अपना जुर्म भी कबूल लिया। रांची स्टेशन से अनाधिकृत रूप से बीयर ले जाते पकड़ायागुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर शाम को सीआईबी और आरपीएफ ने रांची स्टेशन में अनाधिकृत रूप से बीयर ले जाते हुए पकड़ा। आरोपी की पहचान नालंदा बिहार निवासी 26 वर्षीय निर्भय कुमार के रूप में हुई।

### हेल्थ इंश्योरेंस का झांसा देकर युवती से 8.40 लाख ठगे

**रांची।** लोअर हटिया निवासी हन्ना पूर्ति को साइबर अपराधियों ने ठगी का शिकार बनाया है। साइबर ठगों के भेजे गए लिंक को खोलते ही हन्ना पूर्ती के खाते से 8.40 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई। इस संबंध में हन्ना पूर्ती ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हन्ना पूर्ती ने पुलिस को बताया कि सात जून को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया। खुद को एक बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि क्रेडिट कार्ड में उनके हेल्थ इंश्योरेंस हुआ है। पांच हजार रुपए डेबिट करना है।

## पेज एक के शेष

### 'दिशोम गुरु' शिबू...

शिबू सोरेन तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। वह कई बार दुमका लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए और केंद्र सरकार में कोयला मंत्री भी रहे। हालांकि, उनकी सबसे बड़ी पहचान सत्ता नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आवाज के रूप में रही। उनकी राजनीतिक शैली भी अलग थी। बड़े-बड़े भाषणों की बजाय वे सीधे लोगों से संवाद करने में विश्वास रखते थे। गांवों की बैठकों, जनसभाओं और आंदोलनों के जरिए उन्होंने एक ऐसा जनाधार तैयार किया, जो कई दशकों तक कायम रहा।

### एसआईआर में किसी...

यदि वे निर्धारित गणना पत्र (इन्यूमरेशन फॉर्म) पर हस्ताक्षर कर उसे जमा कर देते हैं तो उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे।उन्होंने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि 30 जून से शुरू होने वाले घर-घर सर्वेक्षण अभियान के दौरान मतदाताओं को गणना फ़ॉर्म वितरित करते समय उनकी जानकारी का पूर्व मतदाता सूची से सही तरीके से मिलान (मैपिंग) किया जाए। इससे मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता कम होगी और पुनरीक्षण प्रक्रिया अधिक सुगम एवं प्रभावी बन सकेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मैपिंग और गणना के प्रारंभिक चरण में मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे। उन्होंने बीएलओ को विशेष सावधानी बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर सुनिश्चित किया जा सकेगा। के. रवि कुमार ने सभी अधिकारियों और बीएलओ से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

देवघर प्रवास के दौरान उनके साथ देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया, मधुपुर के अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी सागरी बराल भी उपस्थित थे। इसके अलावा मधुपुर प्रखंड के पदाधिकारी, जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के अधिकारी, संबंधित प्रखंडों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### आवासीय स्कूलों के...

वहीं, यदि कोई शिक्षक या कर्मी अपनी सेवा अवधि सामान्य रूप से पूरी करता है तो उसके द्वारा जमा की गई राशि 7.5 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस कर दी जाएगी। इससे यह योजना न केवल सुरक्षा कवच प्रदान करेगी, बल्कि एक प्रकार की बचत योजना के रूप में भी लाभदायक साबित होगी। इस बीमा योजना का लाभ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों के 5,075 शिक्षक एवं कर्मी, 2,950 बीआरपी एवं सीआरपी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के 280 कर्मचारी तथा 220 साधन सेवियों को मिलेगा। शिक्षा विभाग के इस कदम को आवासीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे उनके परिवारों को आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा मिल सकेगी।

### राज्य में 8 लाख...

पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में ऐसे मामलों की संख्या अधिक बताई जा रही है। राशन कार्ड व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने नए नियम भी लागू किए हैं। अब राशन कार्ड में नए सदस्य का नाम जोड़ने के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा। बिना सत्यापन के किसी भी नए सदस्य का नाम दर्ज नहीं किया जाएगा। सरकार ने आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से भी राशन कार्ड स्वेच्छा से सरेंडर करने की अपील की है। ऐसे लोगों में चार पहिया वाहन रखने वाले, पांच एकड़ या उससे अधिक जमीन वाले और आयकरदाता शामिल हैं। इन्हें 30 जून तक राशन कार्ड सरेंडर करने को कहा गया है। जांच में अपात्र पाए जाने पर ऐसे लाभुकों से राशि की वसूली की कार्रवाई भी की जा सकती है। वर्तमान में राज्य में 5.50 लाख से अधिक नए राशन कार्ड और नाम जोड़ने के आवेदन लंबित हैं। विभाग का कहना है कि निष्क्रिय और फर्जी कार्ड हटने के बाद पात्र परिवारों को योजना का लाभ तेजी से मिल सकेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे समय पर अपना सत्यापन पूरा कराएं और अपने दस्तावेजों को अपडेट रखें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### कमजोर मानसून का...

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि झारखंड सरकार जलवायु-अनुकूल फसलों जैसे मड़ुवा, मक्का और दलहनी फसलों को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके अलावा किसानों की आय को सुरक्षित रखने के लिए मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, लाह उत्पादन, मत्स्य पालन और वनोपज आधारित गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग : मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया कि जिन जिलों में औसत से कम वर्षा हुई है और जहां अलनीनो का असर पड़ने की आशंका है। वहां के किसानों को आर्थिक राहत देने के लिए केंद्र सरकार विशेष राहत पैकेज उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को संभावित आर्थिक संकट से उबरने में मदद मिलेगी। इस बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। मंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार ने केंद्र से 3.90 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की मांग की थी, जबकि अब तक 3.20 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध कराने पर सहमति मिली है। उन्होंने राज्य की जरूरतों को देखते हुए शेष उर्वरकों की भी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि खेती के मौसम में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### तीन अस्पतालों को...

बैठक में राज्य के पांच अस्पतालों की ओर से प्रस्तुत पंजीकरण प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। तकनीकी और कानूनी मानकों की समीक्षा के बाद समिति ने टाटा मेन हॉस्पिटल तथा आईरिस सुपर स्पेशलिटी आई केयर सेंटर को कॉर्निया ट्रांसप्लांट के लिए पांच वर्षों का पंजीकरण प्रदान करने का निर्णय लिया। वहीं एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं के साथ आई बैंक की स्थापना और संचालन की भी अनुमति दी गई। बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। हालांकि लोकनायक जयप्रकाश नारायण आई हॉस्पिटल तथा कोडरमा रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रस्तावों को आवश्यक प्रशिक्षित मानव संसाधन और उपकरण संबंधी मानकों की कमी के कारण स्वीकृति नहीं दी गई। समिति ने इन संस्थानों को निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद पुनः आवेदन करने की सलाह दी। बैठक को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण सेवाओं का विस्तार गुणवत्ता, पारदर्शिता और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य के मरीजों को प्रत्यारोपण संबंधी बेहतर और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं झारखंड में ही उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें और सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें। स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। बैठक में डॉ सिद्धार्थ सान्याल, राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के विशेषज्ञ चिकित्सक, विधि विशेषज्ञ तथा एडवाइजरी कमेटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।




## ओलंपिक दिवस पर झारखंड को बड़ी सौगात

# छह खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप में हुए शामिल

- झारखंड की **05 महिला** खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए हुआ।
- चयनित महिला खिलाड़ी: पुष्पा माझी, संदीपा कुमारी, श्रुति कुमारी, नीलम टोपनो और खिली कुमारी।
- महिला खिलाड़ियों का कैंप **5 से 18 जुलाई 2026** तक अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में होगा।
- पुरुष वर्ग में झारखंड से आशीष तानी पुर्ती का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए किया गया।
- पुरुष खिलाड़ियों का कैंप **5 से 18 जुलाई 2026** तक पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर झारखंड के खेल जगत के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हॉकी इंडिया ने आगामी यूथ हॉकी-5 एशियन चैंपियनशिप 2026 (ओमान) की तैयारी के लिए भारतीय अंडर-18 पुरुष एवं महिला टीमों के राष्ट्रीय कोचिंग कैंप हेतु खिलाड़ियों की सूची जारी की है। इसमें झारखंड के छह खिलाड़ियों को स्थान मिला है।

हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### महिला वर्ग में पांच खिलाड़ियों का चयन

रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय कैंप के लिए देशभर से 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें झारखंड की पांच खिलाड़ियों को जगह मिली है। चयनित खिलाड़ियों में पुष्पा माझी, संदीपा कुमारी, श्रुति कुमारी, नीलम टोपनो और खिली कुमारी शामिल हैं।

महिला वर्ग का राष्ट्रीय कोचिंग कैंप 5 से 18 जुलाई 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित होगा। इसके बाद चयन ट्रायल के माध्यम से भारतीय टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम 20 से 25 जुलाई तक ओमान में आयोजित होने वाली यूथ हॉकी-5 एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।

### पुरुष वर्ग में आशीष तानी पुर्ती को मौका

राजगीर में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के आधार पर राष्ट्रीय कैंप के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। झारखंड से आशीष तानी पुर्ती को कैंप के लिए आमंत्रित किया गया है। पुरुष वर्ग का राष्ट्रीय कोचिंग कैंप 5 से 18 जुलाई 2026 तक पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप भी ओमान में होने वाली यूथ हॉकी-5 एशियन चैंपियनशिप की तैयारियों का हिस्सा है।



### झारखंड की हॉकी परंपरा को मिली नई पहचान

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर झारखंड के छह खिलाड़ियों का राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन राज्य की समृद्ध हॉकी परंपरा और जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रशिक्षण का प्रमाण माना जा रहा है। विशेष रूप से महिला वर्ग में 15 में से पांच खिलाड़ियों का चयन झारखंड में हॉकी की मजबूत प्रतिभा को दर्शाता है। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाएंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश तथा झारखंड का नाम रोशन करेंगे।

## विश्व ओलंपिक दिवस पर रांची में खेल महोत्सव

# हाफ मैराथन में गुरु व ममता रहे अव्वल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय तथा जिला खेल कार्यालय, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व ओलंपिक दिवस 2026 धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित खेल महोत्सव में जिले के विभिन्न सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, खेलो इंडिया, आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों तथा जेएसएसपीएस के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 1984 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके मनोहर टोपनो थे। वहीं खेल उपनिदेशक निर्भय कुमार, खेल विभाग के उपसचिव जय प्रकाश करमाली, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, डीआरडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋतुराज और जेएसएसपीएस की पुष्पा हांसदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## विश्व योगासन प्रतियोगिता

# स्वर्ण पदक विजेता रोशन थापा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और झारखंड का नाम रोशन करने वाले योगासन खिलाड़ी रोशन थापा को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन में सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने रोशन थापा को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण बताया। रोशन थापा ने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता के वरिष्ठ 'बी' वर्ग की पारंपरिक एकल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया और विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 78 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कड़े मुकाबले के बीच रोशन थापा ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। योगासन खेल संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने राज्यपाल को अंगवस्त्र भेंट कर संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य के योगासन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की, ताकि प्रदेश से अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। मनोज तिवारी ने कहा कि रोशन थापा की उपलब्धि पूरे झारखंड के लिए प्रेरणादायक है और इससे राज्य में योगासन खेल को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उचित प्रोत्साहन मिलने पर झारखंड के खिलाड़ी भविष्य में भी देश का गौरव बढ़ाएंगे। सम्मान समारोह के दौरान रांची जिला योगासन खेल संघ की अध्यक्ष डॉ. संतोषी कुमारी तथा योगासन खेल संघ झारखंड के तकनीकी निदेशक प्रहलाद भगत भी उपस्थित रहे। रोशन थापा की इस ऐतिहासिक सफलता पर योगासन खेल संघ झारखंड के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड 25

स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अंतर्गत संविदा आधारित चयनित
विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, सीनियर हॉस्पिटल
मैनेजर एवं फाइनेंस मैनेजर का

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ० इरफान अंसारी
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, सह खाद्य, सार्वजनिक
वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, सह आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड

24 जून, 2026
पूर्वाह्न 11:30 बजे से
प्रोजेक्ट भवन, सभागार, धुर्वा, राँची



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

PR No. 383026 (Health Med Edu and Family Welfare) 2026-27